

■ जेएनयू में दो छात्र संगठनों के बीच टकराव के बाद हिंसा, कई घायल -12




■ सकारात्मक धारणा के बीच शेयर बाजार में आई तेजी सेंसेक्स 480अंक बढ़ा -12



■ प्रधानमंत्री मोदी बोले- एआई समिट में दुनिया ने देश की क्षमता को सराहा -13



■ खराब फॉर्म से जूझ रहे एक बल्लेबाज को बाहर कर सकती है भारतीय टीम -14


आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.38
सूर्यास्त 06.06

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

|कानपुर नगर|

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी 07:02 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 24 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 185, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का लंबी बीमारी के बाद निधन



**कोलकाता।** पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का रविवार देर रात यहां एक निजी अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। वह कई बीमारियों से जूझ रहे थे और पिछले दो वर्षों में कई बार अस्पताल में भर्ती रहे थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें मनोभ्रंश भी हो गया था और हाल ही में वह कोमा में चले गए थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल से दो बार राज्यसभा सदस्य रहे रॉय चार दशक लंबे राजनीतिक करियर में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और भाजपा का हिस्सा बने। उनके राजनीतिक करियर की शुरुआत युवा कांग्रेस से हुई, जिसके बाद उन्होंने ममता बनर्जी के साथ हाथ मिलाया और 1998 में कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस का गठन किया।

### निष्क्रिय पीएफ खातों में फंसे 30.52 करोड़ रुपये जल्द लौटाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सात लाख से अधिक निष्क्रिय खातों में फंसे 30.52 करोड़ रुपये जल्द ही संबंधित खाताधारकों या उनके कानूनी वारिसों को लौटाए जाएंगे। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की हाल में हुई एक समीक्षा बैठक में 7.11 लाख निष्क्रिय खातों के निपटान का निर्णय लिया गया। इनमें से हरेक खाते में 1,000 रुपये या उससे भी कम राशि शेष है। ईपीएफओ का वह खाता निष्क्रिय माना जाता है, जिसमें 36 महीने से अधिक समय तक कर्मचारी या नियोक्ता की ओर से कोई अंशदान जमा नहीं हुआ हो।

### लोकसभा अध्यक्ष ने 64 देशों के संसदीय मैत्री समूहों का किया गठन

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को 64 देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया, जिनमें सत्तापक्ष के साथ विपक्ष के कई प्रमुख नेताओं को शामिल किया गया है। बिरला ने यह कदम उस वक्त उठाया जब विपक्ष द्वारा उन्हें पद से हटाने का प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह गठन वैश्विक लोकतांत्रिक संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री मोदी की बहुदलीय पहल को आगे बढ़ाते हुए संसदीय मैत्री समूहों को औपचारिक स्वरूप दिया।

### नेपाल में नदी में बस गिरी, 17 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के धाडिंग जिले में गजुरी के पास रविवार देर रात एक यात्री बस के त्रिशूली नदी में गिर जाने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। सशस्त्र पुलिस बल के प्रवक्ता बिष्णु प्रसाद भट्ट के अनुसार, पोखरा से काठमांडू आ रही बस रविवार देर रात डेढ़ बजे काठमांडू से 90 किलोमीटर पश्चिम में पृथ्वी राजमार्ग पर त्रिशूली नदी में जा गिरी, जिससे कई यात्री हताहत हो गए। भट्ट ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 17 शव बरामद किए गए हैं और बस से 28 घायल यात्रियों को निकाला गया। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बचाव कार्य में नेपाल सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस के कर्मियों को लगाया गया है। हादसे में मारे गए लोगों में एक पुरुष यात्री न्यूजीलैंड का था। घटना में घायल लोगों में जापान और नीदरलैंड की एक-एक महिला शामिल है।

### गिरफ्तारी का विरोध नहीं करूंगा : अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को कहा कि यौन शोषण के मुकदमे में अगर पुलिस उन्हें गिरफ्तार करती है तो वह उसका विरोध नहीं करेंगे। कहा कि जनता, स्वयं का हृदय और ईश्वर तीनों ही 'अदालतों' से उन्हें क्लीन चिट मिल चुकी है इसलिए उन्हें कोई भय नहीं है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, उनके शिष्य तथा दो-तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ अदालत के आदेश पर शनिवार देर रात किशोरवय लड़कों के यौन शोषण के आरोप में प्रयागराज के झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# पिता की हत्या करने के बाद शव के किए टुकड़े, नीले ड्रम में छिपाया धड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- राइफल से गोली मारने वाले हत्यारोपी बेटे ने पिता की दर्ज कराई थी गुमशुदगी रिपोर्ट
- पुलिस ने तीन दिन बाद हत्या का किया खुलासा, आरोपी बेटा गिरफ्तार

**अमृत विचार:** आशियाना के सेक्टर-एल निवासी मानवेंद्र प्रताप सिंह (49) की हत्या उनके बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने गोली मारकर शुक्रवार को कर दी। हत्या के बाद शव के टुकड़े कर धड़ को नीले ड्रम में डाल दिया, बाद में ड्रम को घर के नीचले हिस्से में छिपा दिया।

इसके बाद खुद आशियाना थाने पहुंचकर पिता की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस परिजन से लगातार पूछताछ कर रही थी। सोमवार देर शाम को घर की तलाश के दौरान नीले ड्रम से शव बरामद किया। शरीर के कुछ हिस्से पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। बेटे द्वारा पिता की हत्या की बात कुबूल करने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

मौके पर फॉरेंसिक टीम पहुंची है। साक्ष्य जुटा रही है। डीसीपी मध्य विक्रांत वीर के मुताबिक आशियाना निवासी मानवेंद्र प्रताप सिंह पैथालॉजी संचालक है। साथ में शराब का भी कारोबार करते हैं। पुलिस के मुताबिक उनके बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने थाने में 20 फरवरी को पिता के लापता होने की सूचना दर्ज कराई थी। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू किया। परिजन से पूछताछ शुरू की तो सभी ने गायब होने की बात कही। पूछताछ के दौरान अक्षत ने कई बार अपना बयान बदला। संदेह गहराने के बाद पुलिस ने सोमवार को अक्षय से सख्ती से पूछताछ शुरू की तो उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया।

### शुक्रवार सुबह 4.30 बजे की थी पिता की हत्या



मृतक मानवेंद्र प्रताप

एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल के मुताबिक मानवेंद्र और उनके बेटे अक्षत प्रताप के बीच शुक्रवार सुबह 4.30 बजे किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद के दौरान गुस्से में अक्षत ने पिता मानवेंद्र को राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने शव को तीसरी मंजिल से भूतल पर लेकर आया। जहां खाली कमरे में नीले ड्रम में डालने की कोशिश की। असफल होने पर शरीर के दो टुकड़े किए एक हिस्सा नीले ड्रम में डाला। बचे हिस्सों के टुकड़े कर अलग-अलग स्थान पर फेंक दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके का साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिया। पुलिस आसपास के क्षेत्रों और बताए गए स्थानों पर भी जांच कर रही है।

### पुलिस को गुमराह करने को गढ़ी झूठी कहानी



हत्यारोपी अक्षत

इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक अक्षत काफी शातिर है। उसने पिता की हत्या के बाद लापता होने की झूठी कहानी गढ़ी। अपनी लिखित शिकायत में कहा कि उसके पिता 20 फरवरी को सुबह दिल्ली जाने और 21 फरवरी की दोपहर दो बजे वापस आने की बात कही थी। पिता के तीनों मोबाइल नंबर बंद आ रहे है। अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। आशियाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की। इसी बीच हत्या का खुलासा हुआ। आरोपी अक्षत को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। तो उसने पूरी घटना कुबूल कर ली है। पुलिस शव के टुकड़ों की तलाश में अक्षत को लेकर कर रही है।

> पिता मानवेंद्र बेटे अक्षत पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने को कहते थे। जिसे लेकर दोनों में विवाद होता था। गुस्से में आकर अक्षत ने राइफल से गोली मारकर पिता की हत्या कर दी। मृतक के हाथ-पैर को आरोपित बेटे ने अन्यत्र स्थल पर फेंक दिया। घटनास्थल से फोरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन करा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पिता की हत्या करने की बात कुबूल करने के बाद आरोपी अक्षत को हिरासत में ले लिया गया है।
>
> -विक्रांत वीर, डीसीपी मध्य जोन, लखनऊ

# योगी के सिंगापुर दौरे की सफल शुरुआत पहले दिन ही 19,877 करोड़ के एमओयू

## मुख्यमंत्री ने विदेशी धरती पर किया उत्तर प्रदेश में निवेश का ऐतिहासिक आगाज

- बड़े पैमाने पर रोजगार और तकनीकी क्षमता विस्तार का मार्ग प्रशस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के पहले ही दिन प्रदेश को बड़े निवेश का भरोसा मिला है। विभिन्न वैश्विक निवेश समूहों के साथ कुल 19,877 करोड़ रुपये के निवेश पर सहमति बनी। ये समझौते प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने, डिजिटल और हरित अवसंरचना को मजबूत करने समेत बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। निवेश के साथ कौशल विकास को लेकर वैश्विक सहयोग और तकनीकी शिक्षा पर खास फोकस रहा।

प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित करने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री योगी के सिंगापुर दौरे का पहला दिन सोमवार बेहद सफल रहा। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश सरकार पारदर्शी नीतियों, त्वरित निर्णय प्रक्रिया और निवेशक-अनुकूल माहौल के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सिंगापुर की शीर्ष संप्रभु व निजी निवेश संस्थाओं, बैंकिंग समूहों और कौशल विकास संस्थानों के साथ एक के बाद एक महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों में अवसंरचना, लॉजिस्टिक्स, डेटा सेंटर, ग्रीन एनर्जी, शहरी विकास और कौशल प्रशिक्षण जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों में दीर्घकालिक साझेदारी पर गहन चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने निवेशकों के समक्ष प्रदेश की नीतिगत स्थिरता, मजबूत कानून-व्यवस्था, विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर नीति और तेजी से विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स हब को रेखांकित किया। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत पारदर्शी, त्वरित और निवेशक-अनुकूल वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश आज निवेश के लिए सबसे भरोसेमंद गंतव्य बन चुका है। हमारी नीतिगत स्थिरता, बेहतर कनेक्टिविटी और पारदर्शी व्यवस्था पर वैश्विक निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। ये एमओयू प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और तकनीक के नए अवसर खोलेंगे।



सिंगापुर में एमओयू साइन किए जाने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### प्रमुख प्रभाव

- 20 हजार से अधिक रोजगार के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष अवसर
- उप्र को नेशनल डेटा सेंटर हब के रूप में मजबूती
- ग्रीन एनर्जी और क्लाइमेट-फ्रेंडली निवेश को बढ़ावा
- डिजिटल इकोनॉमी और शहरी विकास को नई गति
- युवाओं के लिए कौशल, तकनीक व रोजगार के अवसर

### कौन कंपनी करेगी कितना निवेश

**यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप- 6,650 करोड़**
ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स पार्क, डेटा सेंटर परियोजनाएं

**गोल्डन स्टेट कैपिटल (जीएससी)- आठ हजार करोड़**
100 मेगावाट क्षमता का डेटा सेंटर

**पीआईडीजी: 2,500 करोड़**
रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, एग्री-पीवी परियोजनाएं

**एवीपीएन- 2,727 करोड़**
नवीकरणीय ऊर्जा, एग्री-पीवी सेक्टर

### कौशल विकास को सहयोग

- आईटीई एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस) के साथ समझौता
- तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा (टीवीईटी) को मिलेगा वैश्विक समर्थन
- प्रशिक्षण अवसंरचना, क्षमता निर्माण, गुणवत्ता आश्वासन और अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन पर सहयोग
- उद्योगों की जरूरत के अनुसार इंडस्ट्री-रेडी मैनपावर तैयार करने पर फोकस

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस पलटी, छह की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।



एक्सप्रेस-वे से बस को हटाती क्रेन।

- 41 से अधिक घायल, 15 की हालत नाजुक, ट्रामा सेंटर में भर्ती
- लुधियाना से दरभंगा जा रही थी बस, सोमवार शाम हुआ हादसा

**अमृत विचारः** गोसाईंगंज स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार शाम को बेकाबू डबल डेकर बस पलट गई। हादसे में छह यात्रियों की मौत हो गई। वहीं, 41 लोग घायल हो गए, जिसमें 15 की हालत नाजुक है। जिनको ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया। मामूली रुप से घायलों को पीजीआई एपेक्स ट्रामा-2, सिविल अस्पताल समेत कई अस्पतालों में भेजा गया है। हादसा स्थल पर पुलिस टीम, आरटीओ व प्रशासन की टीम जांच में जुट गई है।


लुधियाना से दरभंगा के लिए डबल डेकर स्लीपर बस रविवार शाम करीब 4:30 बजे निकली थी। यात्रियों के मुताबिक बस लखनऊ होते हुए दरभंगा जा रही थी। बस में 100 से अधिक यात्री सवार थे। गोसाईंगंज इलाके में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा से करीब दो किलोमीटर आगे बस तेज रफ्तार में लहराने लगी। इससे पहले यात्री कुछ कर पाते, बस सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग से टकराकर पलट गई। आसपास के इलाके में रहने वाले लोग मदद के लिए पहुंचे।

### खिड़की के शीशे तोड़ निकाले गए यात्री

हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीण बस का शीशा तोड़कर यात्रियों को बाहर निकालने में जुट गए। पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शी अंश के मुताबिक बस पलटने के बाद चीख-पुकार मच गई। वहीं कुछ यात्री बस की खिड़की से लटके दिखाई दे रहे थे। हादसे के बाद चालक व परिचालक मौके से भाग निकले। दक्षिणी जोन के डीसीपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान कराई जा रही है।

# भूमि अधिग्रहण : 2018 से पूर्व के केस अब नहीं खुलेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



- ब्याज सहित मुआवजा देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मौखिक टिप्पणी की कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिनियम के तहत जिन किसानों की जमीन अधिगृहीत की गई थी, उन्हें ब्याज सहित मुआवजा देने के लिए 2018 से पहले के भूमि अधिग्रहण मामलों को फिर से नहीं खोला जा सकता। यह टिप्पणी सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की विशेष पीठ ने एनएचएआई की उस याचिका पर खुली अदालत में सुनवाई शुरू करते समय की जिसमें एनएचएआई ने न्यायालय के 2019 के फैसले की समीक्षा का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत ने 2019 में कहा था कि एनएचएआई अधिनियम के तहत जिन किसानों की जमीन अधिगृहीत की गई, उन्हें ब्याज सहित मुआवजा देने का फैसला पूर्वव्यापी रूप से लागू होगा।

एनएचएआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 2019 के फैसले से भारी वित्तीय बोझ (लगभग 32,000 करोड़ रुपये) पड़ेगा और यह केवल भावी प्रभाव से लागू होना चाहिए। पीठ ने पहले इसे खारिज करते हुए कहा था कि ऐसे लाभ से वंचित करना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन करता है। मेहता ने कहा, शायद आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि यह 100 करोड़ रुपये की रकम थी। एक अन्य फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा है कि निपटाए गए किसी भी मामले को दोबारा नहीं खोला जाएगा। सीजेआई ने कहा, 'कट-ऑफ' (अंतिम) तिथि 2008 की प्रतीत होती है, बशर्ते दावे तब लंबित रहे हों। 2018 से पहले के मामले फिर से नहीं खोले जा सकते। जो मामले 2008 में लंबित थे, वे आगे भी जारी रहेंगे।

### भ्रूण हत्या सामाजिक बुराई का उदाहरण

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि महिलाओं, विशेषकर बालिकाओं के खिलाफ भेदभाव देश के कई हिस्सों में व्यापक रूप से प्रचलित है और कन्या भ्रूण हत्या इस सामाजिक बुराई का एक क्रूर उदाहरण है। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने गुरुग्राम के एक रेडियोलॉजिस्ट के खिलाफ गर्भाधान पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक के मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया।

## भारत ने अपने नागरिकों से कहा- तुरंत छोड़ दें ईरान

**नई दिल्ली।** ईरान में बढ़ते तनाव और अमेरिकी हमले की आशंका के बीच भारत ने सोमवार को ईरान में रह रहे अपने सभी नागरिकों को सलाह दी है वे तुरंत वहां से देश को छोड़कर बाहर निकल जाएं। तेहरान में नए सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू होने पर भारतीय दूतावास ने नया परामर्श जारी किया है।

ईरान के कई विश्वविद्यालयों में छात्रों ने सरकार विरोधी प्रदर्शन किए, जो पिछले महीने तेहरान द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई क्रूर कार्रवाई के बाद इस तरह का पहला आंदोलन था।

# निजी विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहन स्टांप शुल्क में छूट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना, भूमि रजिस्ट्री पर 20 से 50 प्रतिशत तक छूट
- निजी विश्वविद्यालयों, बहुविषयक उच्च शिक्षण व अनुसंधान केंद्रों की स्थापना आसान

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अधिसूचना जारी कर स्टांप शुल्क में बड़ी राहत लागू कर दी है। उप्र उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 के तहत निजी विश्वविद्यालयों और बहुविषयक उच्च शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों को भूमि रजिस्ट्री पर आंशिक स्टांप शुल्क पर छूट मिलेगी। यह आदेश सोमवार को राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगा।

स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया है कि संशोधित भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 की धारा-9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्यपाल ने नीति के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं को यह राहत दी है। यह छूट विशेष रूप से उन जिलों में लागू होगी, जहां अब तक कोई बहुविषयक विश्वविद्यालय या अनुसंधान संस्थान स्थापित नहीं है।

### भूमि लागत के अनुसार छूट की व्यवस्था

अधिसूचना के मुताबिक, एक करोड़ से 50 करोड़ रुपये की भूमि लागत पर अधिकतम 50 प्रतिशत, 50 करोड़ से 150 करोड़ की भूमि लागत पर 30 प्रतिशत और 150 करोड़ से अधिक की भूमि लागत पर 20 प्रतिशत तक स्टांप शुल्क में छूट दी जाएगी। छूट की गणना पंजीकृत दस्तावेजों में अंकित वास्तविक भूमि मूल्य के आधार पर की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से राज्य में निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, नए विश्वविद्यालयों की स्थापना को गति मिलेगी और युवाओं को उत्तर प्रदेश में ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

**दिल्ली हाईकोर्ट की दो टूक** | गृहिणी का श्रम कमाने वाले जीवनसाथी को प्रभावी ढंग से कार्य करने में बनाता है सक्षम

# घर पर बैठी पत्नी खाली नहीं... गृहकार्य की अनदेखी नाइंसाफी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने घर पर खाली बैठी पत्नी की धारणा को खारिज करते हुए कहा है कि एक गृहिणी का श्रम कमाने वाले जीवनसाथी को प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम बनाता है, और भरण-पोषण की राशि तय करते समय उसके योगदान को नजरअंदाज करना अन्यायपूर्ण है।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता ने टिप्पणी की कि पत्नी के रोजगार में नहीं होने को खाली बैठे होने या जानबूझकर निर्भरता के समकक्ष नहीं माना जा सकता है। भरण-पोषण का निर्धारण करते समय, कानून को न केवल वित्तीय आय को बल्कि विवाह के के अस्तित्व में रहने के दौरान घर और घरेलू संबंधों में उसके योगदान के आर्थिक मूल्य को भी मान्यता देनी चाहिए।

हाईकोर्ट ने 16 फरवरी को पारित आदेश में कहा, रोजगार में न होने को खाली बैठा होना कह देना आसान है, लेकिन एक घर को चलाने और संभालने में लगने वाले श्रम को मान्यता देना कहीं अधिक कठिन है। पीठ ने कहा, एक गृहिणी खाली नहीं बैठती, वह ऐसा श्रम करती है जिससे कमाने वाला पति प्रभावी ढंग से कार्य कर सके। भरण-पोषण के दावों का निर्णय करते समय इस योगदान की उपेक्षा करना अवास्तविक और अन्यायपूर्ण होगा।




### मजिस्ट्रेट अदालत ने अंतरिम गुजारा भत्ता देने से किया था इंकार

मजिस्ट्रेट अदालत ने महिला को अंतरिम गुजारा भत्ता देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि वह शारीरिक रूप से स्वस्थ और शिक्षित है, लेकिन उसने नौकरी न करने का विकल्प चुना है। अपीलीय अदालत ने भी पत्नी को कोई राहत नहीं दी। मामले के पक्षकारों का विवाह 2012 में हुआ था और आरोप है कि पति ने 2020 में पत्नी और उनके नाबालिग बेटे को छोड़ दिया था। पति ने उच्च न्यायालय में दलील दी थी कि पत्नी निष्क्रिय नहीं बैठ सकती और भरण-पोषण की मांग नहीं कर सकती, जबकि वह कमाने में सक्षम है और वह अपने नाबालिग बच्चे की शिक्षा का खर्च वहन कर रहा है।

### हाईकोर्ट ने कहा- केवल कमाने की क्षमता भरण-पोषण से इनकार करने का आधार नहीं

हाईकोर्ट ने कहा कि कमाने की क्षमता और वास्तविक कमाई अलग-अलग अवधारणाएं हैं, और स्थापित कानून के अनुसार, केवल कमाने की क्षमता भरण-पोषण से इनकार करने का आधार नहीं है। जो महिलाएं काम कर सकती हैं उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, लेकिन केवल इस आधार पर भरण-पोषण से इनकार करना कि वह कमाने में सक्षम है और उसे अपने पति पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, एक त्रुटिपूर्ण दृष्टिकोण है।

# गोधन समागम में प्रदेश के 112 सर्वाधिक दुग्ध उत्पादक सम्मानित

## गोकुल और नंदबाबा पुरस्कार से नवाजे गए दुग्ध उत्पादक, महिला सहभागिता भी बनी मिसाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में दुग्ध उत्पादन, गौ-संवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को आयोजित गोधन समागम–2026 राज्य स्तरीय सम्मान और नीति संकल्प का सशक्त मंच बना। कार्यक्रम में पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने वर्ष 2024-25 के दौरान सर्वाधिक दुग्ध आपूर्ति और उत्पादन करने वाले कुल 112 दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर 63 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार और 49 दुग्ध उत्पादकों को नंदबाबा पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी पुरस्कृत दुग्ध उत्पादकों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण-पत्र और पुरस्कार राशि देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही निराश्रित गोवंश संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हरदोई, अलीगढ़, अमरोहा, जालौन और रायबरेली जनपदों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

- पुरस्कृत दुग्ध उत्पादकों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण-पत्र और पुरस्कार राशि देकर किया गया प्रोत्साहित



लखनऊ में आयोजित गोधन समागम में सर्वश्रेष्ठ दुग्ध उत्पादकों को सम्मानित करते मंत्री धर्मपाल सिंह।

कार्यक्रम में गोकुल पुरस्कार के अंतर्गत वरुण सिंह (वेलवा मोती समिति, लखीमपुर खीरी) को 1,81,272 लीटर दुग्ध आपूर्ति के लिए राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार और वीरेंद्र सिंह (दुग्ध समिति ठेरई, आगरा) को 1,10,693.50 लीटर दुग्ध आपूर्ति के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इन्हें क्रमशः 2 लाख और 1.50 लाख की पुरस्कार राशि दी गई। नंदबाबा पुरस्कार के तहत अरुण कुमार (दुग्ध समिति हमीरपुर, रामपुर) को 19,066 लीटर दुग्ध आपूर्ति के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार और 51 हजार की राशि दी गई। मंत्री ने बताया कि पुरस्कृत 112 दुग्ध उत्पादकों में 25 महिलाएं शामिल हैं, जो दुग्ध उत्पादन क्षेत्र में महिला सहभागिता का सशक्त उदाहरण है। नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत 1000 करोड़ की लागत से प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत अब तक 10,000 पशुपालक लाभान्वित हुए हैं।

# किसानों को दिन में नियमित मिल सकेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए दिन में नियमित बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार ने अहम पहल की है। योजना के अनुसार कार्य पूर्ण होने पर लगभग 3.67 लाख कृषि उपभोक्ताओं को दिन के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत अब तक 1708.1 मेगावाट क्षमता के 581 पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) को मंजूरी दी जा चुकी है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक, इस योजना में केंद्र सरकार अधिकतम 1.05 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट और राज्य सरकार 50 लाख रुपये प्रति मेगावाट की सहायता दे रही है। कुल मिलाकर प्रति मेगावाट 1.55 करोड़ रुपये तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। कौशांबी और बिजनौर में लगभग 3.3 मेगावाट की पायलट परियोजनाएं स्थापित की गई हैं। प्रधानमंत्री कुसुम सी-2 के तहत कृषि फीडरों के सोलराइजेशन से डिस्कॉम को भी वित्तीय राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय स्तर पर सौर ऊर्जा उत्पादन बढ़ने से सब्सिडी भार कम होगा और महंगी बिजली खरीद की आवश्यकता घटेगी।

- पीएम-कुसुम योजना के तहत 1708 मेगावाट क्षमता के 581 प्रस्तावों को मिली हरी झंडी

## न्यूज ब्रीफ

### गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट न हो



बैठक करते मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

**अमृत विचार, लखनऊ :** गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट न हो, इसके लिए राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके लिए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक इंजीनियर रोजाना कम से कम 10 ग्राम प्रधानों से संवाद कर जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी ले और किसी भी शिकायत का तत्काल समाधान सुनिश्चित करे। जलशक्ति मंत्री सोमवार को जल निगम (ग्रामीण) मुख्यालय में जल जीवन मिशन एवं राज्य ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, वहां गुणवत्ता के साथ मरम्मत कार्य समय से पूरा हो। कमी पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### नीट पीजी काउंसिलिंग की मेरिट सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट पीजी की स्ट्रे राउंड काउंसिलिंग के माध्यम से सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में रिक्त एमडी–एमएस सीटों और डीएनबी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 1500 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। इनमें एमडी–एमएस कोर्स के लिए 1409 तथा डीएनबी के लिए 91 अभ्यर्थियों को मेरिट सूची में स्थान मिला है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को कल मंगलवार से मेडिकल कॉलेजों में रिक्त सीटों के लिए अपनी कॉलेज प्राथमिकताओं का विकल्प देना होगा । मालूम हो कि स्ट्रे राउंड उन सीटों के लिए आयोजित किया जाता है जो पूर्व की तीन काउंसिलिंग के बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं।

### होली पर एसएचजी उत्पादों को बढ़ावा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीआरएलएम) ने होली के अवसर पर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए राज्यव्यापी अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत गुलाल–अबीर, पापड़, चिप्स, मिठाइयां, अगरबत्ती और हस्तशिल्प सहित विभिन्न स्थानीय उत्पादों के लिए सभी जिलों में विकास भवन, कलेक्ट्रेट और तहसीलों में बिक्री काउंटर लगाए जा रहे हैं।

# न कर्फ्यू, न दंगा, अब यूपी में सब चंगा

## सिंगापुर में भारतीय समुदाय के लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सिंगापुर में बसे भारतीय समुदाय के लोगों के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरी तस्वीर प्रस्तुत की। कहा कि अब उत्तर प्रदेश में न कर्फ्यू है, न दंगा, अब उत्तर प्रदेश में सब चंगा है। मुख्यमंत्री ने निवेश, पर्यटन और औद्योगिक साझेदारी के लिए सभी को उत्तर प्रदेश आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि आने वाला समय प्रदेश के लिए और अधिक संभावनाओं से भरा है।

सिंगापुर में वैश्विक निवेशकों से सोमवार सुबह से चली बैठकों के बाद मुख्यमंत्री वहां बसे भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे। लोगों को आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश आज जिस परिवर्तन का साक्षी है, वह बीते नौ वर्षों की प्रतिबद्धता, सुशासन और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने स्मरण कराया कि कभी दंगे, असुरक्षा और अराजकता जिसकी पहचान बन गए थे, वही प्रदेश आज कानून-व्यवस्था, निवेश और विकास का मॉडल बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जमीनी धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करते हुए उत्तर प्रदेश ने 'विरासत और विकास' का संतुलित और प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक मर्यादा और आत्मगौरव का प्रतीक है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास हमारी शाश्वत परंपरा को आधुनिक स्वरूप में स्थापित करता है।

- रखा नए यूपी का विजन, प्रस्तुत की विरासत और विकास के संगम की पूरी तस्वीर

योगी ने कहा कि शीघ्र ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित होगा।


इस अवसर पर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ''नंदी'', अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त और एसीएस वित्त दीपक कुमार, सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक एन अंबुले और ग्लोबल इंडियन स्कूल के संस्थापक अतुल समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 9 वर्ष में तीन गुनी हुई यूपी की अर्थव्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी सोच और रणनीतिक क्रियान्वयन का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था बीते नौ वर्षों में तीन गुना हुई है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी लगभग तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में 34 से अधिक सेक्टोरल नीतियां लागू हैं। 75,000 एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है। क्लस्टर आधारित औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए हैं। निर्बाध विद्युत आपूर्ति और सुदृढ़ कानून–व्यवस्था निवेश के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही हैं। आज भारत में बनने वाले मोबाइल फोन का लगभग 55 प्रतिशत तथा इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स का करीब 60 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। अब प्रदेश का प्रत्येक नागरिक शांतिपूर्वक विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है।

### सिंगापुर में गूंजा नारा- योगी हैं तो यूपी है

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सिंगापुर में सोमवार को अपने बीच पाकर प्रवासी भारतीय समुदाय उत्साह से भर उठा। कार्यक्रम स्थल पर लगातार तालियों की गूंज और ''योगी हैं तो यूपी है'' के नारों ने वातावरण को ऊर्जा और भावनाओं से भर दिया। कार्यक्रम में उस समय माहौल भावुक हो गया, जब सिंगापुर में रह रहीं भारतीय मूल की स्वाति ने मुख्यमंत्री को 'भैया' कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा मिला है। स्वाति ने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश की महिलाओं की ओर से आपको भैया कहती हूं। कार्यक्रम के दौरान एक बच्ची मुख्यमंत्री का हाथ से बनाया स्केच लेकर मंच तक पहुंची। मुख्यमंत्री ने मुस्कराते हुए उस स्केच पर अपना ऑटोग्राफ दिया। वहीं, एक महिला ने मुख्यमंत्री की कलाई पर रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर स्नेह और सम्मान व्यक्त किया। इन पलों ने पूरे आयोजन को पारिवारिक और भावनात्मक स्वरूप दे दिया। इस अवसर पर ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक ने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनमें उन्हें सिंगापुर के संस्थापक और प्रथम प्रधानमंत्री ली क्वान यू की प्रतिछाया दिखाई देती है।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी को हाथ से बनाया स्केच भेंट करती बच्ची।

# आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश में अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रमुख संस्थानों के साथ ही भीड़भाड़, मिश्रित आबादी वाले इलाकों में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क
- पाकिस्तान व बांग्लादेश की जाने वाली संदिग्ध कॉल पर भी बढ़ी निगरानी

**अमृत विचार:** दिल्ली में आतंकी संगठन लश्कर के संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश भर में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके तहत प्रदेश के प्रमुख संस्थानों के साथ ही भीड़भाड़ और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है, वहीं पाकिस्तान और बांग्लादेश को की जाने वाले संदिग्ध काल पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

दिल्ली में बीते दिन गिरफ्तार लश्कर के संदिग्ध आतंकियों ने कबूल किया है कि आईएसआई के इशारे पर चार महानगरों को निशाना बनाने की योजना थी। क्योंकि उत्तर प्रदेश से दिल्ली सटा हुआ है। इसके चलते पश्चिमी यूपी के साथ प्रदेश भर को अलर्ट कर दिया गया है। होली का पर्व निकट है, वहीं रमजान चल रहे हैं। ऐसे में आशंका व्यक्त की जा रही है कि असामाजिक तत्व दोनों पक्षों में वैमनस्य फैलाने के लिए गलत हरकतें कर सकते हैं। इसके चलते घनी और मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर विशेष तौर पर नजर रखने को कहा गया है। घनी आबादी वाले इलाकों में जो भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे, उसकी सूचना निकट की पुलिस चौकी या थाने पर देने की अपेक्षा की गई है। इसके साथ ही ट्रेनों और बसों के साथ ही होटल और ढाबों पर भी चौकसी बरतने का निर्देश दिए गए हैं।

### बार-बार विदेश यात्रा करने वाले रडार पर

पिछले कुछ दिनों में लगातार विदेश यात्रा करने वाले लोगों को भी खुफिया टीमों ने रडार पर ले लिया है। उनमें भी वह लोगों पर अधिक फोकस है, जिन्होंने पाकिस्तान और बांग्लादेश की यात्रा की हैं। इसके साथ ही संदिग्ध लोगों के खातों में अचानक धन आया है, उन्हें भी जांच के दायरे में लिया गया है।

## होली पर मदिरा से रहें दूर : आबकारी मंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली के पर्व को लेकर प्रदेश सरकार ने लोगों से संयम और सुरक्षा बरतने की अपील की है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने प्रदेशवासियों से कहा है कि होली रंगों, खुशियों और आपसी भाईचारे का त्योहार है, इसे मदिरापान से फीका न करें। आबकारी मंत्री ने कहा कि मदिरा त्योहार के दौरान झगड़े और अप्रिय घटनाओं का कारण भी बन सकती है। ऐसे में सभी लोग अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दें तथा नशे से दूर रहकर होली मनाएं।

# सुरक्षा में लगा दी निलंबित सिपाही की ड्यूटी, कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारत आए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविक की सुरक्षा में भारी चूक सामने आई है। निलंबित चल रहे सिपाही की ड्यूटी वीआईपी के दौरे में लगा दी गई। इसका खुलासा हुआ तो इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया। साथ ही विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

भारत दौरे पर आए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री 21 फरवरी को वह आगरा ताज महल के दीदार करने गए। उनकी सुरक्षा व्यवस्था में आगरा के शाहगंज में तैनात रहे निलंबित सिपाही सनी मलिक की ड्यूटी भी लगा दी गई। इसकी जानकारी आला अफसरों को लगी तो खलबली मच गई। इस लापरवाही पर शाहगंज थाने के प्रभारी इंसपेक्टर वीरेश गिरि को निलंबित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, सिपाही सनी मलिक शाहगंज थाने में तैनात था। आरोप है कि 7 फरवरी को सनी मलिक ने एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी के इशारे पर बुलडोजर स्वामी को हिरासत में लिया था। बाद में 25 हजार रुपये लेकर उसे छोड़ दिया। इस मामले में जांच के बाद 19 फरवरी को सिपाही सनी मलिक को निलंबित कर दिया था।

- आगरा शाहगंज के इंस्पेक्टर को किया गया निलंबित

## शंकराचार्य के पक्ष में उतरी कांग्रेस, प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पक्ष में कांग्रेस पार्टी उतर आई है । कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर शंकराचार्य के खिलाफ दर्ज मुकदमे में निष्पक्ष और किसी केन्द्रीय स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की है।



प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि बीते साल प्रयागराज में लगे महाकुंभ के दौरान भगदड़ में कई लोगों को जान गई थी। इस मामले में व्यवस्था की खामियां गिनाते हुए शंकराचार्य ने प्रदेश सरकार को घेरा था। इसी के कारण बीते दिनों माघ मेला में उन्हें स्नान भी नहीं करने दिया गया और उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया गया था। इससे ऐसा लगता है कि राजनीतिक दबाव अथवा दुर्भावना से कार्रवाई की गई है। हालांकि शंकराचार्य के खिलाफ मुकदमा अदालत के आदेश से दर्ज किया गया है। फिर भी हम मांग करते हैं कि किसी स्वतंत्र या केंद्रीय एजेंसी से इसकी जांच कराई जाए, जिससे सत्य सामने आ सके।

# सूची से सपा समर्थकों के नाम हटाने का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता सूची से नाम काटे जाने की शिकायतों को लेकर समाजवादी पार्टी ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष श्याल लाल पाल ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाए हैं कि फॉर्म-7 जमा कर सपा समर्थक मतदाताओं, विशेषकर मुस्लिम एवं पीडीए वर्ग के नाम हटाने की कार्रवाई तेजी से हो रही है।

ज्ञापन में फर्रूखाबाद, गोरखपुर, गाजियाबाद, बहराइच, देवरिया, आजमगढ़, कन्नौज और भदोही जिलों में बड़े पैमाने पर फॉर्म-7 जमा कर समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं, विशेषकर मुस्लिम एवं पीडीए वर्ग के नाम हटाने का आरोप लगाया गया है। फर्रूखाबाद सदर के कई बूथों पर दर्जनों फॉर्म-7 मिलने और कथित फर्जी हस्ताक्षरों की बात कही गई।

गोरखपुर ग्रामीण में बूथ संख्या-339 के 498 मतदाताओं को 10 किमी दूर स्थानांतरित किए जाने पर आपत्ति जताई गई है, जबकि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अधिकतम दूरी दो किमी होनी चाहिए। बहराइच, देवरिया और आजमगढ़ में भी बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा कर दबाव बनाने का आरोप है।

## अखिलेश राजनीतिक दिवालियापन के प्रतीक

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के उस बयान पर कड़ा जवाब दिया है, जिसमें उप मुख्यमंत्री को 100 विधायक लाकर मुख्यमंत्री बनाने की बात कही गई थी। पंकज चौधरी ने इस बयान को उनकी हताशा, निराशा और राजनीतिक दिवालियापन का परिचायक बताया।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं को दूसरों पर टिप्पणी करने से पहले अपनी पार्टी की स्थिति पर आत्ममंथन करना चाहिए। सपा का जनाधार लगातार सिमट रहा है और संगठन कमजोर होता जा रहा है। इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन, सशक्त संगठन और स्पष्ट नेतृत्व व्यवस्था है, जबकि समाजवादी पार्टी में केवल परिवारवाद और अंतर्कलह ही नजर आती है।

**निजीकरण** | राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने टेंडर किया जारी, 3 मार्च को होगी प्रीबिड मीटिंग

# छह जल विद्युत परियोजनाएं लीज पर देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश की छह लघु जल विद्युत परियोजनाओं को 42 साल के लिए लीज पर प्राइवेट कंपनियों के हाथों सौंपने की तैयारी है। इसके लिए विभाग ने टेंडर भी जारी कर दिए हैं। साथ ही तीन मार्च को प्रीबिड मीटिंग भी कराने की योजना है। उधर ऑल इंडिया पावर इंजीनियरिंग फेडरेशन (एआईपीईएफ) के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे विद्युत परियोजनाओं को प्राइवेट कंपनियों को देने के विरोध में उतर आए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर टेंडर तत्काल निरस्त कराने और परियोजनाओं का संचालन सरकारी स्तर पर ही कराने की मांग की है।

- ऑल इंडिया पावर इंजीनियरिंग फेडरेशन ने की मुख्यमंत्री से दखल देने की मांग

शैलेन्द्र दुबे के मुताबिक, राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा बीते 18 फरवरी को जारी टेंडर के माध्यम से विद्युत परियोजनाओं को देने का प्रस्ताव है। टेंडर की शर्तों के तहत निजी कंपनियों को मात्र 1.5 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट की अग्रिम प्रीमियम राशि देकर परियोजनाओं का संचालन और नियंत्रण मिल जाएगा। इन परियोजनाओं में भोला (2.7 मेगावाट), सलावा (3 मेगावाट), निर्गजनी (5 मेगावाट), चित्तौड़ा (3 मेगावाट), पालड़ा (0.6 मेगावाट) और सुमेरा (1.5 मेगावाट) जल विद्युत गृह शामिल हैं। ये सभी परियोजनाएं अपर गंगा नहर पर स्थापित हैं, जोकि लगभग 90 से 97 वर्ष पुरानी बताई जा रही हैं।



एआईपीईएफ अध्यक्ष का कहना है कि अपर गंगा नहर में वर्ष भर जल उपलब्ध रहने से इन परियोजनाओं से लगातार बिजली उत्पादन संभव है। कम धन खर्च कर इन परियोजनाओं के आधुनिकीकरण का कार्य किया जा सकता है। आरोप यह भी है कि परियोजनाओं उत्पादन क्षमता 15.5 मेगावाट है, जबकि उसके स्थान पर 6.3 मेगावाट बताई गई है। इस तरह कम मूल्यांकन कर परिसंपत्तियां निजी हाथों में सौंपी जा रही हैं।

# जर्मनी की कंपनियां यूपी में करेंगी निवेश

## केशव मौर्य ने फ्रैंकफर्ट में जर्मन कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में प्रदेश से गए प्रतिनिधिमंडल को जर्मनी दौरे के दौरान निवेश के मोर्चे पर सकारात्मक संकेत मिले हैं। सोमवार को फ्रैंकफर्ट में हुई बैठकों में जर्मनी की कई कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक निवेश और औद्योगिक सहयोग का भरोसा जताया।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जर्मनी के औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल के साथ उत्तर प्रदेश में निवेश संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान ग्लोबल अफेयर्स एवं इकोनॉमिक्स, इंडो-पैसिफिक एवं चाइना अफेयर्स की वरिष्ठ प्रतिनिधि सिल्के सिक्टर और ईए इलेक्ट्रो ऑटोमेटिक जीएमबीएच के सीईओ मार्कस शाइबॉल से विशेष रूप से निवेश पर बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया।



जर्मनी के हेसेन राज्य सरकार की प्रतिनिधिमंडल प्रमुख व राज्य सचिव कारिन मुलर से मुलाकात करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

उप मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को उत्तर प्रदेश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था, बेहतर कानून-व्यवस्था और निवेशक-अनुकूल नीतियों से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में तेजी से उभर रहा है।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत-जर्मनी सहयोग को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ हालत नाजुक

**रसूलाबाद।** सिसाही ग्राम में एक विवाहिता ने पति से हुए विवाद के चलते कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर स्वजन उसे रसूलाबाद सीएचसी लाए जहां डॉक्टर ने उनका उपचार किया है। सिसाही निवासी सविता 18 पत्नी विवेक कुमार ने पारिवारिक कलह के चलते कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी रसूलाबाद लाए जहां डॉक्टर प्रणवीर ने उसका उपचार किया है।

### मारपीट की रिपोर्ट दी

**रसूलाबाद।** फतेहपुर (फतुआपुर) थाना रसूलाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पिटुरा निवासी पिता पुत्र सहित तीन लोगों के विरुद्ध गत 22 फरवरी की रात उसके पुत्र को अपशब्द कहने, विरोध करने पर धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। फतेहपुर (फतुआपुर) निवासी लक्ष्मी नारायण ने पुलिस को बताया कि गत 22 फरवरी रात लगभग 9 बजे पिटुरा थाना रसूलाबाद निवासी मुस्कान ,आत्माराम व उनके पुत्र विकास ने उसके पुत्र को अपशब्द कहे। जिसका विरोध करने पर धारदार हथियार से मार कर उसे घायल कर दिया। उसके पुत्र के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। तब वह इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने आया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसकी विवेचना कहिंजरी चौकी प्रभारी प्रवीण कृष्ण मिश्रा करेंगे।

### झगड़े के दौरान बीच में आई बेटी को भी धुना

**रसूलाबाद।** दहेली निवासी एक व्यक्ति ने अपने बड़े भाई के दो पुत्रों के विरुद्ध उसके साथ मारपीट करने और बचाव के लिए आई पुत्री को भी मारपीट कर घायल कर देने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। दहेली निवासी राजपाल सिंह ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गत 21 फरवरी रात 8 :30 बजे उसके बड़े भाई गुलाब सिंह के पुत्र राहुल व रोहित उसे मारने पीटने लगे। बचाव के लिए आयी उसकी पुत्री स्वाती को भी अपशब्द कहते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इस पर वह इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आया है। पुलिस ने उक्त मामले की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली है इसकी विवेचना कहिंजरी चौकी प्रभारी प्रवीण कृष्ण मिश्रा करेंगे।

### बिना हेलमेट चलने पर आठ हजार से अधिक चालान

**कानपुर देहात।** जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन हेतु परिवहन विभाग द्वारा निरंतर प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। एआरटीओ (प्रवर्तन) ने बताया कि इस साल एक जनवरी से 18 फरवरी तक जनपद के विभिन्न स्थानों पर नियमित चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई है। अभियान में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन संचालित करने पर 8743 चालान किए गए। बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने पर 458 और ओवर स्पीडिंग पर 72 चालान हुए।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# एडिबल ऑयल्स फैक्ट्रियों पर छापा

संवाददाता, रनियां



एक फैक्ट्री में खाद्य तेल के नमूने लेते टीम के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर औद्योगिक क्षेत्र की चारों प्रमुख खाद्य तेल की फैक्ट्रियों पर सोमवार को ज्वाइंट कमिश्नर लखनऊ के नेतृत्व में पहुंची टीमों छापेमारी की। यहां बड़े पैमाने पर अनियमितता मिली। नमूने संकलित कर लगभग 30 हजार नग खाद्य तेल सीज किया गया। सीज हुए नगों में बोतल, जार और टिन की पैकिंग शामिल है।

ज्वाइंट कमिश्नर लखनऊ हरिशंकर सिंह ने बताया कि होली पर्व पर खाद्य तेल की मांग बढ़ने से बाजार में मिलावटी तेल की संभावना है। इसके चलते विशेष अभियान चला कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को कानपुर देहात के रनियां में संचालित चार खाद्य तेल फैक्ट्रियों में टीमों ने कार्रवाई की।

इसमें एक दर्जन से अधिक वाहनों में लगभग 35 सदस्यीय टीम यहां पहुंची, 8 जिलों के डीओ तथा खाद्य निरीक्षक शामिल रहे। टीम द्वारा सभी इकाइयों में विभिन्न ब्रांडों के लगभग 30 हजार नग खाद्य तेल सीज किए गए, जिसमें पाउच, डिब्बे, गत्ते, टीन आदि शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान ज्वाइंट कमिश्नर ने आम उपभोक्ताओं से जागरूक रहते हुए पैकिंग की गहनता से पड़ताल के बाद ही खरीदने की अपील की। इस दौरान असिस्टेंट कमिश्नर कानपुर मंडल डॉ. शशि पांडेय, डीओ कानपुर देहात राम अवतार, विनोद शर्मा सहित राम बिहारी, महेंद्र नाथ सिंह, सुबोध कुमार, राम तेज आदि मौजूद रहे।

# तय समय में कार्य पूरा करें: प्रतिभा शुक्ला

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- निर्माणाधीन राजकीय संप्रेक्षण गृह पहुंचीं मंत्री, लिया जायजा



निर्माण योजना के बारे में राज्यमंत्री ने ली जानकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सोमवार को राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने जल निगम कार्यालय के पास स्थित मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अंतर्गत 100 किशोरों की क्षमता वाले राजकीय संप्रेषण गृह के निर्माणाधीन भवन की भौतिक प्रगति का निरीक्षण किया। मंत्री ने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की तथा कार्य की गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुपालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्माण कार्य में अपेक्षित गति लाने के लिए कार्यदाई संस्था सीएनडीएस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना को तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए, ताकि किशोरों के पुनर्वास एवं संरक्षण हेतु आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अंतर्गत संचालित यह राजकीय संप्रेषण गृह समाज के संरक्षण एवं देखरेख की आवश्यकता वाले किशोरों के पुनर्वास, परामर्श एवं सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन निर्माण में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सुरक्षा, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव एवं सीएनडीएस के सहायक अभियंता (एई) अमित सचदेवा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा मंत्री को निर्माण कार्य की प्रगति, पूर्णता की संभावित तिथि एवं शेष कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। राज्य मंत्री ने कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव छतेनी का रहने वाला था, रायपुर के पास हुआ हादसा

संवाददाता, रनियां



अर्पित।

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव रायपुर स्थित एक कोल्ड स्टोर के सामने हाईवे पर कानपुर से छतेंनी जा रहे एक बाइक सवार को ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज भिजवाया। वहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मृतक के घर पहुंची तो कोहराम मच गया। घर की महिलाओं का रोकर बुरा हाल रहा।

भोगनीपुर थाना के छतेनी गांव निवासी अर्पित अवस्थी 22 वर्ष पुत्र रामबाबू अवस्थी नबीपुर स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था। सोमवार की सुबह वह बाइक से कानपुर आईटीआई गया था। करीब दो बजे दोपहर में वापस छतेनी जा रहा था। इस बीच रायपुर बंबे के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार अर्पित गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। भाई शिवम अवस्थी, बहनों क्षमा अवस्थी, प्रतीक्षा अवस्थी व मां सुमन अवस्थी का रो-रोकर बुराहाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि युवक की मौत की सूचना परिजनों को दे दी।

### सड़क पार करते व्यक्ति की हादसे में गई जान

**रनियां।** सिकंदरा-कानपुर हाईवे पर उमरन स्थित पेट्रोल पंप के पास रविवार की देर रात एक दर्दनाक हादसे में हाईवे पार कर रहे एक 45 वर्षीय युवक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि कपड़ों की तलाशी में मृतक की पहचान संबंधी कोई कागजात नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि शव को मोर्चरी में रखवाया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शिवली :** सोमवार की शाम शिवली कल्याणपुर मार्ग पर मलिकपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक चालक को शिवली अस्पताल पहुंचाया जहां पर मौजूद डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया है। शिवली कोतवाली क्षेत्र के मवैया गांव निवासी अजय राठौर पुत्र अमर सिंह उर्फ योगेश सोमवार की शाम करीब साढ़े चार बजे शिवली कल्याणपुर मार्ग पर स्थित मलिकपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया था। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों की सूचना पर पहुंचे अपराध निरीक्षक शीलेंद्र सिंह यादव घायल बाइक चालक को उपचार के लिए शिवली सीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद बाइक चालक अजय राठौर को हैलट रेफर कर दिया गया।

# अकबरपुर के युवक की गुजरात में संदिग्ध परिस्थितियों में गई जान,हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- पिता के मुताबिक नौ दिन पहले एक ट्रक ड्राइवर उसे साथ ले गया
- सातवें दिन मिली लाश, शरीर पर पिटाई के निशान



माजिद का फाइल फोटो।

**अमृत विचारः** ट्रक ड्राइवर के साथ गुजरात गए अकबरपुर के हरीगंज बाजार मोहल्ला निवासी युवक की वहां संदेह जनक हालात में मौत हो गई। शरीर पर गहरी चोटों के निशान से परिजनों ने हत्या का संदेह जताया है। घटना के संबंध में यहां सदर कोतवाली में कार्रवाई की अर्जी दी गई मगर कार्रवाई नहीं हुई। कोतवाली पुलिस का कहना है कि घटना राजकोट में हुई है। संबन्धित मुकदमा वहीं कायम होगा।

अकबरपुर के हरीगंज मोहल्ला निवासी सब्जी विक्रेता राजू राइन ने बताया कि अशोक नगर निवासी जावेद पुत्र खुर्शीद ट्रक चालक है। वह बेटे माजिद 28 वर्ष को यह कह कर ट्रक पर अपने साथ ले गया कि घुमाने जा रहे। जाने के दूसरे दिन जावेद ने बताया कि वह गुजरात में है। इसके बाद तीसरे दिन फोन आया तो माजिद के अचानक कहीं गुम हो जाने की बात कही। राजू ने तलाश करने को कहा तो बोला, उसी में लगा हूं। इसके बाद कोई जानकारी नहीं लगी। तब राजू को शक हुआ और उसने दूसरे बेटे साजिद और भतीजे टक्कल को जावेद की बताई जगह राजकोट भेजा। दोनों कल पहुंचे। स्थानीय पुलिस को माजिद के गुम हो जाने के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने माजिद की तलाश शुरू की। इस दौरान एक फैक्ट्री के पास शव दिखा। साजिद और टक्कल को बुलाकर पुलिस ने पहचान कराई।

शिनाख्त पुख्ता हो जाने के बाद माजिद की मौत होने की खबर यहां आई। जवान बेटे की मौत के बारे में पता लगते ही घर में कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। राजू ने आरोप लगाया कि घटना के पीछे जावेद का हाथ है। माजिद के शरीर पर पिटाई और हाथ बांधे जाने के निशान थे। हालांकि राजकोट से दी गई शव के डिस्चार्ज स्लिप पर माजिद के पैंट की बेल्ट से आत्महत्या किए जाने की बात लिखी गई है। यहां घटना के संबन्ध में राजू की ओर से कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई मगर क्षेत्राधिकार राजकोट का होने की बात कह कर पुलिस ने मुकदमा कायम करने से इंकार कर दिया।

### गुजरात में ही हो सकती कार्रवाई

- घटना के संबन्ध में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि माजिद गुजरात में नौकरी के लिए गया था। वहीं उसकी गुमसुदगी भी दर्ज है। क्षेत्राधिकार वहीं का है।

# फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** औनहां में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल प्रबंधन की जानकारी दी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा विकासखंड मैथा के गांव औनहां में फसल अवशेष प्रबंधन पर जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें इसके उचित प्रबंधन के लिए प्रेरित किया। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ खलील खान ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवों की संख्या कम हो जाती है। केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ. निमिषा अवस्थी ने कहा कि फसल अवशेषों को जलाने से मिट्टी का स्वास्थ्य खराब हो रहा है और पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है।

प्रसार वैज्ञानिक डॉ राजेश राय ने हैप्पी सीडर, मल्चर, रोटावेटर, सुपर सीडर और स्मार्ट सीडर जैसे कृषि यंत्रों का उपयोग कर फसल अवशेष प्रबंधन करने पर जोर दिया। उन्होंने किसानों से अपने-अपने गांवों में फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में अन्य किसानों को जागरूक करने का भी आग्रह किया। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) बृजेंद्र यादव ने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राहुल कटियार ने पशुओं में खुरपका, मुंहपका बीमारी की रोकथाम हेतु उपाय बताए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिला पंचायत सदस्य राम जी अग्निहोत्री ने प्राकृतिक खेती के बारे में बताया। किसानों से वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई तकनीक के उपयोग पर बल दिया। जागरूकता कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह चंदेल, सोनू सिंह, पुष्प लता सिंह शिवनारायण अवस्थी,राम प्रकाश अवस्थी ने भाग लिया।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**कानपुर देहात।** कंचौसी रेलवे स्टेशन के पूर्व की तरफ रेलवे क्रासिंग के पास डीएफसी रेलवे लाइन पर मालगाड़ी के सामने कूदकर युवक ने जान दे दी। पुलिस ने छानबीन के बाद शव को ट्रैक से हटाया। जानकारी पर पहुंचे परिजन से पुलिस ने पूछताछ की। युवक के आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। युवक सोमवार की शाम करीब चार बजे डीएफसी लाइन पर कानपुर की ओर जा मालगाड़ी के आगे कूदा। लोको पायलट ने मेमो द्वारा इसकी जानकारी न्यू कंचौसी स्टेशन को दी। मौके पर पहुंची कंचौसी चौकी पुलिस ने शव को ट्रैक से हटाया। मृतक की पहचान करवाने की कोशिश हुई। परिजनों को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान धर्मेंद्र राजपूत पुत्र तेज राम (28) के रूप में की। चौकी प्रभारी सुनील कुमार सिसोदिया ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# डीएम ने सुनीं शिकायतें, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी कपिल सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी कपिल सिंह द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान जनपद के विभिन्न तहसीलों एवं ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें उनके समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति से अवगत कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अतः प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवेदक को समय-समय पर उसके प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

जिलाधिकारी ने शासन की प्राथमिकता योजनाओं एवं जनशिकायत निस्तारण प्रणाली के अंतर्गत संचालित आईजीआरएस पोर्टल की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर प्राप्त कोई भी शिकायत लंबित न रहे। सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय समस्त अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (जूम) के माध्यम से जुड़े रहे। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई एवं आईजीआरएस से संबंधित प्रकरणों में पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत प्रदान की जाए।

### बांह पर काली पट्टी बांध किया शिक्षण कार्य

**मंगलपुर।** प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सोमवार को शिक्षकों ने टीटीई (टीचर ट्रेनिंग एलीमेंट) के अनिवार्य होने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने हाथ में बाईं तरफ काली पट्टी बांधकर अपनी नाराजगी जताई और शिक्षण कार्य किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक कटियार ने बताया कि विरोध मार्च 2009 में जारी किए गए आरटीई (राइट टू एजुकेशन) एक्ट के तहत परीक्षा में टीटीई की अनिवार्यता के खिलाफ है। बताया कि टीटीई की अनिवार्यता का नियम 2010 से लागू किया जाना था, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद इसे सबके लिए अनिवार्य बना दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस फैसले के खिलाफ लगभग 20 लाख शिक्षक एकजुट हो गए हैं और इस मुद्दे को लेकर 23 फरवरी से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर विरोध करेंगे। 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय में एक विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# कथा में कुंती चरित्र व भगवान के 24 अवतारों का व्याख्यान

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** दुःख ही ईश्वर से भक्ति की ओर जोड़ता है और सुख के समय भक्ति असंभव है, सुख के दिनों में प्राणी ईश्वर को भूले रहता है और ये मन भक्ति में नहीं लगता है यह बातें शिवली कस्बा के गांधी नगर मुहल्ले में हो रही भागवत कथा के दूसरे दिन कुंती चरित्र व भगवान के 24 अवतारों का व्याख्यान करते वक्त आचार्य हृदयेश शुक्ल ने श्रोताओं के बीच कही।

व्यास ने कुंती चरित्र और भगवान के 24 अवतारों की कथा का रसपान करवाया। कहा कुंती चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाभारत का युद्ध समाप्त होने के बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण ने तय किया कि अब उन्हें द्वारिका लौट जाना चाहिए। श्री कृष्ण सभी से विदा लेने लगे अंत में वह पांडवों की माता जो रिश्ते में कृष्ण की बुआ लगती थी उनसे विदा लेने गए तब उन्होंने कुंती से कहा कि आज तक आपने अपने लिए मुझसे कुछ नहीं मांगा। मैं आपको कुछ देना चाहता हूं इसलिए जो आपके मन में हो वह मांग लीजिए। इस पर कुंती ने कहा कि यदि आप मुझे कुछ देना चाहते हैं तो दुख दे दीजिए। इसे सुन भगवान कृष्ण आश्चर्य में पड़ गए और कुंती से इसका कारण पूछा तो कुंती ने कहा प्रभु यह मानव का स्वभाव है कि वह सुख के समय भगवान को भूल जाता है और केवल दुख के समय में ही भगवान को याद करता है। कुंती आगे कहती कि आप मुझे केवल दुख में ही याद आते हैं ऐसे में यदि जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी क्योंकि सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता ही नहीं है।

### युवती ने निगला जहर, गई जान

**सिकंदरा।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के रोहिनी गांव की युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला कीटनाशक निगल लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन सीएचसी ले गए। वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों ने शव का खेतों पर अंतिम संस्कार कर दिया। रोहिनी गांव निवासी रामप्रसाद केवट ने बताया कि मृतक पुत्री संतोषी (22) रविवार की शाम को खेतों में खरबूजा तरबूज की फसल देखने गई थी। वहीं उसने कीटनाशक निगल लिया। पुत्री की मौत की सूचना मिलते ही मां दुर्गा के साथ पांचों भाई बिलख पड़े। सिकंदरा उपनिरीक्षक तबारक अहमद ने बताया कि युवती की मौत की जानकारी होने पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**दौरा** — रसूलाबाद विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया

# सीडीओ को अधूरे मिले अभिलेख, लापरवाहों को दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण करते सीडीओ विधान जायसवाल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल द्वारा रसूलाबाद विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न पटलों का गहन निरीक्षण कर पत्रावलियों एवं अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मानव संपदा पोर्टल एवं ई-ऑफिस के संचालन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रविष्टियां समयबद्ध एवं त्रुटिरहित रूप से पूर्ण की जाएं।

उन्होंने कार्यालय कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ सफाई,उपस्थिति पंजिका और अभिलेखों की व्यवस्था की भी जांच की।

कुछ अभिलेख अधूरे पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त, स्थापना पटल, अभिलेखों की व्यवस्था और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का भी गहन परीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उनकी नियमित निगरानी पर विशेष जोर दिया।

### नियमित करें गोवंशीय मवेशियों की स्वास्थ्य जांच

**कानपुर देहात :** सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल ने नगर पंचायत रसूलाबाद में संचालित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय आश्रय स्थल में कुल 114 गोवंश (48 नर, 66 मादा) पाए गए। सीडीओ के निरीक्षण के दौरान गोवंशों के लिए उपलब्ध चारा, 114 क्विंटल भूसा, 48 क्विंटल पशु आहार उपलब्ध पाया गया। हरा चारा तथा पेयजल की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि गोवंश को समय से एवं पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए। गौशाला परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही निर्देशित किया कि गौ आश्रय स्थल में समस्त व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखे जाने हेतु रोस्टर बनाकर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए जिनका विवरण एवं संपर्क नंबर सूचना पटल पर दैनिक रूप से अंकित किया जाए। कर्मचारियों का विशेष काम यह होगा कि वे आश्रय स्थलों की समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करेंगे साथ ही यदि कोई विशेष बिंदु प्रकाश में आता है तो संबंधित अधिकारियों से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए कमियों को दुरुस्त कराएंगे। साथ ही उन्होंने गौशाला में जल निकासी एवं गोबर निस्तारण की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित गोसंरक्षण एवं पशु कल्याण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

अमृत विचार
कानपुर, मंगलवार, 24 फरवरी 2026 आसपास

## न्यूज ब्रीफ

### जमीन निर्माण को लेकर चले लाठी-डंडे

**तिर्वा (कन्नौज)।** ठठिया थाना क्षेत्र के सतसार में सोमवार दोपहर जमीन निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर चले, जिसमें महिलाएं, बच्चे और पुरुष समेत कई लोग घायल हो गए। सतसार निवासी रामपाल और राकेश के बीच जमीन निर्माण को लेकर हुई बहस के बाद विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते बहस मारपीट में बदल गई। दोनों तरफ से लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडे, ईंट और पत्थर चलाने लगे। घटना की सूचना मिलते ही ठठिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। थाना प्रभारी देवेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### तंबाकू तोड़ते समय युवक को सांप ने डसा

**कायमगंज (फर्रुखाबाद)।** कायमगंज में तंबाकू की किल्ली तोड़ते समय एक युवक को सांप ने डस लिया। राजा का रामपुर कस्बे के निवासी 18 वर्षीय अंकित अपने परिवार के सदस्यों के साथ खेत में खड़ी तंबाकू की फसल में किल्ली तोड़ रहा था। इसी दौरान, तंबाकू के पेड़ पर छिपे एक सांप ने उसके पैर में डस लिया। परिजनों ने बिना देरी किए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचाया। युवक को आवश्यक उपचार दिया जा रहा है, हालत में सुधार हो रहा है।

### मारपीट में चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ (कन्नौज)।** गोबर डालने गई महिला के साथ गांव के ही कुछ दबंगों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नन्दग्रामपुर निवासी बेबी पत्नी संतराम का आरोप है कि कि वह अपने घर से गोबर फेंकने के लिए बाहर गई थी। तभी गाँव के ही निवासी रमेशचन्द्र पुत्र रामनारायण और ब्रजेश, ब्रजेन्द्र, राजू पुत्रगण रामनरायण बेबजह गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त सभी ने महिला के साथ लात घूंसों से मारपीट कर दी। महिला की चीख पुकार सुनकर गाँव के अन्य लोगों को आता देख हमलावर महिला को जान से मारने की धमकी देते हुऐ भाग गये। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बेदखली के बाद पुत्र ने माता-पिता को पीटा

**कन्नौज।** माता पिता ने पुत्र को बेदखल कर दिया लेकिन वह घर नहीं छोड़ रहा। उसे जबरन निकलने को कहा तो अपने जन्मदाताओं को पीटा। यही नहीं पिता को धक्का दे दिया जिससे उनका कूल्हा उतर गया। सदर कोतवाली के मोहल्ला शेखाना निवासी सफीकन पत्नी मोहम्मद फकीर ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में कहा कि उसने व पति ने 20 सितंबर 2025 को अपने पुत्र शेर मोहम्मद को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। इसके बाद भी पुत्र घर नहीं छोड़ रहा है। आये दिन उसे व उसके पति के साथ गाली गलौज व मारपीट करता है। दिसंबर 2025 में मारपीट कर पति को धक्का दे दिया जिससे वह गिर गये। इससे उनका कूल्हा टूट गया।

### 500 किलोग्राम लहन नष्ट कराया गया

**चित्रकूट।** जिला आबकारी अधिकारी की अगवाई में सोमवार को आबकारी विभाग की टीम ने कोतवाली कर्वी अंतर्गत ग्राम कपसेठी में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान लगभग 500 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। इसे मौके पर नष्ट कर दिया गया। 70 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई।

### जांच के लिए भेजे गए खाद्य पदार्थों के नमूने

**चित्रकूट।** सहायक आयुक्त (खाद्य) शशांक त्रिपाठी की अगुवाई में होली पर विशेष अभियान के तहत 19 से 23 फरवरी तक पांच नमूने जांच के लिए इकट्ठा किए गये। 43 किग्रा सरसों तेल सीज किया गया। बताया कि इस दौरान खोही स्थित खाद्य प्रतिष्ठान से पनीर व मिश्रित दूध के नमूने लिए गए। ट्रैफिक चौराहा स्थित मिठाई की दुकान से बर्फी का, सीतापुर की डेयरी से पनीर, मऊ के किराना स्टोर से सरसों तेल का नमूना जांच को भेजा गया। इसी प्रकार टीम ने बांदा रोड, रामघाट खाद्य पदार्थों की जांच की गई।

# गोली मारने की धमकी दे शिक्षिका का बैग लूटा

संवाददाता, छिबरामऊ (कन्नौज)

- बाइक सवार लोगों ने देर शाम दिया घटना को अंजाम

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बाइक सवार बदमाशों ने दुस्साहस दिखाते हुए शिक्षिका को गोली मारने की धमकी देकर उनका बैग छीनकर फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार बैग में सोने के आभूषण, नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज थे।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शिक्षिका कीर्ति वाजपेई, जो राजकीय हाई स्कूल भोजपुर निगोह में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं, ने बताया कि वह रविवार को औरैया गई थीं। वापसी में उन्होंने सौरिख के एक विद्यालय में खड़ी अपनी स्कूटी ली और देर शाम छिबरामऊ स्थित आवास विकास कॉलोनी की ओर आ रही थीं। इसी दौरान रास्ते में दो बाइक सवार बदमाशों ने उनका पीछा कर रोक लिया और गोली मारने की धमकी देकर डराया। इसके बाद उनका बैग छीन लिया। उन्होंने कुछ दूर तक लुटेरों का पीछा भी किया, लेकिन बदमाश भागने में सफल रहे।

पीड़िता के अनुसार, बैग में एक सोने की जंजीर, कानों के झुमके, 8000 रुपये नकद एक मोबाइल फोन, जरूरी विभागीय और व्यक्तिगत कागजात थे। घटना के तुरंत बाद शिक्षिका ने खोजीपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचकर 1090 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पीड़िता से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# जुआ हारने पर लूटे थे 20 लाख के लहंगा-चुनरी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- कन्नौज में बाइकों से पीछा कर लूटे थे लहंगा और ऑटो



लुटेरों के पास से बरामद किए गए गत्तों में पैक लहंगा और चुनरी। अमृत विचार



पुलिस कार्यालय में लूटकांड का खुलासा करते एसपी विनोद कुमार, साथ में एएसपी अजय कुमार, आरोपियों के साथ गिरफ्तार करने वाली पुलिस की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना तालग्राम पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने 28 जनवरी को ऑटो और लहंगा- चुनरी के पैकेट की लूट के मामले में 05 बदमाशों को माल के साथ गिरफ्तार किया है। पांच बदमाश मौके से भाग निकले। आरोपियों ने जुए में हार जाने के बाद योजना बनाई और फिर कमालगंज से बाइकों से पीछा कर तालग्राम के बिरौली मोड़ के पास घटना को अंजाम दिया था।

पकड़े गये बदमाशों के कब्जे से लूटा गया माल 09 पैकेट लहंगा-चुनरी, 01 ऑटो, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल एवं 02 तमंचा 315 बोर बरामद किया है। एसपी व एएसपी ने पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा किया। बता दें कि 28 जनवरी की रात्रि करीब 08:15 बजे अज्ञात व्यक्तियों ने थाना तालग्राम क्षेत्र के बिरौली मोड़ के पास ऑटो और लहंगा- चुनरी लूट लिए थे। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने छिबरामऊ के एक्सप्रेसवे अंडरपास के निकट सोमवार तड़के करीब सवा चार बजे पांच आरोपियों को माल, बाइकों व ऑटो के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि पांच साथी मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। एसपी विनोद कुमार व एएसपी अजय कुमार ने बताया कि पकड़े गये बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वाशिद खां पुत्र आविद खां, जो वीजी. ट्रेवल ट्रांसपोर्ट का संचालन करता है तथा लहंगा-चुनरी के व्यापार से जुड़ा है, ने विक्की उर्फ विशाल यादव पुत्र सर्वेश जो ओयो होटल चलाता है को माल के आवागमन एवं उसकी कीमत करीब 18-20 लाख रुपये की जानकारी दी थी। योजना के तहत 03 मोटरसाइकिल पर सवार विक्की व उसके अन्य 08 साथियों ने ऑटो का पीछा करते हुए बिरौली मोड़ के पास ओवरटेक कर लूट को अंजाम दिया। लूटे गये माल को कपूरपुर में शादाब की मौसी के घर पर छिपा दिया और ऑटो को वहीं छोड़ दिया। आरोपियों ने यह भी बताया गया कि वे जुए में काफी पैसा हार गए थे। आर्थिक तंगी के चलते सभी ने मिलकर साजिश रची थी।

### ये लुटेरे गिरफ्तार

वाशिद खां पुत्र आविद खां निवासी ग्राम ढपलपुर भोजपुर जनपद फर्रुखाबाद, विक्की उर्फ विशाल यादव पुत्र सर्वेश यादव निवासी लेनगांव थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद, शादाब खान पुत्र सलीम खान निवासी नगला खेम रैगाई थाना कमालगंज, फर्रुखाबाद, शीतल श्रीवास्तव पुत्र राजेश श्रीवास्तव निवासी नगला खेम रैगाई थाना कमालगंज, फर्रुखाबाद, योगेश राजपूत उर्फ विनय पुत्र महेन्द्र राजपूत निवासी पिथुपुर मेंहदिया थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद।

### ये बदमाश अभी फरार

जियाउल उर्फ आबू पुत्र जलील मास्टर निवासी नगला खेम रैगाई, सचिन यादव पुत्र मुनीम निवासी लेनगांव, विवेक राजपूत उर्फ विक्की निवासी कुनंदन नगला, अभिजीत राजपूत पुत्र अज्ञात निवासी कुंदन नगला।

# ट्रक में पीछे से घुसी कार, मामा-भांजे की मौत

## कार में सवार अन्य पांच लोग गंभीर रूप से हुए घायल, जौनई के पास हाईवे पर हुआ हादसा

संवाददाता जसंवतनगर इटावा



हादसे के बाद ट्रक में फंसी कार। अमृत विचार

- शादी के बाद की रस्म पूर्ण करने अपने गांव हमीरपुर आए थे
- कार्यक्रम में शामिल होकर दिल्ली वापस जाते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर जौनई चौकी के पास एक पेट्रोल पंप के सामने सोमवार सुबह दिल्ली जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित अर्टिगा कार अपने आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में कार सवार सात लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया जहां से उन्हें पीजीआई भेजा गया है।

हमीरपुर जिले के थाना सरीला के इस्लामपुर गांव के चेतराम 62 वर्ष पुत्र देशराज जो अब दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रहते हैं। 21 फरवरी को दिल्ली में संपन्न हुई अपने छोटे बेटे राजेंद्र की शादी की पारिवारिक रस्म की अदायगी करने परिवार सहित अपने पैतृक गांव इस्लामपुर हमीरपुर गए हुए थे। रविवार को गांव के ही मंदिर में शादी की रस्म पूर्ण कर रविवार की रात को ही एक अर्टिगा कार से चेतराम अपनी पत्नी गिरिजा देवी (60 वर्ष), पुत्र राजेश उम्र 29 वर्ष व राजेंद उम्र 26 वर्ष, पुत्रवधू अंजलि 26 वर्ष पत्नी राजेश व नवबधू रेशमा 22 वर्ष पत्नी राजेंद्र और जालौन निवासी अपने भांजे सुखवासी पुत्र जंगीलाल समेत कुल सात लोगों के साथ कार से दिल्ली वापसी के लिए निकले थे। सोमवार सुबह करीब 3:00 बजे जौनई चौकी के पास एक पेट्रोल पंप के सामने उनकी कार अपने आगे चल रहे कानपुर से चावल लेकर गुजरात जा रहे एक ट्रेलर ट्रक में पीछे से जा घुसी। इसके चलते कार का आगे का हिस्सा ट्रक में बुरी तरह फंस गया। घटना से अफरा तफरी मच गई।आसपास के लोग और चौकी की पुलिस घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। जबरदस्त टक्कर से कार के आगे हिस्से में बुरी तरह फंसे चेतराम और सुखवासी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष कमल भाटी ने सबसे पहले घायलों गिरिजा देवी,राजेश, राजेंद्र ,रेशमा देवी, अंजलि को कार से निकाल कर एंबुलेंस द्वारा इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । कार में बुरी तरह फंसे मृतक चेतराम और सुखवासी को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ वीरेंद्र ने प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत देखते हुए सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। पुलिस और हाईवे इंसिडेंट मैनेजर सुनित चौहान ने दुर्घटनाग्रस्त कार व ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर कर बाधित हो रहे यातायात को सुचारू कराया। पुलिस ने ट्रक के चालक और परिचालक को हिरासत में ले लिया है।

### एक घंटे पूर्व ही बदला था कार का ड्राइवर

**इटावा।** रिजर्व पुलिस मृतक चेतराम के बड़े पुत्र राजेश ने बताया कि एक घंटा पहले सब कुछ सही था। इटावा से पूर्व एक पंप पर कार में सीएनजी डलवाई और सभी ने चाय पी। गाड़ी को छोटा भाई राजेंद्र चला रहा था। सुखबीर ने चालक बदलने की बात कहकर कर खुद कार चलाने लगा और जसवंतनगर के आगे यह घटना हो गई। घटना में अपने पिताजी और रिश्ते के भाई को खोकर राजेश फफक फफक कर रोने लगा।

# घर में मुर्गा बनाने को लेकर चले लाठी-डंडे

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- जेठानी का भाई मुर्गा लेकर पहुंचा था, देवरानी ने किया विरोध
- मुर्गा बनाने के विरोध पर जेठ ने बाल पकड़कर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** घर में मुर्गा बनाने से इंकार करने पर दो भाइयों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल दोनों महिलाओं के साथ दो युवकों का छानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरी परीक्षण कराकर उपचार कराया है।

क्षेत्र के भुगैचा गांव के रहने वाले हरिकिशन प्रजापति की पत्नी मूर्ति देवी ने थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि जेठ रामकिशन का ग्योढ़ी गांव निवासी साला ग्यासी मुर्गा लेकर घर आ गया। ग्यासी ने घर में मुर्गा के बनाने के लिए कहा तो उसने घर में मुर्गा बनाने से साफ मना कर दिया। इस पर वह अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर जेठ रामकिशन ने उसके सिर के बाल पकड़कर जमीन में गिराकर थप्पड़ घूंसा से मारपीट करनी शुरू कर दी। उसके साथ ही जेठ के साले ग्यासी और जेठानी कुंती देवी ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर उसे बचाने आए पति हरिकिशन के साथ भी मारपीट की। उसने जेठ, जेठानी औप उसके साले ग्यासी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं जेठानी कुंती देवी ने देवर हरिकिशन के खिलाफ तहरीर देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दोनों पक्ष की महिलाओं के साथ दो युवकों को छानी सीएचसी में ले जाकर पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराकर उपचार कराया है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि दोनों पक्ष की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## फोटोग्राफरों से मारपीट कर कैमरा तोड़ा

**चित्रकूट।** शादी समारोह में काम के दौरान दबंग युवाओं ने फोटोग्राफर के साथ मारपीट कर उसका कैमरा तोड़ दिया। सोमवार को फोटोग्राफरों ने एसपी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया।

एसडीएम कालोनी निवासी आशीष कुमार ने बताया है कि वह अनुसूचित जाति का युवक है। वह अपने सहयोगियों रजनीश यादव, साहिल, धीरेंद्र यादव, अंगद बाबू के साथ 20 फरवरी को गल्ला मंडी निवासी युवक की शादी में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी के लिए मंदाकिनी पैलेस गया था। वहां देर रात तीन नामजद और पांच अज्ञात लोगों ने वहां शराब के नशे में उससे और उसके सहयोगियों के साथ मारपीट की। इससे रजनीश के सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश होकर गिर गया। आरोपियों ने उनके कैमरे और अन्य उपकरण भी तोड़ दिए। इसमें एक कैमरा 2 लाख 65 हजार का है।

# सुहागरात में दुल्हन बोली, मैं किसी और की अमानत हूं

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- सुहागरात में दूल्हे को छूने से रोका प्रेम कहानी सुन भौचक्का रह गया
- कोतवाली पहुंचा मामला, आखिर टूट गया दोनों के शादी का रिश्ता

**अमृत विचार।** शादी के बाद ससुराल पहुंची एक नवविवाहिता ने सुहागरात से पहले ही दूल्हे को छूने से इंकार कर दिया। दुल्हन ने खुद को किसी और की अमानत बताते हुए कहा कि वह किसी अन्य युवक से प्रेम करती है। इस घटना के बाद दोनों परिवारों में हड़कंप मच गया और मामला कोतवाली तक पहुंच गया, जहां पुलिस दोनों पक्षों में वार्ता के बाद आखिर रिश्ता टूट गया।

कस्बे के बुधौलियाना मोहल्ला निवासी धरम पुत्र लालदिमान की शादी बिलरख गांव निवासी एक युवती के साथ शनिवार को हुई थी। रविवार को विदाई के बाद दुल्हन ससुराल पहुंची। रात में सुहागरात के दौरान दूल्हे धरम ने घूंघट खोलने का प्रयास किया, तो दुल्हन ने छूने पर आपत्ति जताई। उसने कहा कि वह किसी और की अमानत है और बिलरख गांव के ही एक युवक से प्रेम करती है। दुल्हन ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। यह सुनकर दूल्हा धरम स्तब्ध रह गया। दुल्हन ने बताया कि वह बचपन से अपने मामा-मामी के यहां गोहांड में पली-बढ़ी है। आरोप लगाया कि उसके माता-पिता और मामा-मामी ने जबरन उसकी शादी करा दी है। इस की जानकारी होते ही दोनों पक्षों के परिवारीजन कोतवाली पहुंचे। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि वार्ता के बाद दूल्हा और दुल्हन स्वेच्छा से संबंध विच्छेद करने पर सहमत हो गए हैं।

## ट्रक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**औरैया।** शहर के व्यस्त जेसीज चौराहे पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ब्रह्मनगर निवासी वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, मोहनलाल पुरवार दोपहर में चौराहे पर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान ब्रह्मनगर निवासी मोहनलाल पुरवार के रूप में हुई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

# शराबी चालक हाईवे पर डंपर खड़ा कर गायब, लगा जाम

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- जाम में एंबुलेंस, परिवहन निगम की बसें भी घंटों फंसी रहीं
- 3 घंटे बाद पुलिस के डंपर हटवाने पर सामान्य हुआ यातायात



सुमेरपुर कस्बे में हाईवे पर लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार को दोपहर में कस्बे के अंदर हाईवे में शराब के नशे में धुत चालक डंपर को खड़ा करके गायब हो गया। हाईवे में बीचो-बीच डंपर खड़ा होने से कस्बे के अंदर भीषण जाम लग गया और दोनों तरफ सैकड़ों वाहन फंस गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद डंपर को हाईवे से हटवा कर यातायात बहाल कराया। इस दौरान तीन घंटे तक वाहन रेंगते रहे। लोग बेहाल हो गए।

सोमवार को दोपहर करीब 1:00 बजे एक डंपर कानपुर से कबरई जा रहा था। चालक और खलासी ने शराब पी रखी थी। डंपर को खलासी चला रहा था और चालक नशे में चूर होकर सो रहा था। कस्बे के अंदर पशु बाजार के समीप खलासी ने हाईवे के बीचों बीच डंपर को खड़ा कर दिया और चालक का मोबाइल, नकदी, डंपर की चाबी आदि लेकर गायब हो गया।

हाईवे के बीचों-बीच डंपर खड़ा हो जाने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद डंपर को हाईवे से हटवा कर यातायात बहाल कराया। इस दौरान तीन घंटे तक वाहन कस्बे के अंदर रेंगते रहे। जाम में एंबुलेंस, परिवहन निगम की बसें आदि फंसी रहीं। लोग बेहाल हो गए।

**कार्रवाई** हत्या, धोखाधड़ी और आर्म एक्ट सहित आधा दर्जन मुकदमे हैं दर्ज

# गैंगस्टर जुबैर खान की 22 करोड़ की संपत्ति कुर्क

संवाददाता कायमगंज (फरुर्खाबाद)



जुबैर खान के खिलाफ कुर्की कार्रवाई का नोटिस पढ़ते कोतवाल मदन मोहन चतुर्वेदी।

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की माफिया और अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस नीति को सोमवार को जिले की पुलिस ने अमली जामा पहनाया। कोतवाली क्षेत्र के गैंगेस्टर जुबैर खान की 22 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति की कुर्की कार्रवाई की गयी। इस कार्रवाई से अपराधी और भू-माफिया खौफ जदा हैं।

जिले में माफिया और अपराधियों के खिलाफ जिले की पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी दो दिन पूर्व ही जेल में निरुद्ध अनुपम दुबे के भाई डब्बन व बब्बन के विरुद्ध कार्रवाई कर जेल भेजा गया था। सोमवार को गैंगेस्टर जुबैर खान पर पुलिस और प्रशासन की निगाह टेढ़ी हो गयी। कायमगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जुबैर खान ने अपने गिरोह के सदस्यों रामरेश, सुखवीर, पुष्पेन्द्र, आदेश, मोबिन, तारिक उर्फ तालिब और पवन मिश्रा ने साथ मिलकर समाज में आतंक फैलाया और फर्जी दस्तावेजों के जरिए अवैध धन अर्जित किया।

प्रशासन द्वारा कुर्क की गई संपत्तियों में कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनपुर में 81.519 वर्ग मीटर का प्लॉट, मोहल्ला गढ़ी नूर खां में स्थित दो मंजिला मकान, गांव मऊरशीदाबाद में एक व्यावसायिक प्लॉट और उस पर बना गोदाम शामिल है। इसके अतिरिक्त, 1416 वर्ग मीटर और 930 वर्ग मीटर के अन्य व्यावसायिक भूखंड भी जब्त किए गए हैं। जुबैर, उसकी मां रुखसाना और पिता लड्डन खान की कुल 22 करोड़ 35 लाख 69 हजार 623 रुपये 31 पैसे की संपत्ति कुर्क की गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, जुबैर खान के खिलाफ कोतवाली कायमगंज और अन्य थानों में हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, जालसाजी (जीएसटी चोरी और फर्जी फर्म बनाना) और आर्म एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में लगभग आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर जुबैर खां शातिर किस्म का अपराधी बताया जा रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गैंगस्टर की मां रुखसाना का सगा भाई खालिद उर्फ रज्जू खां जनपद की फतेहगढ़ कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर विभिन्न थानों में लगभग दो दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा, आरोप है कि गैंग लीडर जुबैर खां अपने गैंग के सदस्यों के साथ आर्थिक और भौतिक लाभ प्राप्त करने के लिए दस्तावेजों की कूट रचना, फर्जी जीएसटी नंबर जनरेट करने और ई-वे बिल तैयार करने जैसे मामलों में भी संलिप्त रहा है।

# मौरंग लदे ट्रक से टकराकर बाइक सवार की थमीं सांसें

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना मेरापुर क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में बाइक सवार हलवाई की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव रुखैया निवासी 55 वर्षीय रामबाबू पुत्र ईश्वरी लाल पेशे से हलवाई थे और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। सोमवार को वह अपनी बाइक से गांव से अचरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में मौरंग से लदे एक ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक वाहन को मोड़ रहा था, तभी अचानक सामने से आ रही बाइक ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामबाबू गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक के भतीजे धीरज ने बताया कि ट्रक चालक वाहन को अचानक मोड़ रहा था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ट्रक और चालक के संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

www.amritvichar.com
# अमृत विचार
कानपुर महानगर
कानपुर, मंगलवार,24 फरवरी 2026

सुविचार



एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है, दूसरों से उधार लेकर पर काम चलाने में नहीं।

- इंदिरा गांधी

**कानपुर के प्रमुख समाचार**

■ सऊदी में नौकरी का झांसा देकर ठगी-II
■ गुमटी में सब्जी दुकानदारों की भेंट चढ़ी सड़क -II
■ होली पर ट्रेनों की बरसात -III

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| मंगलवार शाम | बुधवार सुबह |
| सुन्नी: 6:09 | सुन्नी: 5:16 |
| शिया: 6:20 | शिया: 5:08 |

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया: इफ्तार के वक्त इधर उधर की बातें करने के बजाए दुआ पढ़ा करें क्योंकि इफ्तार के वक्त की दुआएं कबूल होती हैं।

## 2300 सड़कों का ऑनलाइन डेटा तैयार करेगा नगर निगम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- निर्माण के पांच साल तक सड़क मरम्मत का कार्य भी ठेकेदार को करना होता

**अमृत विचार।** नगर निगम अब अपनी सड़कों का डेटा ऑनलाइन करेंगे। शासन स्तर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। अब नगर निगम की कौन सी सड़क कब बनी, कितने में बनी इसका विवरण एक क्लिक में सामने आ जाएगा। नगर निगम प्रशासन अपनी 23 सौ सड़कों का डेटा ऑनलाइन करेगा। इससे समय से पहले टूटी सड़क की मरम्मत और पैचवर्क का काम निर्माणकर्ता ठेकेदार से कराना आसान होगा। शासन में बैठे अधिकारी भी देख सकेंगे।


नगर निगम के पास छोटी बड़ी कुल 23 सौ सड़कें हैं। इनकी लंबाई 36 सौ वर्ग किलोमीटर है। कौन सी सड़क कब बनी, किस ठेकेदार ने बनाया, उसको बनाने में कितनी धनराशि खर्च हुई। मरम्मत कब-कब होनी है इसका ऑनलाइन रिकार्ड नहीं होने का लाभ ठेकेदार और अभियंता उठाते हैं। मरम्मत के लिए जवाबदेही ही तय नहीं हो पाती। समय से पहले ही टेंडर करके उसका पुननिर्माण करा दिया जाता है। ठेकेदार मानक का पालन ही नहीं करते। इसमें अभियंताओं की मिलीभगत भी होती है। नियमतः ठेकेदार को ऐसी सड़क के मरम्मत का कार्य अनुबंध के अनुसार करना चाहिए लेकिन वह नहीं करता है पर अब करना पड़ेगा।

अब शासन ने नगर निगम को खुद की रोड डायरेक्ट्री व डाटा बेस ऑनलाइन तैयार करने को कहा है। रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशंस सेंटर के तहत रोड डायरेक्ट्री व रोड डाटा बेस तैयार होगा। इसके निर्माण की जिम्मेदारी अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (यूरिडा) एजेंसी को दी गई है।

# अखिलेश दुबे को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा नेता को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाकर 50 लाख रंगदारी मांगने का मामला
- सुप्रीम कोर्ट ने शर्त लगाई है कि विवेचना तक वह शहर नहीं आ सकेंगे
- अभी जेल में ही रहना होगा क्योंकि तीन मुकदमों में अभी जमानत नहीं मिली है



अखिलेश दुबे।

**अमृत विचार।** अधिवक्ता अखिलेश दुबे को भाजपा नेता को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाकर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विवेचना तक वह शहर नहीं आ सकेंगे। हालांकि इस मुकदमे में जमानत के बाद भी उन्हें अभी जेल में रहना होगा क्योंकि तीन मुकदमों में अभी उन्हें जमानत नहीं मिली है।

भाजपा नेता रवि सतीजा ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि अखिलेश दुबे व साथियों ने मिलकर उनके खिलाफ बर्रा थाने में पाक्सो एक्ट के तहत एक झूठा मुकदमा लिखवाया। जांच में घटना झूठी पाए जाने पर फाइनल रिपोर्ट लगी तो आरोपियों ने रवि को उसके सोना मेंशन बिल्डिंग की छत पर कब्जे और जान माल की धमकी दी। वादिनी मुकदमा के माध्यम से कोर्ट में कूटरचित शपथपत्र दिलवाया गया फिर रवि को अखिलेश ने अपने कार्यालय में बुलाकर मुकदमे से बचाने के लिए 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी। इस मुकदमे में अखिलेश को पुलिस ने छह अगस्त 2025 को गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया था। इसके बाद से वह जेल में ही बंद है। जेल जाने के बाद अखिलेश के खिलाफ एक-एक कर चार मुकदमे दर्ज हुए। दो मुकदमे किदवई नगर थाने में शैलेंद्र कुमार व सुरेश पाल ने दर्ज कराए थे। एक मुकदमा अधिवक्ता संदीप शुक्ला द्वारा कोतवाली में दर्ज कराया गया था। एक मुकदमा वक्फ की संपत्ति पर कब्जे के मामले में ग्वालटोली थाने में दर्ज हुआ था। होटल कारोबारी प्रज्ञा त्रिवेदी ने कोर्ट के आदेश से 15 साल पहले जूही थाने में डकैती का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे में कोर्ट के आदेश से हुई अग्रिम विवेचना में भी अखिलेश का नाम आने पर उनके खिलाफ चार्जशीट कोर्ट भेजी गई। इनमें से संदीप शुक्ला और शैलेंद्र कुमार द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमों में अखिलेश को सेशन कोर्ट से ही जमानत मिल गई थी। सुरेश पाल, रवि सतीजा और वक्फ संपत्ति से संबंधित मुकदमों में सेशन कोर्ट से जमानत खारिज हो गई थी। रवि सतीजा के मुकदमे में अखिलेश की जमानत याचिका 27 अक्टूबर 2025 को हाईकोर्ट से भी खारिज हो गई थी। इस आदेश के खिलाफ अखिलेश ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश सुनाया है। अभी वक्फ की संपत्ति पर अवैध कब्जे, सुरेश पाल और प्रज्ञा द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में जमानत नहीं मिली है। इसलिए अखिलेश को इन मुकदमों में जमानत न मिलने तक जेल में रहना होगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाईं शर्तें

- अखिलेश दुबे की जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और अधिवक्ता एमके द्विवेदी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि अखिलेश दुबे को 25 फरवरी से पहले ट्रायल कोर्ट में पेश करना होगा। मुकदमे की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। अखिलेश मुकदमे के दौरान पूरा सहयोग करेंगे। जमानत का दुरुपयोग नहीं करेंगे। दो मार्च को विवेचक के सामने पेश होंगे। दो महीने यानि मार्च और अप्रैल में हर सोमवार को विवेचक के सामने पेश होना होगा। इसके अलावा जब तक विवेचना पूरी नहीं हो जाती है तब तक महीने के हर दूसरे सप्ताह में विवेचक के सामने हाजिर होना होगा।

**सिटी ब्रीफ**

### शहरभर में चेकिंग कई वाहनों के चालान

कानपुर। डीसीपी सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव और एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके के नेतृत्व में स्वरूप नगर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग की गई। मोतीझील कारगिल तिराहा, चाट चौराहा, गोल चौराहा और सेल टैक्स रोड पर सघन जांच हुई। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों, काली फिल्म लगी गाड़ियों के चालान किए गए और वाहनों की डिग्गियों की तलाशी ली गई।

### संत गाडगे की 150 वीं जयंती मनाई

कानपुर। समाजवादी पार्टी महानगर, फ्रन्टल संगठनों, बूथ प्रभारियों, पीडीए मिशन, 78 वार्डो तथा पांचों विधान क्षेत्र के अध्यक्षों का पूज्य सन्त शिरोमणि गाडगे महाराज जी की 150 वीं जयंती सपा कार्यालय नवीन मार्केट में मनाई गई। अध्यक्षता कर रहे सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आरोप लगाया कि भाजपा शंकराचार्य जी का अपमान कर रही है।सपा सन्तों पर अन्याय बर्दाश्त नही करेगी। संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया।

एसजीएसटी की टीमों ने की शहर में ताबड़तोड़ छापेमारी, टैक्स चोरी पर जांच-पड़ताल

# 70 लाख की सुपाड़ी जब्त बुद्धसेन स्वीट्स पर भी छापा

**कार्रवाई**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल पर छापेमारी कर लाखों रुपये की सुपाड़ी पकड़ी
- बिरहाना रोड पर मिठाई कारोबारी के यहां छापा, मिली गड़बड़ी

**अमृत विचार।** एसजीएसटी की टीमों ने सोमवार को शहर में ताबड़तोड़ छापेमारी कर लाखों रुपये की करअपवंचना पकड़ी है। पहली कार्रवाई में टीम ने सेंट्रल स्टेशन पर छापेमारी कर राजधानी से 70 लाख रुपये की सुपाड़ी बरामद की। उधर शाम को बिरहाना रोड स्थित बुद्धसेन स्वीट्स पर छापा मारकर गड़बड़ी पकड़ी।

एसजीएसटी की टीम ने डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस में छापा मारा। ट्रेन के पार्सल यान में भारी मात्रा में सुपाड़ी बरामद की। रेलवे के सहयोग से सुपाड़ी को एसजीएसटी ने कब्जे में लिया। बताया गया कि प्रारंभिक जांच में सुपाड़ी की कीमत 70 लाख रुपये आंकी गई है।

अपर आयुक्त ग्रेड वन सैमुअल पॉल एन के निर्देश पर संयुक्त आयुक्त शिविका सिंह, प्रशांत कुमार के नेतृत्व में एसजीएसटी टीम ने डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस के आने पर छापा मारा। बताया गया कि दीमापुर से कानपुर लाई गई सुपाड़ी को बरामद किया। टीम ने 206 बोरियां पार्सल यान से बरामद कीं। 12 हजार किलो सुपाडी की कीमत 70 लाख रुपये है। सुपाड़ी को एसजीएसटी कब्जे में लेकर लखनपुर स्थित कार्यालय ले आई। अधिकारियों ने बताया कि जांच की जा रही है। इसमें देखा जाएगा कि कितनी सुपाड़ी का बिल है, कितनी बगैर लिखापढ़ी लाई गई है।

### बड़ी खामियां उजागर

- एसजीएसटी की टीम ने शहर के मशहूर मिठाई कारोबारी बुद्धसेन स्वीट्स के ठिकाने पर सोमवार को छापेमारी की। बिरहाना रोड स्थित कारोबारी के ठिकानों पर कार्रवाई में बड़ी खामियां उजागर हुई हैं। सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान सामने आया कि मिष्ठान कारोबारी के यहां पर कच्चे माल के मुकाबले तैयार उत्पाद कम मिले हैं। इससे बिलों में हेरफेर की आशंका जताई जा रही है। एक दर्जन अधिकारियों की टीम दोनों जगह देर शाम तक दस्तावेजों को खंगालती रही। इलेक्ट्रोनिक डिवाइस को भी कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

### दर्ज हुआ मुकदमा

- फर्जी पते पर बोगस कंपनी के नाम पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराकर करोड़ों रुपये का लेन-देन कर टैक्स चोरी के दो मामले सामने आए हैं। घटना की जानकारी होने पर राज्य कर विभाग ने दोनों कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। नजीराबाद थाने में राज्य कर अधिकारी पंकज रावत की तहरीर पर दर्ज मुकदमे के अनुसार मेसर्स पीके ट्रेडर्स के स्वामी पुष्पेंद्र सिंह निवासी गुरैथा मुरादाबाद ने 27 मई 2025 को दर्शनपुरवा में स्थित पते पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराया था। 20 नवंबर 2025 को जांच के दौरान सामने आया कि उक्त पता फर्जी दस्तावेज के आधार पर जीएसटी पंजीकरण कराया गया। वितीय वर्ष 2025-26 में फर्म ने 20 नवंबर तक 16.44 करोड़ रुपये की बिक्री दिखाई, जिससे सरकार को 3.54 करोड़ रुपये की राजस्व की क्षति हुई है। नजीराबाद थाना प्रभारी राजकेसर यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## सचेंडी में युवक को वाहन ने रौंदा

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में रविवार रात हाईवे पार कर सामान लेने जा रहे प्राइवेट कर्मी को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। मौके पर ही मौत हो गई। आरोप है कि पुलिस ने शव को अज्ञात में दाखिल कर पोस्टमॉर्टम भेज दिया।

मूलरूप से घाटमपुर के बरीपाल निवासी करन सिंह (45) काफी समय से पत्नी विनीता, बेटे सुमित, बेटी प्रांशी के साथ सचेंडी कस्बे में रह रहे थे। बेटे सुमित के अनुसार पिता सचेंडी में स्थित एक रिसॉर्ट में प्राइवेट नौकरी करते थे। उन्होंने बताया कि मालिक ने कुछ खाने का सामान लाने के लिए कहा था। इस पर पिता रात करीब 10 बजे सचेंडी थाने के पास सड़क पार कर सामान लेने जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन उन्हें कुचलते हुए मौके से भाग निकला।

पुलिस ने लापरवाही करते हुए पिता के शव को आननफानन में पोस्टमॉर्टम हाउस भिजवा दिया। सचेंडी इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# मेडिकल कॉलेज में एआई रिसर्च लैब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- एआई डेडिकेटेड मेडिकल रिसर्च लैब के निर्माण में 49 करोड़ रुपये की लागत आएगी
- एनिमल लैब के पुराने भवन में नया भवन बनाया जाएगा, शासन की मांग पर भेजा गया प्रस्ताव

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज 49 करोड़ रुपये की लागत से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एकीकृत डेडिकेटेड मेडिकल रिसर्च लैब बनाने की तैयारी है। शासन की मांग पर इसका प्रस्ताव भेज दिया गया है। लैब में विभिन्न बीमारियों से जुड़ी नई दवाओं पर रिसर्च की जाएगी। साथ ही दवाओं को मरीजों को देने पहले उसका परीक्षण पशुओं पर किया जाएगा। अपेक्षित परिणाम मिलने के बाद उनका उपयोग सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और हैलट अस्पताल में मरीजों पर किया जाएगा। लैब में एनिमल कक्ष भी बनेगा। यहां फार्माकोलॉजी विभाग के छात्र और विशेषज्ञ नई दवा पर रिसर्च करेंगे। इसमें आईआईटी कानपुर और सीएसजेएम विवि की मदद ली जाएगी।

एआई एकीकृत मेडिकल रिसर्च लैब पुरानी एनिमल लैब के पास बनेगा। वर्षों से बंद पड़ी एनिमल लैब की पुरानी इमारत को तोड़ा जाएगा। इसके लिए आदेश जारी हो चुके हैं। लैब पूरी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उपकरणों से लैस होगी, जहां रिसर्च के साथ-साथ डाटा एनालिसिस की भी आधुनिक सुविधा मिलेगी।

इस लैब में मॉलिक्यूलर एंड बायोलॉजी लैब बनेगी। इसमें कोशिका स्तर पर रिसर्च का कार्य होगा। बीमार कोशिकाओं में होने वाले सूक्ष्म बदलावों पर भी शोध होगा। इसमें डीएनए और आरएनए जांच की सुविधा भी उपलब्ध होगी। एआई लैस उपकरण कोशिकाओं में होने वाले आंतरिक बदलावों को पहचानकर बीमारी के शुरुआती संकेतों पर पहले ही अलर्ट दे देंगे। इससे गंभीर बीमारियों की अर्ली डिटेक्शन संभव हो सकेगी। सेल कल्चर लैब भी बनेगी। इसमें एडवांस रिसर्च और जांचें होंगी। बायोकेमिस्ट्री, पैथोलॉजी सहित अन्य सामान्य जांचों से जुड़ी रिसर्च का कार्य भी होगा। एक डाटा स्टोरेज सेंटर भी बनेगा। जहां विभिन्न बीमारियों से संबंधित आंकड़े सुरक्षित रखे जाएंगे।

यह डाटा भविष्य की रिसर्च और उपचार पद्धतियों को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा। इस प्रोजेक्ट में आईआईटी कानपुर और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने करार भी कर लिया है। दोनों संस्थान इस शोध में तकनीकी सहयोग देंगे। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य संजय काला ने बताया कि प्रोजेक्ट का प्रस्ताव भी शासन को भेज दिया गया है।



बुलडोजर ने अवैध निर्माण गिराए। अमृत विचार

# 13,972 लीटर तेल, 1,350 किलो कचरी जब्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- होली पर्व के दृष्टिगत शहर के कई क्षेत्रों में छापेमारी
- नमूने भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए

**अमृत विचार।** होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा विशेष छापेमारी एवं जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 13,972 लीटर खाद्य तेल, जिसकी अनुमानित कीमत 18,15,110 रुपये है, जब्त किया गया।

खाद्य विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में मिलावटखोरी एवं नकली खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तिवारीपुर, जाजमऊ स्थित एक कचरी निर्माण स्थल पर छापेमारी की गई, जहां से लगभग 1350 किलोग्राम रंगीन कचरी, जिसकी अनुमानित कीमत 87,750 रुपये है, बरामद हुई। कचरी में अत्यधिक मात्रा में कृत्रिम रंग पाए जाने के दृष्टिगत सामग्री को जब्त कर लिया गया।

इसके अतिरिक्त आवास-विकास-3, कल्याणपुर क्षेत्र में नकली खाद्य पदार्थों के निर्माण की सूचना पर टीम द्वारा छापा मारा गया, मौके पर रिफाइंड ऑयल, वनस्पति तथा एसेंस का उपयोग कर संदिग्ध खाद्य पदार्थों घी का निर्माण किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संबंधित नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## केडीए ने अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की

**कानपुर।** केडीए की ओर से सोमवार को लगभग 8 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई चिरान गांव में लगभग 3 बीघा अनाधिकृत प्लाटिंग के विरूद्ध की गयी। बिना प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये विकसित की जा रही प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही हुई। इसी तरह मन्धना में लगभग 3 बीघा अनाधिकृत प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। गांव सिंहपुर में लगभग 2 बीघा अवैध प्लाटिंग के खिलाफ भी जेसीबी गरजी। कार्यवाही के दौरान अवर अभियन्ता हिमांशु बर्नवाल, सुपरवाइजर अनिल शर्मा, राम औतार, राज कुमार मौजूद रहे।

## कार्डियोलॉजी के पास लकी होटल का लाइसेंस निरस्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर में कार्डियोलॉजी के पास लकी होटल में देर रात खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। किचन में भारी गंदगी और खाद्य मानकों की अनदेखी मिलने पर होटल का फूड लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। खाद्य विभाग के सहायक आयुक्त संजय प्रताप सिंह के दिशा निर्देश में लकी होटल पर कार्रवाई की गई। टीम में किचन में सब्जी काटने , भोजन तैयार करने एवं बर्तन साफ करने वाले स्थानों का निरीक्षण किया। सब्जी काटने वाले प्लेटफार्म व कुकिंग एरिया में भारी गंदगी पाई गई। बर्तनों की धुलाई की व्यवस्था भी ठीक नहीं थी। किचन में गंदगी थी। कर्मचारी बिना हेड कैप के खाना बना रहे थे। सहायक आयुक्त खाद्य संजय प्रताप सिंह ने कहा कि होटल आदि पर कार्रवाई नियमित जारी रहेगी।

**त्योहार** | 12 बजकर 50 मिनट से 2 बजकर 2 मिनट के बीच श्रेष्ठ समय, 3 मार्च को चंद्रग्रहण 3 बजकर 20 मिनट से शाम 6 बजकर 46 मिनट तक

# 2 मार्च की आधी रात के बाद होलिका दहन, 3 को चंद्रग्रहण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** इस बार होली पर्व को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इस भ्रम को दूर करते हुए ज्योतिषाचार्यों ने रंगोत्सव 4 मार्च को मनाए जाने की घोषणा कर दी है। बताया गया कि 2 मार्च की अर्धरात्रि के बाद 12 बजकर 50 मिनट से 2 बजकर 2 मिनट (3 मार्च की सुबह) के बीच होलिका दहन का श्रेष्ठ समय रहेगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण लग रहा है, यह ग्रहण 3 बजकर 20 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 46 मिनट तक लगेगा। सूतक सुबह 9 बजकर 20 मिनट से लागू होगा। 4 मार्च को ही पूरे देश में रंगोत्सव के रूप में होली मनाई जाएगी।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि शास्त्रीय गणना के अनुसार 2 मार्च को अर्द्धरात्रि के बाद भद्रा के पुच्छकाल में होलिका दहन करना उचित और शास्त्रसम्मत रहेगा। धर्म ग्रंथों के अनुसार होलिका दहन के लिए पूर्णिमा तिथि, भद्रा मुक्त समय और रात्रि काल का होना जरूरी माना जाता है। इस बार भद्रा पूरी रात रहने के कारण उसके पुच्छ काल में ही दहन करना शास्त्र अनुसार शुभ बताया गया है। फाल्गुन पूर्णिमा 2 मार्च की शाम 5:55 बजे से प्रारंभ हो रही है और इसका समापन 3 मार्च को शाम 5:07 बजे होगा।

लेकिन पूर्णिमा लगते ही भद्रा का प्रवेश होने से होलिका दहन के मुहूर्त में बदलाव रहेगा। शास्त्रों में भद्रा के मुख काल में होलिका दहन वर्जित बताया गया है, जबकि पुच्छ काल को अशुभ नहीं माना गया है। ऐसे में 2 मार्च की अर्धरात्रि के बाद 12 बजकर 50 मिनट से 2 बजकर 02 मिनट (3 मार्च की सुबह) के बीच होलिका दहन का श्रेष्ठ समय रहेगा।

### 3 को रहेगा सूतक

- 3 मार्च को चंद्रग्रहण लग रहा है, यह ग्रहण 3 बजकर 20 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 46 मिनट तक लगेगा। भारत में ग्रहण चन्द्रोदय के साथ शाम 6 बजकर 14 मिनट से शुरू होगा और 6 बजकर 46 मिनट पर समाप्त होगा। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक ग्रहण से करीब 9 घंटे पहले सूतक काल प्रारम्भ हो जाता है. यानि कि सुबह 9 बजकर 20 मिनट से सूतक लगेगा। सूतक काल में किसी भी प्रकार का शुभ कार्य या उत्सव करना मना होता है। इसलिए रंगोत्सव करना शास्त्र सम्मत नहीं है, इसके चलते 3 मार्च को होली नहीं खेली जाएगी। चंद्रग्रहण और सूतक की वजह से 4 मार्च को रंगों का त्योहार मनाया जाएगा।

### 4 को होगा रंगोत्सव

- जब चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि में सूर्योदय हो, उसी दिन वसंतोत्सव अथवा रंगोत्सव मनाया जाना चाहिए। इस वर्ष 4 मार्च को सूर्योदय के समय चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि विद्यमान रहेगी। इसलिए शास्त्रीय मर्यादा और लोक परंपरा के अनुसार 4 मार्च को ही पूरे देश में रंगोत्सव के रूप में होली मनाई जाएगी।

### होलिका दहन के लिए जरूरी

*ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि शास्त्रों (धर्मसिंधु व निर्णयसिंधु) के अनुसार होलिका दहन के लिए सही समय का चुनाव करते समय कुछ बातों का खास ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है।*

**पूर्णिमा तिथि**

- होलिका दहन के समय पूर्णिमा तिथि का होना आवश्यक माना गया है। जिस दिन सूर्यास्त के समय पूर्णिमा तिथि मौजूद रहे, उसी दिन होलिका दहन करना चाहिए।

**भद्रा रहित मुहूर्त**

- भद्रा काल के दौरान शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। ऐसे में भद्रा न होने का मुहूर्त चुनना चाहिए। भद्रा जब चरम पर हो तब होलिका दहन करना वर्जित माना गया है। प्रदोष काल में भद्रा होने पर, भद्रा का समय खत्म होने तक इंतजार करना चाहिए।

**भद्रा पूंछ**

- अगर भद्रा मध्यरात्रि के बाद तक रहती है और दहन के लिए समय नहीं बचता, तो आपातकालीन स्थिति में 'भद्रा पूंछ' के दौरान होलिका दहन किया जा सकता है। लेकिन 'भद्रा मुख' में होलिका दहन कभी नहीं करना चाहिए।

## सिटी ब्रीफ

### युवक का शव लटका मिला, हत्या का आरोप

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र के गज्जापुरवा गांव से 200 मीटर दूर सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ में रस्सी के सहारे विकास (20) का शव लटका मिला। परिजनों ने प्रेमप्रसंग में युवती के परिजनों पर हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। गज्जापुरवा गांव निवासी जयप्रकाश हरियाणा में किसी आश्रम में साधू हैं। उनका बेटा विकास खेती किसानी करता था। भाइयों के अनुसार विकास का गांव की एक युवती से प्रेम चल रहा था। आरोप है कि रविवार रात भी वह युवती से मिलने गया था। वहां युवती के परिवारीजनों ने उसे जमकर पीटा। इसके बाद उसकी हत्या के बाद शव को पेड़ से फंदे पर लटका दिया। शव मिलने के बाद परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। सचेंडी इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। जांच की जा रही है।

### चाइनीज मांझा मामले में कार्रवाई

**कानपुर।** चाइनीज मांझे की चरखियों और पतंगों के साथ दो युवकों के पकड़े गए मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपितो के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।बीते रविवार की शाम को पुलिस ने सनिगवां के बजरंग ग्राउंड में छापेमारी कर चाइनीज मांझे की 17 चरखियो और 80 पतंग के साथ दो आरोपित सनिगवां के चंद्र नगरी निवासी हारिश उर्फ सारिक और गणेशपुर निवासी लखन राजपूत को गिरफ्तार किया था। थाना प्रभारी अजय पीकाश मिश्र ने बताया कि आरोपितो के खिलाफ लोगों की जान को खतरे में डालने, आदेश की अवहेलना करना, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आरोपितो से पूछताछ के आधार मांझा की बिक्री करने वालो की तलाश की जा रही है।

### दंपति से मारपीट एफआईआर दर्ज

**कानपुर।** नौबस्ता थाना क्षेत्र में घर के बाहर दंपति से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार दयालपुरम नई बस्ती निवासी रामगोपाल पत्नी सुशीला है। उनके मुताबिक बीते शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे महुआ गली निवासी कुलदीप यादव व तिरंबी निवासी मित्र आलोक उर्फ जुज्जू अपने 8-10 अज्ञात साथियों के साथ घर के बाहर पहुंचे। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए डंडों, बेल्ट और धारदार हथियार से हमला कर दिया और जबरन जानवर खोलकर ले जाने का प्रयास करने लगे।

# फेसबुक पर नौकरी का विज्ञापन देखकर झांसे में आए, ठगे गए

## सऊदी अरब में नौकरी पाने के चक्कर में 1.20 लाख गंवाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवईनगर में सऊदी अरब में नौकरी का झांसा देकर युवक से 1.20 लाख की ठगी हुई। कुछ दिन युवक को टरकाने के बाद आरोप पांच हजार रुपये लौटाए। पूरा पैसा मांगने पर आरोपी ने धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

जूही सफेद कालोनी निवासी सैफ खान के अनुसार वह नौकरी की तलाश में थे। इसी बीच उन्होंने फेसबुक पर सऊदी अरब में नौकरी दिलाने का विज्ञापन देखा। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो फिरोज अली नामक व्यक्ति से बात हुई। फिरोज के बताए पते परमपुरवा में दानिश स्कूल के पास उनकी उससे मुलाकात हुई। आरोप है कि फिरोज अपने पिता नफीस व भाई अमजद के साथ मिलकर विदेश में नौकरी लगवाने का काम करता है। फिरोज ने उन्हें नौकरी के बारे में जानकारी दी। पीड़ित के अनुसार वह उसकी बातों में आ गया। कागजात के साथ फिरोज ने नौकरी लगवाने के नाम पर उससे 1.20 लाख रुपये की मांग की। इस पर उन्होंने एक लाख रुपये ऑनलाइन और 20 हजार रुपये नगद दिए। पैसे देते समय दो लोगों की मौजूदगी थी। पैसे मिलने पर आरोपी ने तीन माह के अंदर नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। सैफ के अनुसार तय समय में उन्हें नौकरी नहीं मिली तो उन्होंने फिरोज से संपर्क किया। इस पर वह टरकाने लगा। कई बार मोहलत मांगी। इस तरह करीब दो साल बीत गए। उन्हें भी फ्राड का संदेह होने लगा। फिर पैसे लौटाने का दबाव बनाया। इस पर आरोपी ने टरकाया और करीब पांच हजार रुपये दिए। फिर टोकने पर रकम लौटाने से मना कर दिया और अपनी पहुंच की धमकी देकर फर्जी मामले में फंसाने को धमकाया। इसके बाद पुलिस से शिकायत की। किदवईनगर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

- पीड़ित ने आरोपी पिता-पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

### नौकरी के नाम पर ठगी, आरोपी गया जेल

**कानपुर।** बर्रा में नौकरी का झांसा देकर युवक से ठगी में आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा है। हनुमंत विहार के न्यू श्यामनगर निवासी सुनील कुमार साहू के अनुसार 2021 में बेरोजगार होने पर उन्होंने नौकरी की तलाश शुरू की। इसी बीच उनकी मुलाकात दीपक कुमार से हुई। उसने नौकरी का भरोसा दिलाया और आधार, पैन कार्ड और बैंक पासबुक की फोटोकॉपी ली। बाद में पता चला कि आरोपी दीपक ने उसके नाम पर आठ लाख रुपये का लोन करा लिया है। उससे लोन अपने नाम ट्रांसफर कराने को कहा तो आरोपी ने रुपये मांगे। उसे फोन करके धमकाया। कहा, रुपये न देने पर बैंक वाले घर पर कार्रवाई करेंगे व पुलिस गिरफ्तार करेगी। डर के कारण उसने पांच हजार से लेकर दस हजार रुपये तक उसे कई बार में दिए। पीड़ित का आरोप है कि वह अब तक करीब छह लाख रुपये दे चुका है। रविवार को आरोपी ने फिर फोन कर 2500 रुपये मांगे। उसे बर्रा बाइपास पर बुलाया। इसकी जानकारी उसने परिजनों को दी और आरोपी को पकड़कर बर्रा पुलिस के हवाले कर दिया। बर्रा थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है।

### रिटायर दरोगा समेत दो के खाते से निकाले 1.41 लाख

**चकेरी।** साइबर ठगों ने रिटायर दरोगा समेत एक युवक के खाते से 1.41 लाख रुपये उड़ा दिए। जिसके बाद पीड़ितों ने चकेरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। चकेरी के कृष्णा नगर निवासी विजय प्रताप प्रसाद के अनुसार बीती छह जुलाई 2025 को उनके पास अनजान नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंककर्मी बताया। जिसके बाद आरोपित ने उन्हें क्रेडिट कार्ड अपडेट करने का झांसा देकर उनके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। पीड़ित ने बताया कि लिंक को क्लिक करते ही उनके क्रेडिट कार्ड से 58 हजार रुपये निकल गए। मोबाइल पर मैसेज आने पर उन्हें इसकी जानकारी हुई। जिसके बाद पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत की। साइबर सेल में शिकायत करने और जांच होने के बाद उन्होंने चकेरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया। वही दूसरी घटना के पीड़ित कर्मचारी नगर निवासी रिटायर दरोगा गोकुल सिंह सोलंकी के अनुसार उनके खाते से साइबर ठगों ने 89 हजार रुपये पार कर दिए।

### साइबर ठगों ने खाते से 8.20 लाख उड़ाए

**कानपुर।** काकादेव में बिजली कटने के बाद व्यापारी के मोबाइल पर एक लिंक आया। जिसे क्लिक करने के बाद व्यापारी का मोबाइल हैक कर साइबर ठगों ने उनके खाते से 8.20 लाखरुपये पार कर दिए। घटना की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल और पुलिस से शिकायत पुलिस से की। आरोप है कि बावजूद इसके काकादेव पुलिस 12 माह तक पीड़ित को टरकाती रही। आलाधिकारियों से शिकायत के बाद काकादेव पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।काकादेव पुरानी बस्ती निवासी अमित निगम के अनुसार बीती 18 जनवरी 2025 को बिजली कटने के कारण उनके मोबाइल पर लिंक आया। जिसे क्लिक करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। कुछ समय बाद जब उनका मोबाइल ऑन हुआ तो उन्हें खाते से 8.20 लाख रुपये निकलने का मैसेज आया। जिसके बाद उन्होंने बैंक जाकर जानकारी कि तो पता चला कि साइबर ठगों ने पहले उनके बैंक खाते में इंटरनेट बैंकिंग एक्टिवेट की। उसके बाद खाते से 8.20 लाख रुपये पार कर दिए। काकादेव थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। साइबर सेल की मदद से आरोपितों पर कार्रवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें



सेंट्रल पर पकड़ी गईं पानी की अवैध बोतलें। अमृत विचार

# सेंट्रल पर ट्रेनों में छापा 600 बोतलें बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नेता जी एक्सप्रेस एवं जोधपुर सुपरफास्ट में छापा, रेल नीर की जगह दूसरा पानी मिला

**अमृत विचार।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर कई ट्रेनों में प्रयागराज मंडल की रेल अफसरों की टीम ने अचानक छापा मारा तो दो ट्रेनों में 600 अनाधिकृत रूप से बेची जा रही पानी की बोतलें बरामद हुईं।

सोमवार को मण्डल रेल प्रबन्धक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज हरिमोहन के नेतृत्व में कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। वाणिज्य निरीक्षक कानपुर, मुख्य टिकट निरीक्षक कानपुर तथा चेकिंग स्टाफ की संयुक्त टीम द्वारा गाड़ी संख्या 12312 नेता जी एक्सप्रेस एवं 12307 जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के पैंट्रीकार की सघन जांच की गई। जांच के दौरान पैंट्रीकार में अनधिकृत ब्रांड के पैकेज्ड पेयजल की कुल लगभग 600 बोतलें बरामद की गईं इनमें एल्विस एवं बिसलेरी ब्रांड नाम से उपलब्ध बोतलें शामिल थीं, जिनकी आपूर्ति नियमों के अंतर्गत स्वीकृत नहीं पाई गई। जांच टीम द्वारा तत्काल प्रभाव से सभी 600 बोतलों को पैंट्रीकार से उतारकर नियमानुसार जब्त कर लिया गया तथा उन्हें रेलवे के एलपीओ कार्यालय में जमा करा दिया गया। उत्तर मध्य जोन के जनसपर्क अधिकारी अमित सिंह का कहना है कि ट्रेनों एवं रेलवे परिसरों में केवल अधिकृत विक्रेताओं द्वारा स्वीकृत ब्रांड की वस्तुओं की ही बिक्री की अनुमति है।

# लाइसेंस दिलाने का झांसा दे 9 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- साइबर ठग ने लगाया चूना, रिपोर्ट दर्ज की गई

**अमृत विचार।** साइबर ठग ने कस्टमर सर्विस प्वाइंट (सीएसपी) लाइसेंस दिलाने के नाम पर विजय नगर निवासी ज्ञानेंद्र सिंह से 9.68 लाख रुपये की ठगी की। पीड़ित ने मामले की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल और पुलिस से की। आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस उन्हें 12 माह तक टरकाती रही। पीड़ित की शिकायत पर काकादेव पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। ज्ञानेंद्र सिंह के अनुसार बीती छह दिसंबर 2024 को उनके वाट्सएप पर मधु शर्मा नाम की एक महिला कि कॉल आई। आरोप है कि महिला ने सीपीसी अनुसंधान केंद्र का लाइसेंस दिलाने का झांसा दिया। क्यूआर कोड भेजकर अलग-अलग किस्तों में तीन लाख रुपये से अधिक का भुगतान कराया। उनसे एपीएस पेआउट और डीएमटी वॉलेट में रकम मंगाई गई। इसके बाद सरकारी फंड अटकने की बात कहकर दोबारा भुगतान करवाया। आरोपितों ने उनसे कुल 9.68 लाख रुपये ट्रांसफर करवाये। जनवरी 2025 में सूरज नाम के व्यक्ति की कॉल आई। जिसने खाते में रकम मंगवाकर दोगुना करके लौटाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद से आरोपित लगाकर उन्हें टरका रहे थे। काकादेव थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

# जनवरी में यातायात पुलिस ने किए 10,108 चालान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़कों पर नियम तोड़ने वालों पर हुई सख्ती से हादसों में कमी
- बैठक में सीएमओ के आने पर चेतावनी दी

**अमृत विचार।** जनवरी 2026 में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा 10,108 चालान किए गए। इनमें 6,297 ओवर स्पीड, 1,307 नो पार्किंग, 996 हेलमेट न पहनने और 938 विपरीत दिशा में वाहन संचालन के मामले शामिल रहे। इससे पहले नवंबर 2025 में 2,267 और दिसंबर 2025 में 3,202 चालान किए गए थे। यातायात विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से हादसों में कमी आई।

सोमवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात नियम सुझाव नहीं, जीवन रक्षा के नियम हैं। इनका पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। समीक्षा में सामने आया कि प्रवर्तन में बढ़ी सख्ती का सीधा असर दुर्घटनाओं के आंकड़ों में दिखाई दे रहा है। दुर्घटनाओं में भी लगातार कमी दर्ज की गई।

नवंबर 2024 की तुलना में नवंबर 2025 में दुर्घटनाएं 34 से घटकर 26 रहीं। मृतकों की संख्या 19 से घटकर 14 और घायलों की संख्या 23 से घटकर 13 हो गई। दिसंबर 2024 में 57 दुर्घटनाएं थीं, जो दिसंबर 2025 में घटकर 37 रह गईं। जनवरी 2025 में 37 दुर्घटनाओं के मुकाबले जनवरी 2026 में यह संख्या घटकर 24 रह गई। मृतक 26 से घटकर 17 और घायल 23 से घटकर 9 हो गए। बैठक में नगर निगम के चीफ इंजीनियर और मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि महत्वपूर्ण बैठकों में जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### स्पीड लेजर गन, ब्रेथ एनालाइजर से लैस टीम तैनात

जनपद के क्रिटिकल कॉरिडोर पर महाराजपुर, चकेरी, नौबस्ता, गोविन्दनगर, गुजैनी, बर्रा, हनुमन्त विहार, पनकी, सचेण्डी, बिठूर, शिवराजपुर, चौबेपुर, बिल्हौर, अरौल, बिधनू, साढ़, घाटमपुर और सजेती सहित 18 थानों को शामिल करते हुए 20 विशेष टीमें गठित की गई हैं। चौबेपुर और घाटमपुर से दो-दो टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम में एक प्रभारी उपनिरीक्षक और चार आरक्षी तैनात हैं। टीमों को स्पीड लेजर गन, बॉडी वॉर्न कैमरा, डेसीबल मीटर, ब्रेथ एनालाइजर, रिफ्लेक्टिव जैकेट, सर्च लाइट, लाउड हेलर, फर्स्ट एड किट और स्ट्रेचर जैसे उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे प्रवर्तन के साथ आपात स्थिति में त्वरित सहायता भी सुनिश्चित हो सके।

### सड़क खोदकर छोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

बैठक में सड़कों की गुणवत्ता और जवाबदेही पर भी कड़ा रुख अपनाया गया। लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और राष्ट्रीय राजमार्ग से खुदी सड़कों की सूची मांगी गई। रावतपुर क्रॉसिंग से डबल पुलिया तक क्षतिग्रस्त सड़क के मामले में जल निगम/जलकल की रोड कटिंग पर नाराजगी जताई।



क्लब की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

# टोस्टमास्टर्स क्लब की बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर टोस्टमास्टर्स क्लब ने संस्थापक के 148वें जन्मदिन पर 300वीं बैठक आयोजित की। टोस्टमास्टर्स इंटरनेशनल एक गैर-लाभकारी शैक्षिक संगठन है। सारंग एस. नांदेड़कर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया। बैठक की शुरुआत दिन के टोस्टमास्टर यश संतोषी ने की, सत्यम सिंह ने एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे मार्गदर्शन ने उनके व्यक्तिगत और संचार कौशल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष त्रिपाठी ने जनसंपर्क का काम संभाला।

# और जगह भी बनेंगी व्हाइट टॉपिंग रोड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता को 15वें वित्त आयोग में प्रस्ताव रखने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** शहर में पहली बार वार्ड-32 में रायपुरवा थाने के सामने व्हाइट टॉपिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम का दावा है कि आधुनिक व मॉडल यह व्हाइट टॉपिंग रोड 20 से 25 साल तक चलेगी और 40 टन का भार भी सह सकेगी। बार-बार मरम्मत की जरूरत नहीं होगी। इससे प्रभावित होकर नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता को निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार की सड़क को 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत बनाने के लिए भविष्य के प्रस्ताव रखा जाए। सीएम ग्रिड में भी इसी प्रकार की सड़कों का निर्माण आने वाले समय में किया जाए।

वार्ड-32 के पार्षद आकर्ष बाजपेयी के मुताबिक यह कानपुर में सबसे पहले रायपुरवा में व्हाइट टॉपिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी लागत करीब 65 लाख रुपये हैं। यह रोड 150 एमएम ब्रेथ व एम 40 ग्रेड कंक्रीट से निर्मित की जा रही है। इस वजह से यह रोड करीब 40 टन वजन सहन कर सकती है। इसकी लाइफ लाइन 20 से 25 साल होगी। इसमें मजबूती प्रदान करने के लिए कंक्रीट में माइक्रोफाइर मटेरियल मिलाया जाता है। ताकि इसमें दरारें न हो सके, इसलिए चैकोर ब्लॉक में काटा जाता है। ड्रेनेज व्यवस्था के लिए रोड की इस प्रकार डिजाइन बनायी गयी है कि इसके चौकोर ब्लाक में छोटे-छोटे जलनिकासी के लिए रास्ता बनाया गया है, जिससे जल का ठहराव सड़क पर नही होगा और सीधे नाली के रास्ते निकासी सुनिश्चित हो जायेगी। मुख्य अभियंता एसएफए जैदी के मुताबिक यह सड़क जलभराव के समय काफी उपयोगी साबित होगी और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इसमें कोई गड्ढे नहीं होते है। बरसात के मौसम के बाद भी सड़क समतल रहेगी। यह सीसी रोड से अधिक उपयोगी साबित होगी। इसकी लागत भी सीसी रोड की काफी कम है। नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय के निर्देश पर इस प्रकार की सड़क को 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत बनाने के लिए भविष्य में प्रस्ताव रखा जाएगा।

### अब एसबीएम सीएसजेएमयू में एफडीपी शुरू

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ बिज़नेस मैनेजमेंट की ओर से 'सिस्टेमैटिक लिटरेचर रिव्यू एवं बिब्लियोमेट्रिक एनालिसिस' विषय पर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू हुआ। उद्देश्य शिक्षकों एवं शोधार्थियों की शोध क्षमताओं को सुदृढ़ करना है। प्रतिभागियों को साहित्य समीक्षा की पद्धतियों, बिब्लियोमेट्रिक विश्लेषण तथा शोध डेटा विज़ुअलाइजेशन का संरचित एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में स्कूल ऑफ बिज़नेस मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. सुधांशु पाण्डिया ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम के दौरान उपकरणों एवं पद्धतियों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

# दक्षिण में तीन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई

**कानपुर।** कमिश्नरेट पुलिस ने दक्षिण जोन में अलग-अलग थानों में तीन शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। इनके लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर पुलिस ने इनकी कड़ी निगरानी शुरू कर दी है।

हनुमन्त बिहार थाना क्षेत्र के अमन सिंह सेंगर के खिलाफ मारपीट, बलवा, छेड़छाड़, धमकी समेत यूपी गैंगस्टर एक्ट तक के कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं। उसके खिलाफ नौबस्ता, बर्रा और हनुमन्त बिहार थानों में वर्ष 2021-25 तक मुकदमे दर्ज हुए हैं। पुलिस के अनुसार उसकी गतिविधियां क्षेत्र की कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बन रही थीं, जिस कारण निगरानी सूची में डाला गया है।

इसी क्रम में सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के अरुण कुमार कुरील पर चोरी, सेंधमारी और अन्य गंभीर धाराओं में कुल 11 मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2021 से 24 के बीच नौबस्ता और सेन पश्चिम पारा थानों में उसके खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज हुए। पुलिस का कहना है कि वह चोरी की घटनाओं में सक्रिय रहा है। वहीं बर्रा गांव निवासी विशाल पासवान की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। विशाल पर चार मुकदमे दर्ज हैं। उसके खिलाफ बर्रा थाने में वर्ष 2022 से 25 तक मामले पंजीकृत हुए हैं।

## समस्या

सड़क को घेरे में लिए सब्जी दुकानें, गुरु गोविंद सिंह चौक से लेकर सब्जीमंडी में पैदल चलना भी दूभर

# गुमटी में सब्जी दुकानदारों की भेंट चढ़ी सड़क

## अराजकता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुमटी नंबर पांच स्थित सब्जी मंडी की सड़क सब्जी दुकानों की भेंट चढ़ गयी है। दर्जनों की संख्या में सब्जी की दुकानें बीच सड़क पर लगी रहती हैं। शाम को यदि आप इस सड़क से निकला चाहें तो परेशान हो जाएंगे।

गुमटी नंबर पांच में गुरु गोबिंद सिंह चौक से सब्जीमंडी की ओर जाने वाली सड़क का बुरा हाल है। 15 से 20 साल पहले ये सड़क बनी थी, उसके बाद से ये सड़क कभी नहीं बनाई गई। सब्जी मंडी के अंदर जैसे ही आप दाखिल होंगे, वहीं से सड़क के दोनों ओर दर्जनों दुकानें सड़क पर फैली दिखाई देंगी। थोड़ा आगे बढ़ने पर मंदिर के बाद बीच सड़क पर ही सब्जी की दुकानें लगती हैं। यहीं दुकानों पर चार पहिया वाहन दिनभर माल उतारते रहते हैं जिससे जाम लगा रहता है।



ऊबड़ खाबड़ सड़क पर पैदल चलना भी कठिन है। अमृत विचार



सड़क पर सब्जी दुकानदारों का कब्जा। अमृत विचार

### क्या बोले सब्जी मंडी के लोग



सब्जीमंडी सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में है। भाजपा विधायक राकेश सोनकर एवं कांग्रेस विधायक संजीव दरियाबादी ने सब्जी मंडी की सड़क का निर्माण कराया था लेकिन उसके बाद सड़क का निर्माण नहीं हुआ। फुटपाथ, नालियां भी बजबजा रही हैं जिसमें हमेशा कचरा भरा रहता है।
–बलबीर सिंह



कई वर्ष पूर्व सब्जी मंडी की सड़क का पैचवर्क आधा अधूरा कराया गया जो कुछ ही महीने में उखड़ गया। नालियों की सफाई कई वर्षों से नहीं हुई है, सब्जी मंडी का सारा कचरा नालियों में जाता है जिसकी दुर्गंध से क्षेत्रीय लोग परेशान होते हैं।
–श्याम जी वर्मा



बारिश में घुटनों तक सब्जी मंडी में बारिश का पानी और नालियों का कचरा घरों तक भर जाता है क्योंकि नालियां चोक हैं। सब्जी मंडी की सड़क बहुत चौड़ी है लेकिन नालियां खराब होने के कारण लोग सड़क पर ही दुकानें लगाने को मजबूर हैं।
–भुल्लू गुप्ता



घर के आगे सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गये, चंदा करके उसमें मिट्टी डालना पड़ा क्षेत्र के हजारों लोग परेशान रहते हैं क्योंकि शाम होते ही सड़कों पर जाम लग जाता है। कई बार जनप्रतिनिधियों से समस्या दुरुस्त कराने की गुहार लगाई गई।
–अमित कुमार

### ई-रिक्शा की टक्कर से युवक का हाथ टूटा

**कानपुर।** बर्रा थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन के पास तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक बीती 15 फरवरी बर्रा-4 निवासी राजेन्द्र भट्ट मित्र अमित अवस्थी सड़क पार करने का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच उल्टी दिशा से आ रहे ई रिक्शा ने लापरवाही से मोड़ते हुए उन्हे टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। आरोप है कि चालक नशे में था। इलाज के लिए वह निजी अस्पताल पहुंचे, तो हाथ फ्रैक्चर होने का पता चला। बताया कि शरीर में गंभीर चोटें है।

सिटी ब्रीफ

### देहदान महायज्ञ में 318वीं आहुति


प्रमोद शंकर।

**कानपुर।** युग दधीचि देहदान महायज्ञ में 318वीं आहुति दी गई। सोमवार को रामबाग, आरके नगर निवासी 65 वर्षीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी प्रमोद शंकर दीक्षित की पार्थिव देह उनके देहदान संकल्प को पूरा करते हुए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को सौंपी गयी। यह देह देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर एवं माधवी सेंगर के नेतृत्व में समर्पित की गई। देह समर्पण के समय सेंगर दंपति के साथ स्व प्रमोद शंकर दीक्षित के भाई अजय शंकर दीक्षित, पत्नी रेनू दीक्षित एवं परिजन डा बीके पाण्डेय, डा श्रीवर अग्निहोत्री, डा शरद बाजपेई, डा नीरू पाण्डेय, विजय नारायण तिवारी मुकुल, मधु बाजपेई, सीमा अग्निहोत्री, प्रदीप पाण्डेय उपस्थित रहे।

### रेहान व अंशिका ने मारी बाजी

**कानपुर।** डॉ अंबेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी का दिव्यांगजन का वार्षिकोत्सव सोमवार से शुरु हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सीपीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर विजय शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि इंजीनियर विजय शर्मा ने छात्रों को टेक्निकल एजुकेशन के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों में भागीदारी से होने वाले सर्वांगीण विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में एआईटीडी के अतिरिक्त एचबीटीयू, सीएसजेएमयू सहित अन्य संस्थानों के छात्रों ने हिस्सा लिया। शाटपुट बालक में प्रथम स्थान एचबीटीयू के रेहान, द्वितीय तुषार यूपीटीटीआई तथा तृतीय स्थान प्रशांत पांडे एआईटीडी। शाटपुट बालिका में अंशिका एआईटीडी से प्रथम, रिचा एआईटीडी द्वितीय एवं माधुरी यूपीटीटीआई तृतीय स्थान पर रही।

### ग्रामीणों को किया जागरूक

**कानपुर।** सीएसजेएमयू की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-6 के स्वयं सेवकों ने ग्राम पंचायत बिठूर के उदेतपुर में सात दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया। कैंप के अंतिम दिवस में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ श्याम मिश्रा रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा सात दिवसीय कैंप में विभिन्न प्रकार के आयोजनों के माध्यम से यथा साक्षरता मिशन, योग, स्वच्छ भारत मिशन, सफाई अभियान, निशुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप तथा परामर्श कार्यक्रम, स्वच्छ जल मिशन, पर्यावरण संरक्षण पर ग्राम वासियों को उनके प्रति जागरूक करने के लिए बधाई दी। इस दौरान 2 सौ ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच भी हुई।

### सलाहकार समिति की हुई बैठक

**कानपुर।** सीएसए की ओर से कृषि विज्ञान केन्द्र, दरियापुर, में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता डा वीके त्रिपाठी निदेशक प्रसार ने की। कृषकों से कहा गया कि वे अपनी आय में वृद्धि कृषि विविधिकरण के साथ पुष्पोत्पादन और सब्जी उत्पादन कर सकते हैं। उन्होंने कृषकों को बागवानी में अन्तः फसली खेती के लिए हल्दी, ड्रैगनफ्रूट, रसभरी तथा फूलों में गेंदा ग्लैडियोलस लगाकर अतिरिक्त आमदनी का सुझाव दिया।

# होली पर ट्रेनों की बरसात, कई के फेरे बढ़े, डिब्बे लगे

## त्योहार पर यात्रियों की भीड़ बढ़ने पर रेलवे ने की व्यवस्था, अधिकतर ट्रेनें फुल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे अधिकारियों ने होली के मौके पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए कई ट्रेनों के फेरे बढ़ा दिये हैं और कई ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बे लगाए हैं।

- गाड़ी संख्या 05219 मुजफ्फरपुर से आनन्द विहार टर्मिनल प्रत्येक शुक्रवार को चलती है, इसमें 27 फरवरी के लिए डिब्बे बढ़ाए गए हैं, इस गाड़ी में पार्सल 2, इकॉनमी-12, एसी द्वितीय 8 कुल 22 डिब्बे होंगे।
- गाड़ी संख्या 05220 आनन्द विहार टर्मिनल से मुजफ्फरपुर प्रत्येक शनिवार को चलती है, इस ट्रेन में 28 फरवरी को पार्सल 2, इकॉनमी-12, एसी द्वितीय 8 कुल 22 डिब्बे होंगे।
- गाड़ी संख्या 03257 दानापुर-आनन्द विहार टर्मिनल में 1 मार्च रविवार को पार्सल 2, सामान्य - 4, स्लीपर-10, एसी तृतीय-2, एसी द्वितीय 2 कुल 20 डिब्बे होंगे।
- गाड़ी संख्या 03258 आनन्द विहार टर्मिनल-दानापुर में 2 मार्च को पार्सल 2, सामान्य - 4, स्लीपर-10, एसी तृतीय-2, एसी द्वितीय 2 कुल 20 डिब्बे होंगे।
- गाड़ी संख्या 03309 धनबाद-दिल्ली प्रत्येक मंगलवार और शनिवार 24 फरवरी एवं 3 मार्च को एसएलआर-02, सामान्य-2, स्लीपर-4, इकॉनमी-12 कुल 20 डिब्बे होंगे।
- गाड़ी संख्या 03310 दिल्ली-धनबाद प्रत्येक बुधवार एवं रविवार 25 फरवरी एवं 4 मार्च को एसएलआर-02, सामान्य-2, स्लीपर-4, इकॉनमी-12 कुल 20 डिब्बे होंगे।
- गाड़ी संख्या 03251 दानापुर-बेंगलुरु प्रतिदिन चलती है, 25 फरवरी से 4 मार्च तक एसएलआर/डी-2, सामान्य -8, स्लीपर-10, एसी तृतीय-2, एसी द्वितीय -2 कुल 24 डिब्बे होंगे।
- गाड़ी संख्या 03252 बेंगलुरु-दानापुर प्रतिदिन 27 फरवरी एवं 6 मार्च को एसएलआर/डी-2, सामान्य -8, स्लीपर-10, एसी तृतीय-2, एसी द्वितीय -2 कुल 24 डिब्बे होंगे।

### होली पर उधना से रक्सौल तक विशेष ट्रेन




- होली पर यात्रियों के लिए उधना से रक्सौल तक विशेष ट्रेन संचालित की जाएगी। उधना से ये गाड़ी 22 फरवरी को चल चुकी है जो आज कानपुर सेंट्रल स्टेशन होते हुए गुजरेगी जबकि रक्सौल से 24 फरवरी को चलेगी और 25 फरवरी को कानपुर से गुजरेगी। इस ट्रेन में 1 एसी द्वितीय, 3 एसी तृतीय, 12 स्लीपर, 2 सामान्य, 2 एसएलआर कुल 20 डिब्बे होंगे।
- गाड़ी संख्या 09151 उधना से दोपहर 3 .35 बजे रवाना होगी। रतलाम रात 10 .20 बजे, कानपुर सेंट्रल स्टेशन दोपहर 12 .30 बजे, गोरखपुर सायं 6 .55 बजे, रक्सौल मंगलवार को रात 00 .15 बजे पहुंचेगी।
- गाड़ी संख्या 09152 रक्सौल से सुबह 5 .30 बजे रवाना होगी। गोरखपुर सुबह 9 .940 बजे, गोंडा दोपहर 12 .22 बजे, कानपुर सेंट्रल सायं 4 .30 बजे, बीना रात 11 .40 बजे, उज्जैन सुबह 4 .25 बजे, रतलाम सुबह 6 .15 बजे, उधना बुधवार को दोपहर 1.05 बजे पहुंचेगी।

### मुंबई से कानपुर होते हुए वाराणसी विशेष ट्रेन

- कानपुर। होली के मद्देनजर रेलवे ने लोकमान्य टर्मिनल मुंबई से वाराणसी तक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इस गाड़ी में इकॉनमी कोच -16, एसएलआर -02 कुल 18 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 04226 वाराणसी से 25 फरवरी एवं 1 मार्च को रात 1.35 बजे रवाना होगी। जौनपुर रात 2 .35 बजे, सुल्तानपुर रात 3 .55 बजे, लखनऊ सुबह 6 .20 बजे, कानपुर सेंट्रल सुबह 8 .10 बजे, उरई 11 बजे, झांसी दोपहर 2 बजे, बीना सायं 5 .30 बजे, इटारसी रात 10 .30 बजे, कल्याण दूसरे दिन सुबह 11 .17 बजे, लोक मान्य टर्मिनल दोपहर 12 .20 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04225 लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 26 फरवरी एवं 2 मार्च को लोक मान्य टर्मिनल से दोपहर 2 .35 बजे रवाना होगी। कल्याण दोपहर 3 .20 बजे, भुसावल रात 10 .20 बजे, बीमा दूसरे दिन सुबह 9 .45 बजे, झांसी दोपहर 2 .50 बजे, उरई सायं 4 .25 बजे, कानपुर सेंट्रल सायं 7 .25 बजे, लखनऊ रात 8 .50 बजे, जौनपुर रात 00 .20 बजे और वाराणसी रात 2 .05 बजे पहुंचेगी।

### शेखपुरा से नई दिल्ली तक अप-डाउन में एक फेरा ही लगाएगी स्पेशल ट्रेन

रेलवे प्रशासन होली में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए शेखपुरा से नई दिल्ली के मध्य अप-डाउन एक फेरा ही विशेष ट्रेन संचालित करने की घोषणा की है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 02397 शेखपुरा से 1 मार्च (रविवार) जबकि गाड़ी संख्या 02398 नई दिल्ली (सोमवार) 2 मार्च को संचालित होगी। इस गाड़ी में पार्सल यान 2, सामान्य -04, स्लीपर -06, एसी तृतीय-03, इकॉनमी-03, एसी द्वितीय -02, एसी प्रथम -01, भोजनालय -01 कुल 22 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 02397 शेखपुरा से सुबह 11 .30 बजे चलेगी। गया दोपहर 2 .05 बजे, प्रयागराज रात 9 .25 बजे, गोविंदपुरी रात 00 .20 बजे, नई दिल्ली सुबह 11 .40 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02398 नई दिल्ली से दोपहर 1 .30 बजे चलेगी। गोविंदपुरी रात 11 .20 बजे, प्रयागराज रात 2 .25 बजे, सासाराम प्रातः 9 .05 बजे, गया 11 .10 बजे, नवादा 12 .40 बजे, शेखपुरा दोपहर 2 .45 बजे पहुंचेगी।

- **सुल्तानपुर से लोकमान्य टर्मिनल तक विशेष ट्रेन:** रेलवे ने सुल्तानपुर से लोकमान्य टर्मिनल के मध्य विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इस गाड़ी में इकॉनामी कोच 16 व पार्सल के 2 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 04212 सुल्तानपुर से 26 फरवरी, 2 मार्च को सुबह 4 बजे चलेगी। लखनऊ सुबह 6 .20 बजे, कानपुर सुबह 8 .10 बजे, उरई 11 बजे, भुसावल रात 3 .20 बजे, लोकमान्य टर्मिनल दोपहर 12 .20 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04211 लोकमान्य टर्मिनल से 27 फरवरी एवं 3 मार्च को दोपहर 2 .35 बजे रवाना होगी। भुसावल रात 10 .20 बजे, इटारसी भोर 4 .10 बजे, झांसी दोपहर 2 .50 बजे, उरई सायं 4 .25 बजे, कानपुर सेंट्रल सायं 7 .25 बजे, लखनऊ रात 8 .50 बजे पहुंचेगी।
- रेलवे ने शेखपुरा से नई दिल्ली के मध्य तीन चक्कर लगाने के लिए विशेष ट्रेन संचालित करने की घोषणा की है। इस गाड़ी में पार्सल यान 2 डिब्बे, सामान्य 8, स्लीपर 12, चेयरकार 2 डिब्बे होंगे। ◦ 03697- शेखपुरा (सोमवार, शुक्रवार, शनिवार) 27 .02 .26 से 02 .03 .26 कुल 03 फेरे ◦ 03698-नई दिल्ली (मंगलवार, शनिवार, रविवार) 28 .02 .26 से 03 .03 .26 कुल 03 फेरे गाड़ी संख्या 03697 शेखपुरा से सुबह 11 .30 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी रात 00 .20 बजे आएगी।

# साहित्य, पत्रकारिता से समाज को दिशा



संगोष्ठी में पोस्टर का विमोचन किया गया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म महाविद्यालय तथा हिन्दुस्तानी एकेडमी प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का का आयोजन हुआ। समकालीन हिंदी साहित्य एवं पत्रकारिता का राष्ट्र-निर्माण में योगदान विषय पर हुई संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीरू टंडन ने कहा कि साहित्य और पत्रकारिता युग-सत्य को एक दिशा देते हैं। साहित्य समाज में चेतना का विस्तार करता है और पत्रकारिता उसे जन-जन तक पहुँचाती है। प्रो. राकेश शुक्ला ने कहा कि यह शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व की पुनर्स्मृति का अवसर है। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद तरुण विजय ने कहा कि साहित्य में राष्ट्रीयता के गुण निहित होते हैं। स्वतंत्रता से पूर्व पत्रकारिता ने राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया और स्वतंत्रता के पश्चात राष्ट्र-निर्माण की दिशा को स्पष्ट किया।

### कृष्णा बंसल ने पाए 99.88 पर्सेंटाइल

**कानपुर।** कानपुर निवासी कृष्णा बंसल ने जेईई मेन 2026 सेशन 1 परीक्षा में 99.88 पर्सेंटाइल प्राप्त की। वे फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के उन 10 छात्रों में शामिल हैं, जिन्होंने इस सेशन में 98 या उससे अधिक पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। शहर के अन्य टॉपर्स में अराइन गुप्ता (99.49 परसेंटाइल) और अंशना मिलिंद (99.47 परसेंटाइल) भी शामिल हैं।पीडब्ल्यू के टेक-एनेबल्ड विद्यापीठ केंद्र से तैयारी करने वाले कृष्णा ने फिज़िक्स में 99.84, केमिस्ट्री में 99.82 और मैथमेटिक्स में 99.78 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। पीडब्ल्यू के विद्यापीठ-ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता ने सभी छात्रों को बधाई दी। कहा कि यह उनकी मेहनत और समर्पण का उचित परिणाम है।

# रमजान की उस रात को तलाशो जो हजार महीनों पर है अफजल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इसी महीने में अल्लाह ने कुरआन करीम को नाजिल फरमाया
- रमजान में दोजख के दरवाजे बंद होते और जन्नत के खुल जाते


मौलाना मोहम्मद हस्सान कादरी नक्शबंदी।

**अमृत विचार।** रमजान-उल-मुबारक के महीने का सहाबए किराम और हमारे अकाबिर जबरदस्त इस्तकबाल करते थे और जिक्र व फिक्र के लिये भी इस महीने को बहुत अच्छा जानते थे। हाल तो यह था कि रब तआला की बारगाह में इस तौर पर दुआ फरमाते थे कि या अल्लाह! रमजान तक हमारी हिफाजत फरमा, रमजान को हमारे लिये सलामती वाला बना और हमारी जानिब से इसे क़ुबूल फरमा।

सोमवार को ये बात मौलाना हस्सान कादरी नक्शबंदी ने अपनी तकरीर में कही। मौलाना ने कहा कि यह महीना सुस्ती व काहिली का हर्गिज नहीं बल्कि इबादात करने का है। अल्लाह ने हमारे लिये बारह महीने बनाए हैं जिनका जिक्र कुरआन में मौजूद है लेकिन सराहत के साथ अगर कुरआने पाक में किसी महीने का जिक्र है तो वह माहे रमजान है और यह इसलिये कि इस महीने को दूसरे तमाम महीनों पर फजीलत (बढ़त) हासिल है और इसका एक सबब यह भी हो सकता है कि अल्लाह तआला ने इसी माहे मुबारक में कुरआने करीम को नाजिल फरमाया या यह कि इस माह में एक ऐसी भी रात है जो हजार महीनों पर अफजल है। सहबाए किराम इस माह में विशेष तौर पर इफ्तार के वक्त कसरत से अपने हक में मगफिरत की दुआएं करते थे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

### नकली सोना थमाकर की पांच लाख की टप्पेबाजी

**चकेरी।** एक पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपितों ने उन्हें झांसे में नकली सोना दिया और पांच लाख रुपये की टप्पेबाजी कर ली।

मध्य प्रदेश के मैय्यर के पुरानी बस्ती वार्ड एक निवासी मोहम्मद अली के अनुसार बीती 31 जनवरी को मैय्यर के मंदिर में उनकी मुलाकात एक महिला व दो पुरुषों से हुई थी। जिन्होंने उन्हें सोने के जेवरात बेचने के लिए दिया। अली ने बताया कि उस समय आरोपितों ने उन्हें असली सोना दिया। उन्होंने रुपये भी दे दिए। इसके बाद आरोपितों ने उनसे कहा कि उनके पास और ज्यादा सोना है। जिसे वे बेचना चाहते हैं। उन्हें सोना लेने के लिए कानपुर आना होगा।

## सीएसजेएमयू में शुरू हुई मिड (सम) सेमेस्टर की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


प्रतीकात्मक फोटो।

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर के मिड (सम) सेमेस्टर की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गई हैं। परिसर की परीक्षाएं 28 फरवरी तक चलेंगी। इस परीक्षा में विश्वविद्यालय परिसर के संचालित 148 प्रोग्राम के लगभग 13 हजार 500 से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा दी।

डीन एकेडमिक्स प्रो.बृष्टि मित्रा व परिसर के परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीपी सिंह ने सभी परीक्षा केंद्रों पर जाकर निरीक्षण किया। सुरक्षा के बीच परीक्षार्थी अपने कक्ष तक पहुंचे और परीक्षा दी। परीक्षा पर विश्वविद्यालय परिसर के परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीपी सिंह ने बताया कि कैंपस के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार कैंपस की मिड (सम) सेमेस्टर की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गई हैं। इस परीक्षा में कैंपस के 148 प्रोग्राम के 13 हजार 500 से अधिक छात्रों ने परीक्षा दी। यह परीक्षा चार शिफ्टों में संपन्न हुई। विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डीन एकेडमिक्स प्रो. बृष्टि मित्रा ने बताया कि कैंपस की मिड (सम) सेमेस्टर की परीक्षा में वही छात्र शामिल हो पाए जिनकी कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति रही। हाजिरी पूरी न होने वाले छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति में नहीं दी गई।

### जटिल ऑपरेशन कर महिला की जान बचाई

**कानपुर।** बारादेवी चौराहा, किदवई नगर, मेट्रो पिलर नंबर-9 के सामने स्थित सरस्वती देवी मेडिकेयर में न्यूरो सर्जरी विभाग द्वारा एक जटिल स्पाइन सर्जरी को अंजाम देकर 22 वर्षीय महिला मरीज को नया जीवन प्रदान किया गया। फ़तेहपुर निवासी मरीज नेहा पाल गंभीर पीठ दर्द से पीड़ित थीं। वह गर्भवती भी थीं। रीढ़ की हड्डी के मध्य भाग की तीन हड्डियों में स्पाइनल कॉर्ड पूरी तरह दब चुकी थी और हड्डियां गल चुकी थीं। डॉ. अमित गुप्ता ने बताया कि बीमारी रीढ़ की उस जगह पर थी जहां हृदय, फेफड़े और प्रमुख रक्त नलिकाएं अत्यंत पास होती हैं। लगभग 3 से 4 घंटे तक जटिल सर्जरी सफल रही। प्रबंधक डॉक्टर मनोज कुमार प्रजापति ने न्यूरो सर्जन डॉ. अमित गुप्ता एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी।


डॉ.अमित गुप्ता।



विजयी बच्चों को प्रमाणपत्र दिए गए। अमृत विचार

### स्कूल में अबेकस कॉम्प्टीशन हुआ

**कानपुर।** गोविन्द नगर स्थित मनोरमा एजुकेशन सेंटर में अबेकस कॉम्प्टीशन का आयोजन किया गया। बच्चों ने ब्रेन कैल्कुलेशन, माउन्ड सम्स विद प्लेइंग में अपनी प्रतिभा दिखाई। अंत में छात्र- छात्राओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या भक्ति जुनेजा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में गणितीय कौशल, मेंटल मैथ्स एव बेहतर एकाग्रता में मदद मिलती है। स्कूल के डायरेक्टर अंकित सिंह के अलावा अबेकस सिखाने वाले रॉयल एजुकेशन के अकांक्षा चोपड़ा, सुरेश चोपड़ा भी मौजूद रहे।

दिक्कत

जल निकासी की समस्या से 5 साल से परेशान उद्यमी, कोई सुनवाई नहीं हो रही

# सचेंडी औद्योगिक क्षेत्र में तमाम समस्याएं, कारोबार में बाधाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



"औद्योगिक क्षेत्र में समस्या होने से इसका सीधा असर उद्योग पर पड़ रहा है। बड़े खरीदारो को युनिट तक आने में कठिनाई उठानी पड़ती है जिससे वे दूसरी ओर रुख कर लेते हैं। बरसात में तो स्थिति बहुत खराब रहती है।
-पवन हेमराजानी



"क्षेत्र की समस्याओं से अब उद्यमियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बाहर के उद्यमी अब क्षेत्र में आने से बचने लगे हैं। इससे कारोबारी नेटवर्क भी टूट रहे हैं। आस-पास के ग्रामीण लोगों को भी इससे परेशानी होती है।
-अनिल डोडवानी



"क्षेत्र में अब लोडर व ट्रक आने से बचते हैं। खासतौर पर बरसात के मौसम में तो चार पहिया वाहन आना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यहां पर युनिट्स में भी जलभरा होने का खतरा मंडराने लगता है।
-दीपक खन्ना



"कारोबार के बीच आने वाली समस्याएं कारोबार की रफ्तार धीमी कर देती हैं। हम लोग कई वर्षों से इस समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत हैं। अब तक समस्या वैसे के वैसे ही बनी हुई है।
-हरीश सरावगी

**अमृत विचार।** सचेंडी औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी न होने से उद्यमी परेशान हैं। नवीन फल मंडी के सामने से मुरलीपुर गांव जाने वाली सड़क पर, राधा स्वामी आश्रम के निकट कई वर्षों से सड़क एवं जल निकासी (ड्रेनेज) की समुचित व्यवस्था के अभाव में गंभीर समस्याओं का सामना उद्यमी कर रहा है।

यह मार्ग औद्योगिक इकाइयों एवं ग्रामीण आबादी दोनों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन आधारभूत संरचना की उपेक्षा के कारण इसकी स्थिति निरंतर दयनीय बनी हुई है।विशेष तौर पर बारिश के दौरान स्थिति बेहद चिंताजनक हो जाती है। सड़क पर जलभराव के कारण आवागमन बाधित हो जाता है और अनेक स्थानों पर गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। यह समस्या केवल औद्योगिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के हजारों ग्रामीण नागरिक भी इससे प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं।

**25 उद्योग हैं स्थापित:** यहां पर 25 बड़े उद्योग, जिनमें टॉफी, बिस्कुट, नमकीन, जूता निर्यात, पैकेजिंग एवं पशु आहार से संबंधित इकाइयां संचालित हैं। बताया गया कि लगभग 3 हजार श्रमिकों को रोजगार प्रदान करते हैं। जलभराव के कारण श्रमिक समय पर कार्यस्थल तक नहीं पहुँच पाते। जिससे उत्पादन प्रभावित होता है।

**स्टॉक निकलने में परेशानी:** सड़क एवं ड्रेनेज की अनुपयुक्त व्यवस्था के कारण कच्चे माल और तैयार माल के परिवहन में भी अत्यधिक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। भारी वाहन जलभराव और क्षतिग्रस्त सड़क के कारण मार्ग से नहीं गुजर पाते, जिससे आपूर्ति श्रृंखला बाधित होती है और समयबद्ध डिलीवरी संभव नहीं हो पाती। परिणामस्वरूप उद्योगों की कार्यक्षमता, विश्वसनीयता एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रभावित हो रही है।

**5 साल से संघर्ष:** उद्यमियों की ओर से इस समस्या पर लगभग 5 वर्षों से संघर्ष किया जा रहा है। बताया गया कि विभागों एवं प्रशासन को अनेक बार लिखित एवं मौखिक शिकायतें की जा चुकी हैं। इसके बाद भी अब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है।


समारोह में पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिए गए। अमृत विचार

### राकेश पांडेय प्रदेश अध्यक्ष और राज कुमार बनाए गए मीडिया प्रभारी

**कानपुर।** सजेती घाटमपुर में अखंड ब्राह्मण सेवा समिति का शपथ समारोह आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, रवि राजन मिश्रा व मोना थापक ने उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष राकेश पांडे को नियुक्त किया। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सच्ची प्रभा त्रिवेदी को बनाया गया। प्रदेश कार्यकारिणी के लिए मधु मिश्रा, ज्योति शुक्ला, कनक पांडे, ममता मिश्रा, चंदन मिश्रा, नीतू वाजपेई, सर्विस पांडे, राकेश पाठक, अजय अवस्थी का चयन किया गया। प्रदेश सचिव पद पर अजय मिश्रा, रवि शुक्ला और समाचार समाज पत्र वितरक समाज के महामंत्री राजकुमार पांडे पांडे को मीडिया प्रभारी बनाया गया।

न्यूज ब्रीफ

## युवक पर नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप

**घाटमपुर।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में कास्टमेटिक की दुकान किए युवक ने गांव की ही एक बारह वर्षीय बच्ची के साथ दुकान के अंदर ही छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया है। बच्ची किसी तरह युवक की पकड़ से छूट कर रोती हुई घर पहुंची और पूरी घटना घर पर बताई। परिजनों का आरोप है कि उनके घर का शीशा टूट गया था। उनकी बारह वर्षिय किशोरी शीशा लेने के लिए गांव में ही एक कास्टमेटिक की दुकान में सोमवार दोपहर लगभग बारह बजे गयी थी। दुकान संचालक ने किशोरी को शीशा देखने के बहाने दुकान के अंदर बुला लिया और उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। किशोरी कुछ समय बाद किसी तरह छूट कर रोते हुए अपने घर पहुंची और पूरी बात परिजनों को बताई, जिसके बाद परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे। वहां साढ़ थाना प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी पर जांच की जा रही है।

## बस चालक ने थाने में घुसकर जान बचाई

**हमीरपुर।** कस्बे के बस स्टॉप के पास रोडवेज बस सोमवार को दोपहर सवारी भरकर उरई जा रही थी, तभी आगे जा रही आपे में टक्कर लग गई। आपे में सवार लोग बस चालक पर हमले के लिए दौड़ पड़े। जैसे ही बस चालक ने देखा तो दौड़कर थाने की तरफ भागा और थाने पहुंचकर अपनी जान बचाई।

## नीम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**हमीरपुर।** क्षेत्र के लींगा गांव के भूपेंद्र (34) पुत्र रामकिशन का सोमवार को गांव के बाहर खेत में नीम के पेड़ पर गमछे के फंदे में शव लटका मिला। परिजनों ने बताया कि भूपेंद्र मेहनत मजदूरी और खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी मौत पर पत्नी मां प्रभारानी सहित अन्य परिजन रोते रहे।

## पति के खिलाफ थाने में दी तहरीर, जांच

**हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के करगांव निवासी विनीता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 10 साल पहले सिसोलर के अनिल कुमार धुरिया से शादी हुई थी। उसके संतान नहीं है। पति मारपीट कर प्रताड़ित करता है। एक महीने पहले पति ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।

# बोलेरो खड्ड में गिरने से एक की मौत

### बीती रात भीतरगांव के बेहटा बुजुर्ग के पास हुआ हादसा, दो लोग हुए घायल

संवाददाता, घाटमपुर



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र की भीतरगांव चौकी के बेहटा बुजुर्ग के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो खड्ड में जा गिरी। इसमें एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि बोलेरो में सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और घायलों को उपचार हेतु सीएचसी भीतरगांव भेजा गया।

जानकारी के अनुसार गोपालपुर नर्वल निवासी रामलखन 58 पुत्र स्व मोहन सिंह गांव निवासी गुलाब सिंह पुत्र नरेंद्र तथा अंकित कुमार पुत्र विजय बहादुर एक शादी समारोह में शामिल होने घाटमपुर जा रहे थे। जैसे ही वह बेहटा बुजुर्ग के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार बोलेरो खड्ड में जा गिरी, जिससे रामलखन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना देते हुए घायलों को सीएचसी भीतरगांव भेजा और मृतक रामलखन के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

**अनियंत्रित ऑटो पलटने से एक की गई जान, दो घायल :** घाटमपुर के पतारा में सामने से आ रहे डंपर से बचने के प्रयास में ऑटो पलट गया। हादसे में ऑटो सवार तीन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एनएचआई की एंबुलेंस की मदद से घायलों को पतारा सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया वहीं महिला समेत अन्य दो को कानपुर रेफर कर दिया।

कानपुर देहात के आलापुर गांव निवासी सुरेश ने बताया कि वह सोमवार सुबह ऑटो लेकर कानपुर जा रहा था, तभी कानपुर सागर हाईवे पर घाटमपुर थाना क्षेत्र के बरनाव मोड़ पर सामने से ओवरटेक कर आ रहे डंपर से बचने में ऑटो अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार तिलासड़ा गांव निवासी राजकुमार, तरगांव गांव निवासी नेहा कुशवाहा व उनका 12 वर्षीय बेटा अंश घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को पतारा सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में कानपुर जिलास्पताल रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही राजकुमार परिजन पतारा सीएचसी पहुंचे। परिजनों ने बताया कि राजकुमार मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था, हादसे की सूचना मिलने के बाद से पत्नी खुशबू समेत 3 वर्षीय बेटा आर्यन और 15 वर्षीय बेटी लाडो का रो रोकर बुरा हाल है।

# प्रधान के बेटे ने साथियों संग मिलकर किया था अग्निकांड

- दलित परिवार को बेरहमी से पीटा गांव में दहशत, चार नामजद व एक दर्जन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के सजेती में सरगांव ग्राम प्रधान के बेटे ने दोस्तों संग मढ़ा गांव के रहने वाले दलित के घर में आग लगाने के बाद परिवार को बेरहमी से पीटा था। वहीं बीच बचाव करने पहुंचे दो पड़ोसियों को चोट आई है। घटना के बाद से मढ़ा गांव में दहशत का माहौल है। लोग डर के साए में जी रहे है, कोई कुछ खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। गांव में दलित के घर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है। देर शाम मुख्य आरोपी प्रधान के बेटे अभय को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं पुलिस अन्य की तलाश में जुटी हुई है।

सजेती थाना क्षेत्र के मढ़ा निवासी महेश चन्द्र ने बताया कि सरगांव ग्राम प्रधान अजीत सिंह का बेटा शनिवार दोपहर ट्रैक्टर ट्रॉली में भूसा लादकर ले जा रहा था, इस दौरान घर के बाहर खड़ी मिक्चर मशीन में ट्रॉली टकरा गई। इस बात को लेकर उनकी पत्नी भाग्यवती के साथ कहासुनी हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो दोनों ने आपसी समझौता कर लिया। उन्होंने बताया कि देर शाम ग्राम प्रधान का बेटा अभय छह बाइकों से अपने एक दर्जन दोस्तों संग पहुंचा और गाली गलौज करने लगा, जब उनके बेटे शिवम् ने विरोध किया तो मारपीट होने लगी, आरोप है, कि इसी बीच अभय ने साथियों संग मिलकर उनके परिवार को जमकर पीटा और घर में रक्खे छप्पर में आग लगा दी। मारपीट और अग्निकांड से पीड़ित मढ़ा गांव निवासी महेश ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उनकी पत्नी भाग्यवती, पुत्र शिवम, ज्ञानेंद्र पुत्र मैयादीन और अशोक पुत्र फूलचंद के ऊपर सरगांव ग्राम प्रधान के बेटे अभय सिंह ने अपने दोस्त रिशु यादव, नाथू यादव, बेटू यादव समेत एक दर्जन दोस्तो संग उनके परिवार पर फरसा, लाठी और चाकू जैसे धारदार हथियारों से हमला कर दिया। आरोप है, कि हमलावरों ने घर के बाहर रखे छप्पर में आग लगा दी तथा लूटपाट भी की। हमले में चारों लोगों के सिर, गर्दन, हाथ-पैर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर घायलों को कानपुर रेफर कर दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी, पुलिस ने मुख्य आरोपी अभय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

वहीं घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि मुख्य आरोपी अभय को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशकर जेल भेजा गया है।

# खेत में एक साथ दो फसलों से बढ़ेगा मुनाफा

- मल्टी-लेयर फार्मिंग कर कानपुर के किसानों ने पेश की नई मिसाल

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर



मल्टी-लेयर फार्मिंग का निरीक्षण करते कृषि उपनिदेशक डॉ. आरएस वर्मा।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार और कृषि विभाग के 'तकनीकी खेती' के प्रोत्साहन ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिशा बदलनी शुरू कर दी है। पारंपरिक खेती के घाटे और अनिश्चितता से बाहर निकलकर बिल्हौर क्षेत्र के किसान अब मल्टी-लेयर फार्मिंग (बहुस्तरीय खेती) के जरिए अपनी आय को दोगुना ही नहीं, बल्कि चार गुना तक बढ़ा रहे हैं।

रविवार को कानपुर कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. आरएस वर्मा ने बिल्हौर ब्लॉक के भीटी हवेली गांव का दौरा किया। यहाँ उन्होंने प्रगतिशील किसान सुनील सिंह और अजय सिंह के खेतों का निरीक्षण किया, जो आधुनिक तकनीक से एक साथ कई फसलों का उत्पादन कर रहे हैं।

उपनिदेशक ने किसानों के इस प्रयास की सराहना करते हुए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मॉडल को क्षेत्र के अन्य किसानों तक पहुँचाने के लिए संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

### क्या है मल्टी-लेयर फार्मिंग की गणित?

- मल्टी-लेयर फार्मिंग का सीधा सिद्धांत जगह कम, मुनाफा ज्यादा है। इसमें जमीन के नीचे, जमीन की सतह पर और जमीन के ऊपर (मचान बनाकर) एक साथ फसलें उगाई जाती हैं। किसान जमीन के नीचे आलू जैसी कंद वाली फसलें उगाते हैं, जबकि उसी के ऊपर बांस और तारों का जाल (मचान) बनाकर परवल, कुंदरू, तरोई और लौकी जैसी लताओं वाली सब्जियां उगाई जाती हैं। जहां सामान्य पारंपरिक खेती में एक हेक्टेयर में किसान को 2 से 3 लाख रुपये की आय होती है, वहीं मल्टी-लेयर फार्मिंग में उतनी ही जमीन से किसान 10 लाख रुपये तक का शुद्ध लाभ कमा रहे हैं।

### आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

- बिल्हौर के अरौल और भीटी हवेली जैसे इलाकों से निकली यह सफलता की कहानी अब पूरे प्रदेश के लिए नजीर बन रही है। कम लागत, संसाधनों का सही उपयोग और सरकारी सहयोग ने साबित कर दिया है कि यदि तकनीक सही हो, तो खेती आज भी सबसे मुनाफे का सौदा है।

"यह तकनीक ग्रामीण इलाकों की तकदीर बदल सकती है। हमने कमर कस ली है कि जल्द ही इसे जिले के हर ब्लॉक में विस्तृत रूप से विकसित किया जाएगा, ताकि छोटे किसान भी 'लखपति किसान' बन सकें। -डॉ आर एस वर्मा उपनिदेशक, कृषि विभाग

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## आपरेशन के बाद महिला की मौत

**कानपुर।** कानपुर के बर्रा क्षेत्र में ऑपरेशन के कुछ घंटे बाद 23 वर्षीय महिला की हालत अचानक बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन व डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा हंगामा किया। सरसौल के सिकटिया ढोमनपुर निवासी पवन शर्मा के मुताबिक, उन्होंने पत्नी उर्मिला को पेट दर्द की शिकायत पर शनिवार को बर्रा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जांच के बाद डॉक्टर ने बच्चेदानी सड़ने की बात कहकर ऑपरेशन की सलाह दी। सोमवार दोपहर ऑपरेशन कर बच्चेदानी निकाल दी, लेकिन शाम तक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर उसे पास के दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया, जहां वेंटिलेटर पर रखने के बावजूद रात में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डीजे पर गाना बजाने को लेकर जमकर हुई मारपीट

- पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद समेत 15 लोगों पर दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बेला मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में डी जे पर गाना बजाने को लेकर हुई कहासुनी के पश्चात युवकों में जमकर हाथापाई व लाठी डंडे चले। मारपीट में एक युवक (बाराती) गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद समेत 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है।

औरैया जनपद के सहार गांव निवासी शिवा भदौरिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह दोस्त की शादी में चौबेपुर के बेला रोड स्थित गेस्ट हाउस में आया था। जहां डी जे पर गाना बजाने को लेकर बिधूना के कुछ युवकों से विवाद हो गया। कुछ देर बाद भदसिया, थाना बिधूना औरैया के गोलू सेंगर, शिवम, दीपक, रवी व सिंटू तोमर ने उस पर हमला कर दिया। लाठी और डंडों से प्रहार किए जाने से उसके शरीर में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मारपीट करने वाले कुछ युवकों को हिरासत में लिया है। घायल युवक ने पांच नामजद समेत 15 लोगों के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



घर में पड़ी दरार दिखाते गृहस्वामी। अमृत विचार

## पानी की पाइपलाइन फटने से फैली नमी से मकानों में आई दरार

**शिवराजपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर 9 में नगर पंचायत की पानी सप्लाई की लाइन पड़ी हुई है जो कि काफी समय पहले फट चुकी है। पाइप लाइन फटने से नमी फैल रही है। इससे मकान जमीन में धंस गए हैं व मकान में दरारें आ गई हैं। वार्ड नंबर 9 निवासी सुरेश चंद सविता, विजय सविता, राजेंद्र सविता आदि ने बताया कि पानी की टंकी के द्वारा जल सप्लाई से जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है, जिसके कारण हम सभी के मकान जमीन में धंस रहे हैं और मकान में दरारें आ गई हैं। हम सभी लोगों ने अपना समान मकान से बाहर निकाल दिया है। मकान किसी भी समय गिर सकते हैं। कस्बा निवासी बबलू मिश्रा ने बताया कि इस मामले की शिकायत हम लोगों ने नगर पंचायत में कई बार की किंतु कोई सुनवाई नहीं हुई।

## लेखपाल ने किसान को मृत घोषित किया

**हमीरपुर।** मुस्करा ब्लॉक क्षेत्र के छानी के एक बुजुर्ग को लेखपाल ने बंटवारा में मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने खुद को जीवित दर्ज कराने के लिए लेखपाल पर 5 हजार रुपये की घूस मांगने का दर्द लेकर सोमवार को डीएम कार्यालय पहुंचा, जहां उसने प्रशासनिक अधिकारी को पत्र सौंपकर खुद को जीवित बताते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई।

छानी के चंद्रशेखर पुत्र कालका ने बताया कि मौजा छानी में चकबंदी चल रही है, जिसमें उसे आकार पत्र 5 मिला है। लेखपाल रामसुमेर मौर्य ने आकार पत्र में उसे बंटवारा में मृत घोषित कर दिया है। उसने लेखपाल से खुद को जीवित दर्ज करने की गुहार लगाई तो लेखपाल ने उससे 5 हजार रुपये की घूस मांगी। पीड़ित ने बताया कि वह बचपन से आंखों से कमजोर है। दूसरों के सहारे चल पाता है। उसकी चार वर्ष की बेटी है, जिनका पालन पोषण भी दूभर है।

# तहसील प्रशासन ने सुलझाया किसानों के रास्ते का विवाद

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** विकास और जनहित के बीच सामंजस्य बिठाते हुए आज बिल्हौर तहसील प्रशासन ने एक सराहनीय कार्य किया है। ग्राम बकोठी में नवनिर्मित थाना अरौल के निर्माण से उत्पन्न हुए रास्ते के विवाद को प्रशासन ने मौके पर ही आपसी सहमति से निस्तारित कर दिया।

विदित हो कि दिनांक 13 फरवरी 2026 को ग्राम प्रधान नसीरपुर एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित बिल्हौर को एक शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा गया था। ग्रामीणों का तर्क था कि ग्राम बकोठी में बन रहे अरौल थाने के नए भवन के कारण नसीरपुर के किसानों के खेतों तक जाने वाला पारंपरिक रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। किसानों ने आशंका जताई थी कि रास्ता बंद होने से कृषि कार्य बाधित होगा, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट और भुखमरी की स्थिति पैदा हो सकती है। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने राजस्व अभिलेखों की जांच पड़ताल की। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए आज, 23 फरवरी 2026 को उप जिलाधिकारी बिल्हौर एवं नायब तहसीलदार बिल्हौर, राजस्व टीम के साथ ग्राम बकोठी स्थित नवनिर्मित थाना स्थल पर पहुँचे।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि राजस्व अभिलेखों में उक्त स्थान पर पूर्व में कोई औपचारिक रास्ता दर्ज नहीं था। किन्तु, किसानों की व्यवहारिक समस्याओं और जनहित को सर्वोपरि रखा गया। प्रशासन ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मौके पर ही थानाध्यक्ष अरौल और पड़ोसी काश्तकारों (जमीन मालिकों) के साथ वार्ता की। अधिकारियों की मध्यस्थता और पड़ोसी किसानों की उदारता के फलस्वरूप, आपसी सहमति के आधार पर किसानों के आवागमन हेतु रास्ते का उचित समाधान निकाल लिया गया। रास्ते की समस्या का स्थायी समाधान होने पर ग्राम प्रधान समेत नसीरपुर के समस्त ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस त्वरित और न्यायपूर्ण कार्रवाई की सराहना करते हुए उप जिलाधिकारी एवं उनकी टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

"प्रशासन का उद्देश्य विकास कार्यों के साथ-साथ आम जनमानस की सुविधाओं की रक्षा करना है। आपसी सहमति से निकाला गया यह समाधान क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखेगा। -संजीव दीक्षित उपजिलाधिकारी बिल्हौर


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं नंबर 15579156L Rank-L/HAV RANVIR SINGH यूनिट 111 इंजीनियर रेजिमेंट c/o 99 APO मेरे सर्विस रेकार्ड में मेरे माता का नाम SARASWATI DEVI गलत दर्ज है जब कि माता का सही नाम SARSWATI DEVI है।

**सूचना**
मैं नंबर 15579156L Rank-L/HAV RANVIR SINGH यूनिट 111 इंजीनियर रेजिमेंट c/o 99 APO मेरे सर्विस रेकार्ड में मेरे पिता का नाम SIDDHARTH SINGH गलत दर्ज है जब कि पिता का सही नाम SIDDARTH KUMAR है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम Gunjan Kumar Tolani से Gunjan Tolani कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Gunjan Tolani D-1041, D-Block Indira Nagar Lucknow

**सूचना**
मेरा नाम शैक्षिक प्रमाण पत्रों में सही नाम विपिन कुमार पाल पुत्र जवाहर लाल पाल है, जब कि आधार कार्ड में मेरा नाम शैलेंद्र पुत्र जवाहर लाल हो गया है। इस में सुधार कर मेरा नाम विपिन कुमार पाल पुत्र जवाहर लाल पाल किया जाये। मुझे सही नाम से जाना व पहचाना जाये। विपिन कुमार पाल पुत्र जवाहर लाल पाल निवासी उमरी, पोस्ट सुखसेनपुर, तहसील तिर्वा, जनपद कन्नौज।

**सूचना**
सूचित किया जाता है की मेरे पिता श्री राम जी श्रीवास्तव निवासी 569 घ / 195, बल्दी खेड़ा, कानपुर रोड, लखनऊ का निधन दिनांक 02 मई 2021 को हो गया था। यह की प्लाट सं0-3, खसरा सं0 मिनजुमला 825 स्थित बल्दी खेड़ा, बरगवां, लखनऊ की संपत्ति पर पीरामल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा जारी लोन खाता सं0 06000000791 का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है। माता व पिता दोनों के जीवित न रहने की स्थिति में संपत्ति के कागज मुझे दे दिए जाएँ। यह की पिता की मृत्यु के पश्चात अंशुमान खरे, अभिलाषा खरे, अनुराधा श्रीवास्तव तथा अंकिता खरे ही उनके उत्तराधिकारी हैं, अन्य कोई नहीं। **अंशुमान खरे, 569 घ/195, बल्दी खेड़ा, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0 प्र0 -226012**

**सूचना**
मैं MOHAMMAD RUKSAR पुत्र श्री MOHAMMAD AZEEM निवासी ग्राम-अनारपट्टी, सराय टिकथा, पो0-बेलपुर, थाना-असन्दरा, बाराबंकी, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर MOHD RUKSAR कर लिया है, अतः आज से मुझे MOHD RUKSAR S/O MOHD AZEEM के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
पहले मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम SUSHEEL YADAV था अब मेरा नाम SUSHEEL KUMAR YADAV हो गया है अब भविष्य मे मुझे SUSHEEL KUMAR YADAV के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- RAM CHANDRA YADAV ADD-212B/4, JAYANTIPUR, SULEM SARAI, PO-DHOOMANGANJ DIST-ALLAHABAD PRAYAGRAJ-211011(U.P.)

**सूचना**
मैंने अपना नाम PATESHER SONKAR से बदल कर PARESHAR SONKAR रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: GOBRE SONKAR R/O:BADHI GAON ODAHI CHAMARPURWA SHRAWASTI UTTAR PRADESH 271831

**Public Notice**
I, Chanchal Kaur Popli, Daughter of Joginder Singh Popli and Wife of Harsh Malik, residing at L2/199, Sector G, LDA Colony, Kanpur Road, Lucknow, have changed my name from Chanchal Kaur Popli to Chanchal Kaur after my marriage.Henceforth, I shall be known as Chanchal Kaur for all purposes and records.

**सूचना**
मैं **आयुष सिंह राठौर पुत्र धर्मेंद्र सिंह निवासी 554/464 बी कैलाशपुरी आलमबाग लखनऊ के रतन खंड शारदा नगर लखनऊ** के प्लाट संख्या बी1/601 का अलाटमेंट लेटर तथा विक्रय विलेख संख्या-I- 15540/ 09 दिनांक 11 दिसंबर 2009 वही संख्या-1 जिल्द संख्या-10799 पृष्ठ संख्या-189 से 208 क्रमांक संख्या-15440 उप निबंधक प्रथम लखनऊ दिनांक 10 जनवरी 2026 आलमबाग से कहीं खो गया है।

**सूचना**
मैं **आशीष अग्रवाल पुत्र स्व. अशोक अग्रवाल नि0- ई- 3/169, सेक्टर-एच बजरंग बली वार्ड, अलीगंज जनपद लखनऊ** का हूँ। आशीष अग्रवाल व आशीष गुप्ता दोनों नाम शपथी के हैं। इसके अतिरिक्त मेरे आधार कार्ड नं0-484299406362 के दस्तावेजों में पिता का नाम अशोक अग्रवाल व अशोक गुप्ता अंकित है। इन्हें इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **सी.आर .- 27/-L**


जमाया रंग

पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय में वार्षिक खेलकूद समारोह का हुआ आयोजन

# बच्चों ने खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिखेरा जलवा

संवाददाता, कानपुर



उद्घाटन के अवसर पर मौजूद मुख्य अतिथि और आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तात्यागंज मन्धना स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में सोमवार को 'वार्षिक खेलकूद समारोह-2026' का आयोजन किया गया। खेल भावना, अनुशासन और उत्साह से भरे इस कार्यक्रम में नन्हे खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने किया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में 'पाञ्चजन्य' के पूर्व संपादक व राज्यसभा सांसद तरुण विजय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम बिल्हौर डॉ. संजीव कुमार दीक्षित उपस्थित रहे। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. केके. गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक नीतू सिंह, निदेशक क्षत्रवीर एवं प्रधानाचार्य रेखा निगम ने अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व संपादक व सांसद द्वारा बच्चों को सामाजिक परिवेश और सनातन के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया।

समारोह का आगाज़ दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद खिलाड़ियों ने खेल मशाल (टॉर्च सेरेमनी) के साथ मैदान के चक्कर लगाकर ऊर्जा का संचार किया। आकर्षक मार्च पास्ट और खिलाड़ियों द्वारा ली गई खेल शपथ ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। मुख्य अतिथि द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं के औपचारिक उद्घाटन की घोषणा के साथ ही मुकाबले शुरू हुए।

विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित खेल स्पर्धाओं ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। 100 मीटर दौड़ में कक्षा 6 एवं 7 के बालक-बालिका वर्ग में कड़ी टक्कर देखने को मिली। वहीं बाधा दौड़ में कक्षा 1 एवं 2 के नन्हें-नन्हें बच्चों ने 50 मीटर की बाधा दौड़ में अपनी चपलता दिखाई। कक्षा 8 के विद्यार्थियों के बीच आयोजित रिले रेस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रही।

खेलकूद के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रही। प्रेप और नर्सरी के बच्चों की पी.टी. और नृत्य प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। योग प्रदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। डांडिया नृत्य और कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के समूह नृत्य ने माहौल में रंग भर दिया। इस अवसर पर एक विज्ञान प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया, जहाँ विद्यार्थियों ने अपने मॉडल के जरिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र और मेडल पाकर सारे बच्चे चहकते हुए दिखाई दिये।

## विवाहिता ने सात ससुरालीजनों पर दर्ज कराया मुकदमा

**शिवराजपुर।** कस्बे के चंद्रशेखर आजाद नगर निवासी महिला नेहा पत्नी दीपक ने थाने में तहरीर देकर ससुराली जनों के खिलाफ मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बा निवासी पीड़िता नेहा ने 16 फरवरी को थाने में दी तहरीर में बताया कि मेरे ससुरालीजन मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। उन्होंने बताया कि मेरी सास सुखदेई देवर अनिल कुमार ममिया ससुर विद्यासागर ,अरविंद ,करण व ननद पूनम व पति दीपक आदि मुझे बहुत दिनों से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। तहरीर के बाद थाना पुलिस ने जांच पड़ताल करके आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

### पुरानी रंजिश में पति पत्नी से मारपीट, चार नामजद पर रिपोर्ट

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गजिया खेड़ा गांव निवासी रंजीत की पत्नी पुष्पा ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि सोमवार सुबह आठ बजे पड़ोसी सलोनी, फूला देवी, शिवम व बाबूचंद्र गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उससे लात-घूंसों से मारपीट की। शोर सुन पति रंजीत बचाने पहुंचे तो उन लोगों ने उन्हें भी पीट दिया। इससे दोनों को चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजते हुए तहरीर के आधार पर सभी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### पति समेत सात के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मनोहर नगर की विवाहिता ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति समेत 7 लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। मनोहर नगर निवासी वसीम अहमद की बेटी मुमताज की शादी क्षेत्र निवासी दानिश अली से हुई थी। उसका आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वाले उस पर दहेज में 3 लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। आरोप है कि ससुरालियों ने उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति दानिश अली, सास बदरुन्निसा, जेठ फैजान अली, जेठानी शाहजहां खातून, जेठ साजिद अली आदि पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# फंदे पर लटके मिले महिला और दो युवकों के शव

## नव विवाहिता की दादी ने ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, नायब तहसीलदार ने की मामले की जांच-पड़ताल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। प्रेम विवाह के ढाई माह बाद विवाहिता का शव फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। दादी ने ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस पर नायब तहसीलदार ने जांच कर दो डॉक्टर के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं पारिवारिक विवाद से ऊबकर कर दो युवकों ने खुदकुशी कर ली। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम कराए हैं।

**दुपट्टे के फंदे से लटका नव विवाहिता का शवः बिछियाः** दही थाना क्षेत्र के पीतांबर नगर कोयला वाली गली निवासी पंकज लोधी पुत्र संतोष ने बीती 1 दिसंबर को खुशबू रावत (19) पुत्री स्व. सुरेंद्र से नवाबगंज दुर्गा मंदिर में प्रेमविवाह किया था। इसके बाद दोनों शिवनगर में कमलेश के मकान में किराए का कमरा लेकर रह रहे थे। सोमवार सुबह किसी बात पर पति-पत्नी में विवाद हुआ तो पंकज कहीं चला गया। तभी खुशबू ने कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। देवर गोलू किसी काम से पहुंचा तो खुशबू को लटका देख शोर मचाया। दही पुलिस व फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। एसडीएम के निर्देश पर सदर तहसील की नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी ने जांच कर पंचनामा की कार्रवाई की। खुशबू की दादी केतकी निवासी मोहल्ला इब्राहिमबाग थाना दही ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से पति पंकज, सास माधुरी व ससुर संतोष उसकी पौत्री को प्रताड़ित करते थे। उसने बताया कि खुशबू के पिता सुरेन्द्र ने बहु रेनू से विवाद के बाद आत्महत्या की थी। इसके बाद बहु एक बच्चे को अपने साथ लेकर चली गई। खुशबू दादी के पास रहती थी। डॉ. सुनील कुमार व डॉ. रमन सिंह ने वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम किया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर व पीएम रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


नवविवाहिता की मौत पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

### पत्नी के मायके जाने से ऊबे युवक ने लगाई फांसी

उन्नाव, अमृत विचार। आसीवन थानाक्षेत्र के नूरुल्लानगर गांव निवासी अमर बहादुर (36) पुत्र शिवबरन खेती करता था। पिता ने बताया कि बेटे की शादी सविता से हुई थी। पति-पत्नी में विवाद के चलते 7 साल पहले सविता दो बेटियों को लेकर चली गई थी। पत्नी व बेटियों के जाने के बाद से वह परेशान रहता था। इसके बाद मां कलावती की मौत हो गई। इससे वह अकेला पड़ गया था। रविवार रात वह खाना खाकर सोया था पर सोमवार सुबह उसका शव घर के दरवाजे पर कुंडे में गमछे के फंदे से लटका मिला। पिता ने बताया कि वह 3 भाइयों में बड़ा था। छोटे भाई संदीप की एक साल पहले कीटनाशक निगलने से मौत हो गई थी। दो बहनें हैं उनकी शादी हो चुकी है। एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों ने किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है।

### युवक का फंदे से लटका मिला शव

बिछिया, अमृत विचार। दही थानाक्षेत्र के बुटवल गांव निवासी लल्लन (35) पुत्र रमेश फैक्ट्री में मजदूरी करता था। रविवार को वह अवकाश के चलते घर पर था। शाम करीब 5 बजे उसका शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। जांच में भाई सत्येंद्र ने पुलिस को बताया कि लल्लन की पत्नी गोमती से कहासुनी हुई थी। लेकिन यह नहीं पता था कि भाई यह कदम उठा लेंगे। पिता रमेश की पहले ही मौत हो चुकी है। बेटे की मौत से मां शिवदुलारी व अन्य परिजन बेहाल हैं। 5 बच्चों में तीन लड़कियां व दो लड़के हैं। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पति-पत्नी का विवाद हुआ था। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# गुणवत्तापूर्ण करें शिकायतों का निस्तारण

संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। कलक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में डीएम ने आम जनमान की शिकायतों व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों के निस्तारण की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण सिर्फ कागजी खानापूर्ति नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध होना चाहिए।

उन्होंने सभी तहसीलों, विकासखंडों व प्रमुख विभागों में पशुपालन, पंचायती राज, पूर्ति, स्वास्थ्य, विद्युत में आईजीआरएस सेल गठित करने के निर्देश दिए। तहसीलदार सेल के प्रभारी होंगे और एसडीएम इसकी साप्ताहिक समीक्षा करेंगे। बीडीओ की अध्यक्षता में सेल कार्य करेगा। हर सेल में एक विभागीय अधिकारी के साथ एक अधीनस्थ व एक कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात रहेगा। समीक्षा के दौरान तहसील बीघापुर, पुरवा व बांगरमऊ में निस्तारण की खराब स्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। साथ ही बेसिक शिक्षा, पूर्ति विभाग, प्रोबेशन व विद्युत विभाग में अधिक संख्या में असंतुष्ट फीडबैक व खराब गुणवत्ता वाली आख्या अपलोड करने पर संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी। डीएम ने कहा कि अधिकारी कार्यालय पहुंचते ही सबसे पहले आईजीआरएस की समीक्षा करें और लंबित संदर्भों पर संबंधित से बात कर कार्रवाई करें। सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनें। शिकायत के डिफाल्टर होने से पहले उसका निस्तारण सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता से फीडबैक जरूर लें। बैठक में सीडीओ कृतिराज, एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी सहित आदि उपस्थित रहे।


समीक्षा बैठक में मातहतों को निर्देशित करते डीएम गौरांग राठी। ● अमृत विचार

# मालगाड़ी के आगे अज्ञात अधेड़ व किशोरी ने रख दिया सिर, मौत

शुक्लागंज, उन्नाव। कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर सोमवार रात एक हृदयविदारक घटना ने सनसनी फैला दी। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी रेलवे क्रॉसिंग से करीब सौ मीटर पहले डाउन लाइन पर एक अज्ञात युवक व किशोरी ने कथित तौर पर मालगाड़ी के आगे पटरी पर सिर रख दिया जिससे दोनों की मौत हो गई। ट्रैक पर शव पड़े रहने से तेजस एक्सप्रेस 33 मिनट तक खड़ी रही। गोमती एक्सप्रेस को भी कुछ देर रुकना पड़ा। रात करीब पौने नौ बजे कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही मालगाड़ी जैसे ही सहजनी क्रॉसिंग के पास पहुंची, पहले से मौजूद 45 वर्षीय अधेड़ व 14 वर्षीय किशोरी उसकी चपेट में आ गए। किशोरी ने पटरी पर सिर रख दिया था। मालगाड़ी गुजरने के बाद उसका सिर धड़ से अलग हो गया और एक हाथ कट गया। वहीं करीब पांच मीटर की दूरी पर अधेड़ का शव भी क्षत-विक्षत पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गंगा घाट स्टेशन मास्टर ने आरपीएफ व जीआरपी को सूचना दी। आरपीएफ एसआई सुरजीत सिंह व जीआरपी के लोकेंद्र टीम संग मौके पर पहुंचे। मरहला चौकी इंचार्ज मूलचंद पाठक भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। आसपास मौजूद लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया गया लेकिन देर रात तक शिनाख्त नहीं हो सकी। इस बीच रात 8:52 बजे गंगाघाट स्टेशन पहुंची तेजस एक्सप्रेस को मेमो देकर आगे बढ़ाया गया लेकिन डाउन ट्रैक पर शव पड़े होने से रूट क्लीयर नहीं हो सका। परिणामस्वरूप ट्रेन घटनास्थल से कुछ दूरी पहले रोक दी गई। 8:54 बजे से 9:27 बजे तक करीब 33 मिनट तक तेजस खड़ी रही। शव हटाए जाने के बाद ही ट्रेन को रवाना किया जा सका। वहीं रात 9:20 बजे पहुंची गोमती एक्सप्रेस को भी सिग्नल नहीं मिलने से करीब चार मिनट तक स्टेशन पर रुकना पड़ा।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा, 20 हजार जुर्माना

उन्नाव, अमृत विचार। किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया। बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने सफीपुर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी 14 वर्षीय बेटी 11 अगस्त-2020 को अपनी बहन के साथ सफीपुर कस्बा स्थित एक अस्पताल आई थी। मां व बहन के अस्पताल में रुकने पर बेटी घर लौट आई थी। 12 अगस्त-2020 को पूरा निस्फ पंसारी गांव के मजरा धौकल खेड़ा निवासी रेवती लाल उसकी बेटी को बहलाकर ले गया था। उसके साथ धौकल खेड़ा गांव निवासी सियाराम भी था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर कोर्ट में बयान दर्ज करवाए। जिसमें उसने रेवतीलाल पर दुष्कर्म करने की बात बताई थी। एसआई प्रमोद कुमार ने आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर 19 सितंबर-2020 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेयी की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर जज विवेकानंद विश्वकर्मा ने रेवतीलाल को दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा सुनाई।

# बड़ा चौराहा पर स्थापित होगी शिव प्रतिमा

उन्नाव, अमृत विचार। शहर के हृदय स्थल बड़ा चौराहा के कायाकल्प व भगवान शंकर की भव्य मूर्ति के नवीनीकरण की बहुप्रतीक्षित परियोजना का सोमवार को शुभारंभ हुआ। आवास विकास विभाग द्वारा आयोजित इस भूमि पूजन कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। स्थानीय लोगों ने भव्य रैली निकालकर ढोल-नगाड़ों व जयघोष के साथ विधायक का स्वागत किया।

सदर विधायक ने मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शंकर की विधिविधान से पूजा-अर्चना की और नगर की सुख-समृद्धि, शांति व प्रगति की कामना की। इस दौरान विधायक ने कहा कि महादेव का आशीर्वाद पाना मेरे लिए भावुक व प्रेरणादायक क्षण है। यह कार्य केवल सौंदर्यीकरण नहीं बल्कि हमारी संस्कृति व आस्था को समर्पित एक पहल है। पूजा के बाद विधायक ने विभागीय जेई के साथ ब्लू प्रिंट के माध्यम से मौजूद लोगों को प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी। आगामी समय में बड़ा चौराहा पर आधुनिक प्रकाश व्यवस्था होगी इससे रात में भी चौराहा आलोकित रहेगा। आकर्षक डिजाइन जो नगर की आध्यात्मिक छवि प्रदर्शित करेगा। जाम से मुक्ति दिलाने हेतु व्यवस्थित ढांचा, श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए शांतिपूर्ण स्थल भी बनेगा। इस दौरान अवनीश गुप्ता, बृजेश पाण्डेय, बृजेश वर्मा, रामजी गुप्ता, अमित निगम (लोली) मौजूद रहे।


बड़ा चौराहा पर भूमि पूजन करते सदर विधायक पंकज गुप्ता। ● अमृत विचार

## चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम 27 को

उन्नाव, अमृत विचार। चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज रसूलपुर सोहरामऊ में 27 फरवरी को शाम 4 बजे से क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस समारोह आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक व विद्यालय प्रधानाचार्य अवधेश सिंह सेंगर ने बताया कि आजाद बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह, सम्मान समारोह, पुरस्कार वितरण, बच्चों के कार्यक्रम, मध्य निषेध विभाग उप्र द्वारा जादू कार्यक्रम व अखिल भारतीय कवि सम्मेलन भी आयोजित होगा। संयोजन वरिष्ठ कवि विद्याधर दीक्षित व अवधेश उन्नावी द्वारा किया जाएगा।

### तपेश्वरी माता मंदिर में भंडारे का आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव। पिपरी गांव स्थित तपेश्वरी माता मंदिर में सोमवार को विद्या मोटर्स की ओर से विशाल भंडारा आयोजित हुआ। इसकी शुरुआत पूजा-अर्चना व माता की आरती के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारा शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे शुरू हुआ भंडारा देरशाम तक चलता रहा। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था की थी। भंडारे में महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस लिया। इसमें विमलकांत त्रिवेदी एडवोकेट, आशुतोष त्रिवेदी एडवोकेट, विनय गिरजाकांत, ज्ञानू मिश्रा, अजय मिश्रा, मनोज मिश्रा, सिब्बू पहलवान, शुभम अवस्थी, भास्कर आदि रहे।

### शास्त्री क्लब ने जीती सुखदेव प्रसाद क्रिकेट लीग


विजयी टीम के साथ मौजूद विधायक सदर, एसो. के पदाधिकारी व खिलाड़ी।

उन्नाव, अमृत विचार। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट लीग का समापन सोमवार को सिविल लाइन स्थित एक गेस्ट हाउस में हुआ। फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए शास्त्री क्लब ने जीत हासिल की। जबकि कोलट्स क्लब उपविजेता रहा। मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार दिये। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने एक कोच की भूमिका निभाई और कहा कि मेहनत ऐसी करो कि कुलदीप यादव व अर्चना देवी की तरह जिले का नाम पूरी दुनिया में रोशन हो। उप्र क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी अध्यक्ष अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने स्व. सुखदेव प्रसाद गुप्ता के खेल योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान आरके त्रिपाठी, महामंत्री पीके मिश्र, ओम मिश्रा, साकिर, संजय राठी, धनवंतरि देव गुप्ता, राजेश शुक्ला, राकेश अस्थाना, संजय शुक्ला, मंजूलता अवस्थी, मनीता सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे।

### संस्थापक के सपनों को साकार करेंगे प्रतिनिधि

उन्नाव, अमृत विचार। विद्याशरण मिश्र इंटर कॉलेज हडड़ा के संस्थापक राजेंद्र मिश्रा मुन्ना की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। इसमें उनके शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की गई और उनके सपनों को पूरा करने में जनप्रतिनिधियों द्वारा सहयोग का आश्वासन दिया गया। इसमें शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन हुआ। भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने फूलमाला चढ़ाकर मुन्ना मिश्रा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी। कहा कि मुन्ना मिश्रा सामाजिक व्यक्ति थे। जिन्होंने हड़हा क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा के लिए विद्यालय खोलकर शिक्षा की अलख जगाने का कार्य किया था। उन्होंने विधायक निधि द्वारा निर्मित दो कक्षों का लोकार्पण किया। शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने मुन्ना मिश्रा द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए कार्य की सराहना की। उन्होंने अपनी निधि द्वारा दिए गए आरो फ्रीजर प्लांट का लोकार्पण किया। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, हरि सहाय मिश्र मदन ने मुन्ना मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। संचालन सतीश तिवारी ने व आभार विद्यालय प्रबंधक अमन मिश्रा व विद्यालय प्रधानाचार्य प्रदीप तिवारी आदि ने व्यक्त किया। इस दौरान सीता शरण, यीशु शुक्ला, अंजिता मिश्रा, मलमऊ प्रधान प्रेम सिंह, रविंद्र, संजय पांडे, अमित शुक्ला, रणवीर, निखिल मिश्रा तथा सूर्य कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

# हाईटेक हो रहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम

शुक्लागंज, उन्नाव। सिकन्दरपुर सरोसी विकासखंड के अंतर्गत सरैयां गांव स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। युवा कल्याण विभाग की निधि से करी 34 लाख रुपये से गार्ड रूम, शौचालय, बाथरूम, ओपन जिम व सोलर हाईमास्ट लाइट का निर्माण तेजी से हो रहा है। सोमवार को कार्यदायी संस्था द्वारा मैदान में लेवलिंग का कार्य कराया गया। इससे खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सतह उपलब्ध हो सके।

उल्लेखनीय है कि वर्ष-2023 में इस स्टेडियम का सौंदर्यीकरण मनरेगा की क्रिटिकल गैप्स योजना के तहत 45.61 लाख रुपये से हुआ था। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराए गए कार्य में दो चेंजिंग रूम, बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, 400 मीटर रनिंग ट्रैक, क्रिकेट पिच, मुख्य द्वार, हाईमास्ट लाइट व पवेलियन का निर्माण शामिल था। अब स्टेडियम को और अधिक हाईटेक बनाने की दिशा में काम हो रहा है।

ठेकेदार देशराज सिंह यादव के अनुसार वर्तमान में ग्राउंड की लेवलिंग कराई जा रही है। ओपन जिम के सभी उपकरण स्टेडियम परिसर में पहुंच चुके हैं तथा उनके लिए बेस भी तैयार किये गए हैं। इसके साथ 400 मीटर के मौजूदा रनिंग ट्रैक को चौड़ा होगा। सोलर ऊर्जा से संचालित हाईमास्ट लाइट लगने से शाम को भी खिलाड़ी बिना बाधा के अभ्यास कर सकेंगे।


स्टेडियम में होता ग्राउंड लेवलिंग कार्य। ● अमृत विचार

# फैक्ट्री के प्रदूषण से सांस लेना दूभर

उन्नाव, अमृत विचार। अकरमपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित रिमझिम स्टील फैक्ट्री द्वारा फैलाए जा रहे वायु व जल प्रदूषण ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। मानकों की अनदेखी व प्रशासन की कथित खानापूरी वाली जांच से आक्रोशित करीब दो सैकड़ा क्षेत्र वासियों ने रविवार को सिंगरोसी स्थित आंबेडकर पार्क में बैठक कर निर्णय लिया कि आगामी 24 फरवरी को सुबह 11 बजे जिलाधिकारी को सामूहिक शिकायतीपत्र देकर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने बताया कि फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं के साथ लोहे के सूक्ष्म कण रोज छतों, पेड़-पौधों व फसलों पर जम रहे हैं। आलम यह है कि होली के मद्देनजर महिलाएं छतों पर चिप्स व पापड़ जैसी खाद्य सामग्रियां भी नहीं बना पा रही हैं। पूर्व प्रवक्ता प्रदीप पासी ने कहा कि हवा व पानी पर सबका समान अधिकार है। लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन ने यह अधिकार हमसे छीन लिया है। आरोप है फैक्ट्री के रसायनों के कारण क्षेत्र का पौराणिक तालाब इतना प्रदूषित हो चुका है कि उसमें मछलियां मर रही हैं। इतना ही नहीं इस जहरीले पानी को पीकर पालतू जानवर भी दम तोड़ रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि जनवरी माह में भी डीएम को मामले की लिखित शिकायत दी गई थी। लेकिन प्रशासन ने महज फैक्ट्री प्रबंधन को पत्र लिख खानापूरी कर दी।


बैठक करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

यूपी बोर्ड परीक्षा

## दोनों पालियों में 59912 परीक्षार्थियों में 2664 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

# नकलचियों की तलाश में छापेमारी करते रहे नोडल अधिकारी

संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं दो पालियों में हुईं। प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी व इंटर के व्यवसायिक ट्रेड की परीक्षा जिले के 122 केंद्रों में हुई। जबकि द्वितीय पाली में इंटर गणित व जीव विज्ञान की परीक्षा हुई।

प्रथम पाली में निदेशालय द्वारा नामित नोडल अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बांगरमऊ क्षेत्र के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया लेकिन, कोई नकलची नहीं मिला। जिला स्तर के सचल दलों ने डीआईओएस, बीएसए, जीआईसी प्रिंसिपल परमात्मा शरण, अदनान हाफीज, कमलेश कुमार व उपमा त्रिपाठी के नेतृत्व में आधा सैकड़ा से अधिक केंद्रों का निरीक्षण किया। सुबह पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी में 28446 छात्रों में 36555 उपस्थित व 1891 अनुपस्थित रहे। इंटर की फल एवं खाद्य संरक्षण में 36 में सभी उपस्थित रहे। परिधान रचना एवं साज सज्जा में 81 में 79 उपस्थित रहे। रंगीन फोटोग्राफी में 37 में 34 उपस्थित रहे। बैंकिंग में 55 में 54 उपस्थित रहे, आशु लिप टंकण में 119 पंजीकृत छात्र उपस्थित रहे। टंकण हिंदी अंग्रेजी में 200 में 195 उपस्थित व 5अनुपस्थित व मुद्रण में 10 में से सभी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 38984 में 37082 उपस्थित व 1902 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटर गणित विषय की परीक्षा में 4566 छात्रों में 4499 उपस्थित व 67 अनुपस्थित रहे। जबकि जीव विज्ञान में 16362 छात्रों में 15667 उपस्थित व 695 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार द्वितीय पाली में 20928 में 20166 उपस्थित व 762 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 59912 में 57248 उपस्थिति व 2664 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कंट्रोल रूम से निगरानी कर रहे।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी। ● अमृत विचार

### साप्ताहिक बाजार के कारण फोरलेन पर जाम, रेंगते रहे वाहन

शुक्लागंज, उन्नाव। सोमवार को आजाद नगर की साप्ताहिक बाजार लगने से उन्नाव-कानपुर फोरलेन पर शाम को भीषण जाम लग गया। करीब एक घंटे तक चले जाम से राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम के दौरान कार, बाइक व भारी वाहन रेंगते नजर आए। शाम के समय बाजार में खरीदारी के लिए नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। अधिकतर लोगों ने अपने वाहन फोरलेन किनारे खड़े कर दिए जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई। वहीं ई-रिक्शा चालकों ने भी सवारियों के इंतजार में सड़क पर रिक्शे रोक दिए। जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। शाम छह बजे जाम हट सका लेकिन देरशाम तक वाहनों की रफ्तार धीमी बनी रही।

### 20 के काटे कनेक्शन, 2.28 लाख की वसूली

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। विद्युत विभाग द्वारा सोमवार को बड़े बकायेदारों के खिलाफ विशेष अभियान चला। इस दौरान फीडर एक से जुड़े अधिकांश मोहल्लों में टीम ने बकाया बिल न जमा करने वाले कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे। साथ ही राजस्व की वसूली भी की। फीडर एक में जेई विजय पाल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने गायत्री नगर, भातू फार्म, अंबिकापुरम, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, रहमत नगर, आदर्श नगर व राजमार्ग के आंशिक क्षेत्रों में अभियान चलाया। जेई ने बताया कि इस दौरान 20 बड़े बकायेदार कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। इसमें 15 उपभोक्ताओं ने मौके पर बकाया बिल जमा किया। जिससे विभाग को 2 लाख 28 हजार राजस्व प्राप्त हुआ। जेई विजय पाल ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह बड़े बकायेदारों के विरुद्ध सख्त अभियान जारी रहेगा। ताकि समय पर राजस्व की वसूली सुनिश्चित की जा सके।


अभियान चलाते बिजली कर्मी।



जीवन में केवल एक ही अच्छी चीज है और वह है प्रेम।
–**गाई दे मोपासां**, फ्रांसीसी साहित्यकार



## अवसर और अनिश्चितता

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा तथाकथित 'रेसिप्रोकल टैरिफ' को अवैध ठहराए जाने और उसके बाद के घटनाक्रम ने वैश्विक व्यापार परिदृश्य में नया मोड़ ला दिया है। भारत–अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत के स्थगन के निर्णय से भारत पर मिश्रित प्रभाव पड़ सकता है। पहला सकारात्मक पहलू यह है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अवसर बढ़े, अनिश्चितता कम हुई है। एकतरफा, मनमाने और प्रतिशोधात्मक टैरिफ अवैध घोषित किए जाने से भारतीय निर्यातकों, विशेषकर इस्पात, एल्युमिनियम, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल और आईटी सेवाओं को राहत मिलेगी।

पिछले वर्षों में अमेरिकी बाजार में अचानक शुल्क वृद्धि से भारतीय कंपनियों की लागत और प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हुई थी। अब व्यापार नियमों की पूर्वानुमेयता बढ़ने से निवेशकों और बाजारों में भरोसा लौट सकता है। दूसरी ओर, अंतरिम ट्रेड डील की वार्ता का टलना अल्पकालिक असमंजस पैदा करता है और व्यापार समझौते के तहत टैरिफ का स्पष्ट ढांचे के अभाव में निवेश निर्णय टल सकते हैं तथा शेयर बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार पहले ही 190 अरब डॉलर के आसपास पहुंच चुका है, ऐसे में किसी व्यापक समझौते की अनुपस्थिति अवसरों को सीमित कर सकती है। भारत के लिए यह समय रणनीतिक पुनर्संतुलन का है। अमेरिकी अदालत के फैसले ने यह संकेत दिया है कि संस्थागत नियंत्रण और संतुलन अभी भी प्रभावी हैं। इससे भारत को वार्ता की मेज पर अधिक आत्मविश्वास मिल सकता है। विशेषकर रूसी तेल आयात जैसे मुद्दों पर, जहां अमेरिका ने अप्रत्यक्ष दबाव डाला था, भारत अब ऊर्जा सुरक्षा के तर्क को अधिक मजबूती से रख सकता है, हालांकि कुछ जोखिम भी हैं, अमेरिकी राजनीति में संरक्षणवाद की प्रवृत्ति पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। यदि भविष्य में फिर से उसके घरेलू दबावों के चलते शुल्क-नीति कठोर होती है, तो भारत की परेशानियां बढ़ सकती हैं, इसलिए अमेरिकी बाजार पर अत्यधिक निर्भरता दीर्घकालिक रणनीति नहीं हो सकती। भारत इसके प्रति सचेत है और वह यूरोपीय संघ, खाड़ी देशों और इंडो-पैसिफिक साझेदारों के साथ समानांतर व्यापार समझौते आगे बढ़ा रहा है। क्षेत्रीय प्रभावों की दृष्टि से, आईटी और डिजिटल सेवाएं अपेक्षाकृत सुरक्षित दिखती हैं, क्योंकि वे टैरिफ से कम प्रभावित होती हैं, परंतु वस्त्र, ऑटो पार्ट्स और कृषि निर्यात अधिक संवेदनशील हैं। यदि व्यापक समझौता होता है, तो बौद्धिक संपदा अधिकार, डेटा लोकलाइजेशन और कृषि सब्सिडी जैसे जटिल मुद्दे सामने आएंगे, जहां संतुलन साधना आसान नहीं होगा। वर्तमान परिस्थिति भारत के लिए अवसर भी है। यदि अमेरिका में शुल्क-नीति न्यायिक नियंत्रण के अधीन रहती है, तो नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था को बल मिलेगा। भारत, जो बहुपक्षीय ढांचे और विश्व व्यापार संगठन की भूमिका पर जोर देता है, इस रुझान का लाभ उठा सकता है।

भविष्य की दिशा इस पर निर्भर करेगी कि दोनों देश अंतरिम समझौते को व्यापक आर्थिक साझेदारी में कैसे बदलते हैं। सरकार को चाहिए कि वह घरेलू विनिर्माण क्षमता, निर्यात विविधीकरण और आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन बढ़ाने पर ध्यान दे।

### प्रसंगवश

## अवैध खनन: सख्त कार्रवाई व कड़ी निगरानी की जरूरत

देश के कई हिस्सों में अवैध खनन केवल पर्यावरण की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह कानून व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। हाल ही में हरियाणा के पानीपत जिले के इसराना क्षेत्र में घटी घटना ने इस समस्या की गंभीरता को उजागर कर दिया। एसआई सुरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ खनन चेकिंग ड्यूटी पर थे, जब उन्हें सूचना मिली कि बिना ई-रवन्ना या अनुमति के मिट्टी का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। पुलिस टीम ने गाड़ी नंबर एसआर 6, 4384 को रोका, लेकिन चालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद जो घटनाक्रम सामने आया, उसने न केवल प्रशासन बल्कि पूरे समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया।

जब पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए गाड़ी को आरटीए पार्किंग भेजने का निर्णय लिया, तो आरोपियों ने खुलेआम पुलिस की कार्रवाई में बाधा डाली। रास्ते में एक अन्य वाहन को आगे लगाकर पुलिस की गाड़ी रोकी गई, सिपाही को जबरन नीचे उतारा गया और जब्त की गई गाड़ी छीनकर फरार हो गए। इतना ही नहीं, जाते-जाते मिट्टी को सड़क पर खाली कर दिया गया और पुलिस को धमकी दी गई कि 'पंगा मत लेना।' यह केवल एक गाड़ी छीनने की घटना नहीं है, बल्कि यह राज्य की कानूनी व्यवस्था को खुली चुनौती है।




कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार


अवैध खनन लंबे समय से देश के विभिन्न राज्यों में फल-फूल रहा है। यह गतिविधि नदियों, खेतों और सार्वजनिक भूमि को नुकसान पहुंचाती है। इससे भू-क्षरण बढ़ता है, जलस्तर प्रभावित होता है और पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ता है, लेकिन जब अवैध खनन करने वाले तत्व पुलिस या प्रशासन पर ही हमला करने लगें, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक संकेत है। यह दर्शाता है कि कुछ लोगों में कानून का भय कम हो रहा है और वे संगठित तरीके से प्रशासन को चुनौती देने का साहस जुटा रहे हैं।

ऐसी घटनाओं के पीछे अक्सर आर्थिक लालच और संगठित गिरोहों की भूमिका होती है। अवैध खनन से त्वरित लाभ मिलता है, इसलिए इसमें शामिल लोग जोखिम उठाने को तैयार रहते हैं। कई बार स्थानीय स्तर पर दबाव, राजनीतिक संरक्षण या सामाजिक प्रभाव के कारण भी इन तत्वों के हौसले बुलंद रहते हैं। जब सख्त और त्वरित दंडात्मक कार्रवाई नहीं होती, तो यह संदेश जाता है कि कानून से बच निकलना संभव है। यही कारण है कि बार-बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं।

भारतीय कानून में सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने, पुलिस पर हमला करने और अवैध खनन जैसे अपराधों के लिए प्रावधान मौजूद हैं। भारतीय दंड संहिता के तहत सरकारी कर्मचारी के कार्य में बाधा डालना दंडनीय अपराध है। अवैध खनन के लिए खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम के तहत भी सख्त प्रावधान हैं। इसके बावजूद यदि जमीनी स्तर पर इन कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं होता, तो उनका अस्तित्व मात्र कागजी बनकर रह जाता है। कानून का उद्देश्य केवल सजा देना नहीं, बल्कि अपराध को रोकना भी होता है। जब दंड का भय समाप्त हो जाता है, तो अपराधी तत्व निर्भीक हो जाते हैं। इस प्रकार की घटनाएं पुलिस बल के मनोबल पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। जो कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर ड्यूटी निभाते हैं, यदि उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाए या उनके साथ धक्का-मुक्की कर सरकारी वाहन छीना जाए, तो यह न केवल व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि पूरे तंत्र की प्रतिष्ठा पर आघात है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## 'मैडमैन सिद्धांत' को ब्रह्मास्त्र बनाते ट्रंप






अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ


आज समूची दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। कई देशों में वातावरण पूर्णतया अशांत तो कुछ में युद्ध के बादल मंडराने की आशंका बलवती है। ऐसे माहौल के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार ठहराया जाना कहीं से गलत नहीं दिखता। दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति बनने के बाद बाद ट्रंप का रवैया 'मैडमैन सिद्धांत' को फलीभूत करते दिख रहा है। अर्थात ट्रंप उक्त थ्योरी को अपना ब्रह्मास्त्र बनाते दिख रहे हैं। ट्रंप भले ही 'मैडमैन' कुटनीति न करने की बात कहें, किंतु 'अमेरिका प्रथम' नीति उन्हें ऐसे नेता के रूप में पेश कर रही है, जो सैन्य शक्ति व आर्थिक प्रतिबंधों के दम पर अन्य देशों पर दबाव बना रहा है। वे ईरान में सत्ता परिवर्तन कराने को आतुर तो हैं ही, ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर भी काफी अकुलाए हुए हैं। वेनेजुएला पर अमेरिका का कब्जा भी संदर्भित सिद्धांत का ही एक उदाहरण है।

अजीब तरह का व्यवहार करना, तर्कहीन बातें करना, विरोधी देशों में अकारण डर पैदा करते रहना व उलूल-जुलूल बातों से विश्व को भ्रमित करते रहना 'मैडमैन' कुटनीति की श्रेणी में आता है। इसे भू-राजनीतिक रणनीति के रूप में भी देखा जा सकता है। वास्तव में, किसी देश को उल्टी-सीधी बात से डराकर अपना उल्लू सीधा कर लेना ही 'मैडमैन' कुटनीति है। सनकी होने व तर्कहीन उद्गार व्यक्त करने का नाटक करने वाले डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की ही राह पर चल निकले हैं।

जान लें, 'मैडमैन' कुटनीति वर्ष 1973 में निक्सन ने उत्तरी-दक्षिणी वियतनाम युद्ध के समय चली थी। निक्सन ने अपने सहयोगियों से कहा था कि उसे अनाप-शनाप बात करने वाला 'पागल आदमी' के रूप में प्रचारित करो। माहौल बना दो कि परमाणु बटन दबाकर राष्ट्रपति निक्सन उत्तरी वियतनाम को नेस्तनाबूद कर देगा। मजे की बात यह कि वियतनाम उसकी चाल में नहीं फंसा और उक्त युद्ध में मुंह की खाने के बाद अमेरिका को वहां से दुम दबाकर भागना पड़ा था।

> दूसरे कार्यकाल में ट्रंप का रवैया 'मैडमैन सिद्धांत' को फलीभूत करते दिख रहा है। 'अमेरिका प्रथम' नीति उन्हें ऐसे नेता के रूप में पेश कर रही जो सैन्य शक्ति व आर्थिक प्रतिबंधों के दम पर अन्य देशों पर दबाव बना रहा है।

अपने यहां एक मुहावरा है- 'सठिया जाना' यानी 60 बरस के बाद किसी व्यक्ति की मानसिक स्थिति का प्रभावित हो जाना। 79 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप की हरकतें भी कुछ ऐसे ही हालात बयां कर रही हैं। स्वयं को वेनेजुएला का राष्ट्रपति मान बैठना, ईरान पर हमले को रोजाना बयान देना, रूस और चीन के अलावा उत्तर कोरिया के खिलाफ विषवमन करते रहना, भारत-पाकिस्तान युद्ध को रुकवा देने की क्रेडिट के लिए लगातार गाल बजाते रहना, पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी का अमेरिका बुलाकर अपने साथ भोजन कराना, यूरोप के देशों से संबंध तोड़ लेने की धमकी देना, ग्रीनलैंड को खरीद लेने या उस पर कब्जा कर लेने का दंभ भरते रहना और अपने अधीनस्थ कार्मिक महिला को अपनी पत्नी सरीखी सुंदरी बताने की बयानबाजी ट्रंप के 'मैडमैन' कुटनीति की ही बानगी है।

बीते शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रंप टैरिफ को अवैधानिक घोषित करने का निर्णय देना और शनिवार को ट्रंप द्वारा उसको मानने से इनकार करते हुए 10 प्रतिशत की जगह 15 प्रतिशत कर देना भी 'मैडमैन' डिप्लोमेसी का ही उदाहरण है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्णय को ट्रंप द्वारा हास्यास्पद, खराब और देश के लिए अहितकर बताना भी ट्रंप की मानसिकता का परिचायक है। 'मैडमैन' सिद्धांत के संदर्भ में निकोलो मैकियावेली ने कहा था कि कभी-कभी 'पागल' होने का नाटक करना भी बुद्धिमानी होता है। अपने को ऐसा दर्शाते रहना अस्थायी जीत भी दिला सकती है।

मैकियावेली की बात डोनाल्ड ट्रंप पर लागू होते दिख रही है। कहा जाता है कि 'जो गरजते हैं वे बरसते नहीं।' व्हाइट हाउस की नित बयानबाजी भी गरजते रहने की श्रेणी में ही है। अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास अब अविश्वसनीय बयानबाजी का केंद्र बन गया है। वहां से जो बयान 'आज' जारी हो रहा है वह 'कल' पूरी तरह बदल जा रहा है। पूंजीवाद के समर्थक अमेरिका तथा साम्यवाद को मानने वाले रूस के बीच दशकों तक वैचारिक, राजनीतिक व आर्थिक संघर्ष चला था। वर्ष 1947 से 1991 के मध्य दोनों देशों में चले 'शीत युद्ध' से पूरा विश्व ही प्रभावित रहता था।

वर्ष 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिका अपनी 'चौधराहट' बढ़ाने पर अमादा हो चला है, लेकिन रूस और चीन उसकी राह में सबसे बड़ी बाधा अभी भी बने हुए हैं। तत्कालीन शीत युद्ध के रणनीतिकार एल्सबर्ग व थामस शेलिंग भी 'मैडमैन' कुटनीति के पहरुए माने जाते रहे। दोनों का मानना था कि अपने को विश्व का चौधरी मान बैठने वाला नेता यदि विश्व को यह दिखाए कि वह किसी भी देश के खिलाफ कभी भी कठोरतम कदम उठा सकता है, तो सामने वाले देश का भयभीत हो जाना लाजिमी है।

कह सकते हैं, 'मैडमैन' सिद्धांत पूरी तरह डर का ही खेल है। ट्रंप विरोधी देशों के साथ इसी प्रकार की चाल चल रहे हैं। वर्ष 2002 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश ने ईरान, ईराक और उत्तर कोरिया को 'बुराई की धूरी' वाला देश कहा था। बाद में सीरिया, लीबिया व क्यूबा को भी जोड़ा गया था। संदर्भित देश अमेरिका की आंख की किरकिरी आज भी बने हुए हैं। रूस और चीन आए दिन अमेरिका के वर्चस्व को चुनौती देते रहते हैं। लाख टके का सवाल यह कि 'मैडमैन' कुटनीति का प्रणेता बने अमेरिका को क्या 'बुराई की धूरी वाला देश' नहीं कहा जाना चाहिए? अपने देश को छोड़कर विश्व के अनेकानेक देशों को प्रत्येक रूप में विचलित करने वाले अमेरिका को क्या कठघरे में नहीं खड़ा किया जाना चाहिए? ट्रंप का कार्यकाल जनवरी 2029 में समाप्त होगा। 'मैडमैन' कुटनीति को वे और धार देंगे या विरोधी देश उसे कुंद कर देंगे, यह आने वाला समय ही बताएगा।

### आमने सामने



इस देश में रहना है तो वंदे मातरम् कहना पड़ेगा, वरना गांधी को साथ लेकर पाकिस्तान चले जाओ। हमारे लिए आंबेडकर काफी हैं। गांधी भारत के राष्ट्रपिता नहीं हैं। वह पाकिस्तान के राष्ट्रपिता हैं। हम उन्हें अपना राष्ट्रपिता नहीं मानते।
**–बसनगौड़ा पाटिल यतनल**
बीजेपी विधायक, कर्नाटक

यह बयान गांधी जी के योगदान का अपमान है। गांधी जी ने पूरे देश को आजादी दिलाई। पाकिस्तान का विभाजन ब्रिटिश नीतियों का नतीजा था। बीजेपी ऐसे विधायकों पर कार्रवाई क्यों नहीं करती?
**–प्रियांक खरगे**
काबीना मंत्री
कर्नाटक सरकार



## अंक आधारित शिक्षा संस्कृति बदलने की जरूरत




डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर


फरवरी–मार्च का महीना आते ही देश के लाखों घरों में एक अलग सी गंभीरता उतर आती है। पढ़ाई की मेज़ पर किताबों का ढेर बढ़ जाता है, दीवारों पर चिपके परीक्षा कार्यक्रम घर की दिनचर्या तय करने लगते हैं और बातचीत का केंद्र एक ही विषय रह जाता है- बोर्ड परीक्षा। दसवीं और बारहवीं की ये परीक्षाएं हर साल आती हैं, लेकिन इनके साथ जुड़ा तनाव और सामाजिक दबाव भी लगभग उतनी ही नियमितता से लौटता है, दरअसल यह सिर्फ छात्रों की परीक्षा नहीं होती; यह परिवारों, विद्यालयों और पूरे सामाजिक परिवेश की मानसिकता की भी परीक्षा होती है।

हमारी शिक्षा संस्कृति में बोर्ड परीक्षाओं को एक निर्णायक मोड़ की तरह देखने की परंपरा रही है। परिणाम आते ही प्रतिशत के आधार पर बच्चों की पहचान तय कर दी जाती है। कुछ अंक ऊपर-नीचे होते ही किसी को मेधावी, किसी को औसत और किसी को कमजोर मान लिया जाता है। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे बच्चों के मन में यह धारणा बना देती है कि उनका पूरा भविष्य कुछ अंकों पर टिका हुआ है। यहीं से परीक्षा, सीखने की स्वाभाविक प्रक्रिया न रहकर सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाती है।

किशोरावस्था का समय अपने आप में संवेदनशील होता है। यही वह दौर है, जब बच्चे अपनी क्षमताओं को पहचान रहे होते हैं और आत्मविश्वास विकसित कर रहे होते हैं। ऐसे समय में बोर्ड परीक्षा उनके सामने पहली बड़ी सार्वजनिक चुनौती बनकर आती है। परिणाम केवल परिवार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि रिश्तेदारों, पड़ोसियों और समाज की चर्चा का विषय बन जाता है। स्वाभाविक है कि ऐसी स्थिति में बच्चों के मन में चिंता और दबाव बढ़ता है और कई बार यह दबाव पढ़ाई से अधिक उनके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है।

> हमारी शिक्षा संस्कृति में बोर्ड परीक्षाओं को निर्णायक मोड़ की तरह देखा जाता है। कुछ अंक ऊपर–नीचे होते ही किसी को मेधावी और किसी को कमजोर मान लिया जाता है।

यहां एक बुनियादी सवाल खड़ा होता है, क्या कुछ घंटों की परीक्षा में मिले अंक किसी छात्र की पूरी योग्यता तय कर सकते हैं? शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक जुटाना नहीं, बल्कि समझ, कौशल और व्यक्तित्व का विकास करना है, लेकिन जब पूरी चर्चा अंकों तक सिमट जाती है, तो सीखने की प्रक्रिया पीछे छूट जाती है और प्रतिस्पर्धा आगे आ जाती है।

नई शिक्षा नीति बहुआयामी मूल्यांकन, कौशल आधारित शिक्षा और सतत आकलन की बात करती है, लेकिन सामाजिक व्यवहार अब भी अंकों को ही अंतिम सत्य मानने का आदी है। यह विरोधाभास ही परीक्षा के आसपास अनावश्यक दबाव पैदा करता है। परीक्षा के समय बच्चों पर इस दबाव का असर साफ दिखाई देता है। उनकी नींद कम हो जाती है, दिनचर्या असंतुलित हो जाती है और आत्मविश्वास की जगह चिंता ले लेती है। कई बार मेहनती छात्र भी परीक्षा कक्ष में अपने ही डर से हार जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि समस्या पढ़ाई की कमी नहीं, बल्कि दबाव की अधिकता है।

जब मन आशंकाओं से भरा होता है, तो याद की हुई बातें भी स्पष्ट नहीं रह पातीं, इसीलिए तैयारी का अर्थ केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखना भी है। ऐसे समय में बच्चों के लिए संतुलित तैयारी सबसे जरूरी होती है। नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, हल्की शारीरिक गतिविधि और समझ के साथ की गई पढ़ाई, ये सभी बातें उनकी क्षमता को बेहतर बनाती हैं। बिना रुके घंटों पढ़ना हमेशा बेहतर परिणाम नहीं देता; बल्कि संतुलित और समझ पर आधारित तैयारी ही आत्मविश्वास पैदा करती है। परीक्षा के दिनों में यह समझना जरूरी है कि शरीर और मन दोनों को साथ लेकर चलना ही असली तैयारी है।

इस दौर में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अधिकांश माता-पिता बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं, लेकिन कई बार यही चिंता दबाव में बदल जाती है। तुलना, अपेक्षाओं की लगातार चर्चा या परिणाम को लेकर डराने वाली बातें, बच्चों के मन में असुरक्षा पैदा करती हैं। इसके विपरीत, घर का शांत वातावरण, भरोसे से भरी बातचीत और नियमित दिनचर्या बच्चों को मानसिक स्थिरता देती है। जब बच्चे यह महसूस करते हैं कि उनका मूल्य केवल अंकों से नहीं तय होगा, तो वे अधिक सहज होकर अपनी तैयारी पर ध्यान दे पाते हैं।

शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। स्कूलों की रैंकिंग, टॉपर सूचियां और प्रतिशत आधारित प्रतिष्ठा की होड़ कई बार बच्चों को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा में धकेल देती है। शिक्षा का उद्देश्य जहां समझ विकसित करना होना चाहिए, वहां परिणाम संस्थानों की साख का पैमाना बन जाता है। यदि स्कूल परीक्षा को सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा मानकर चलें और काउंसलिंग, संवाद तथा समय प्रबंधन पर ध्यान दें, तो दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है।

शिक्षकों की भूमिका इस समय और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। वे केवल विषय पढ़ाने वाले व्यक्ति नहीं रहते, बल्कि छात्रों के मार्गदर्शक बन जाते हैं। एक शिक्षक का संतुलित व्यवहार, परीक्षा से पहले दिए गए व्यावहारिक सुझाव या एक भरोसा दिलाने वाला वाक्य, ये सब बच्चों के मनोबल को मजबूत करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## राजा की ऊंची दीवार

किसी ने किसी दिन राजा को बताया कि किसी देश में विश्व की सबसे लंबी दीवार स्थित है। बस फिर क्या था! राजा का मन मचल गया। उसने मन ही मन कुछ ठान लिया, जिसका परिणाम यह हुआ कि राजा ने फौरन आदेश दिया कि विश्व की सबसे ऊंची दीवार का निर्माण उसके राज्य में किया जाए।




अनूप मणि त्रिपाठी
लेखक


'महाराज! उसकी हर ईंट पर आपका नाम भी लिखा हो, तो क्या कहने!' एक दरबारी ने सुझाव दिया।

राजा को यह सुझाव पसंद आया।

'नाम ईंट के दोनों ओर होना चाहिए!' दूसरे दरबारी ने भी सुझाव दिया, जोकि राजा को बहुत भाया।

'आपने एक महत्वपूर्ण पहलू की ओर ध्यान दिलाया!' राजा ने उसकी प्रशंसा की और स्वयं पर लहालोट भी हुआ कि उसने एक से बढ़ कर एक नगीने जमा कर रखे हैं अपने दरबार में!

फिर क्या था, दीवार उठनी शुरू हो गई। चूंकि इसमें राजा का पर्सनल इंटरेस्ट था, तो निर्माण कार्य में दिन-दुगुनी रात चौगुनी प्रगति हो रही थी। प्रति दिन राजा दीवार के निरीक्षण के लिए जाता। सब ठीक-ठाक चल रहा था। कुछ ही दिनों में दीवार आकाश को चूमने लगी। वह ऊंची से ऊंची और ऊंची होती चली गई।

आज राजा दीवार देखने के लिए पुनः पहुंचा है। राजा जिसे देखकर मुग्ध हो रहा है। इतनी ऊंची दीवार को अगर कोई उसके पास आकर उसे देखे तो गर्दन अकड़ के रह जाएगी!

'महाराज एक बात का डर है!' मंत्री बोला।

'किस बात का!' राजा ने दीवार को निहारते हुए पूछा।

'महाराज आप यहां दीवार उठा रहे हैं और वहां खलबली मची हुई है!' मंत्री बोला।

'कहां!' राजा चौंका।

'स्वर्ग लोक में!'

'मैं समझा नहीं!'

'देवताओं को डर है, कहीं यह दीवार स्वर्गलोक तक न पहुंच जाए!'

मंत्री की बात सुनकर राजा हंसा।

बातों-बातों में राजा दीवार पर बहुत प्यार से हाथ फेरने लगा। वह हाथ फेर ही रहा था कि दीवार हिली और देखते ही देखते राजा के ऊपर ढह पड़ी, जिसके नीचे राजा दब गया। लोगों ने देखा, राजा का नाम लिखी ईंटें उसी के ऊपर लदी हुई हैं। **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## पनपते विवाद और जनाधार का गणित

यूजीसी, शंकराचार्य विवाद और बटुक अपमान जैसे तमाम मामलों ने बटने-कटने की साजिश रच दी है! ऐसी चिंगारियां दिखने लगी हैं जो समाज को बांटने की आग लगाना चाहती हैं। लगातार एक के बाद एक जातियों के बटवारे के मुद्दे पैदा हो रहे हैं। यदि ये सब नहीं संभाला गया तो इसका सीधे असर राजनीतिक नफा-नुकसान की तस्वीर पेश करेगा। खासकर यूपी के 2027 विधानसभा चुनाव में पीडीए की राजनीति चमकेगी और भाजपा द्वारा जातियों को जोड़कर हिंदुत्व एकता की सफलता का राजनीतिक लाभ विफलता की ओर फिसल सकता है।

इतिहास गवाह है कि हिंदू समाज कि एकजुटता से भाजपा मजबूत हुई है और मंडल कमंडल की राजनीति में मंडल भारी पड़ा है। तीन-चार दशक पहले राम मंदिर आंदोलन से लेकर मोदी-योगी युग में पिछड़ों-दलितों का विश्वास जीत कर ही भाजपा ने सत्ता हासिल की है, लेकिन भाजपा के साथ सवर्ण हर दौर में रहा है। खासकर भाजपा के दुर्दिन में साथ देने वाला एकमात्र सवर्ण ही था। जाति जनगणना से लेकर यूजीसी तक अगड़ों के चेहरे पर शिकन साफ नजर आने लगी है।




नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार


ब्राह्मण, ठाकुर, कायस्थ, वैश्य समाज ने एकजुट होकर भाजपा को जिताने के लिए जब-जब अपना जोश दिखाया तब-तब दलित और पिछड़ा वर्ग भी हिंदुत्व व राष्ट्रवाद की गाड़ी को रफ्तार देने के पहिए बन गए। इंजन की शक्ति के बिना पहिए गाड़ी को रफ्तार नहीं दे सकते हैं। सवर्ण वर्ग की संख्या भले ही कम हो, लेकिन ये दांत की तरह हैं। बत्तीस दांतों में एक-दो दांत भी टूटें तो सब दांत कमजोर पड़ जाएंगे। सवर्ण भाजपा को लेकर ढीला पड़ा तो पार्टी का संपूर्ण जनाधार ढीला पड़ जाएगा।

आम नागरिक इन बातों को समझते हैं, तो पार्टी के चाणक्य ये बात नहीं समझ पा रहे हों ऐसा संभव नहीं है। तो फिर यूजीसी से लेकर शंकराचार्य, बटुकों के साथ दुर्व्यवहार जैसे मुद्दे क्यों गर्म होने दिए जा रहे हैं? उत्तर प्रदेश जहां से भाजपा ने हिंदुत्व की ताकत को जन्म दिया, बरसों से अपने पैर जमाए जातियों की राजनीति को हाशिए पर डाला, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नारा- 'बटोगे तो कटोगे' ने न सिर्फ यूपी में बल्कि देश के तमाम राज्यों में चुनावी सफलता दिलवाई। उस योगी के यूपी में कभी ब्राह्मण-क्षत्रिय तो कभी अगड़ा-पिछड़ा की राजनीतिक साजिशों की आहट कैसे सुनाई पड़ रही है? केंद्र सरकार ने यूजीसी का विवाद पैदा होने से पहले अपनी जड़ों के बारे में क्यों नहीं सोचा?

माना सियासत में जीत के लिए जनाधार का पूरा गिलास भरना जरूरी होता है, लेकिन भाजपा के गिलास का आधार (अपर कास्ट) ही कमजोर हो जाए तो गिलास भरा नहीं जा सकता। क्या दलितों के बिना ब्राह्मण और मुस्लिम समाज के जनाधार से बसपा चुनावी सफलता हासिल कर सकती है! मुस्लिम समाज के समर्थन के बगैर सपा की जीत की कल्पना भी करना मुश्किल है। भाजपा को ये समझना होगा कि वो भले ही दलितों-पिछड़ों का दिल जीतने में जान लगा दे, पर सवर्ण समाज के बिना भाजपा अस्तित्वहीन हो जाएगी!

बिना आधार के कुछ संभव नहीं। नींव के बिना इमारत नहीं खड़ी की जा सकती। बिना पेंदे के कोई बर्तन उपयोग में नहीं लाया जा सकता, जड़ के बिना पेड़ नहीं और बिना सवर्ण के भाजपा चुनावी वैतरणी नहीं पार सकती।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



# होलाष्टक : अशुभ काल या आध्यात्मिक साधना का अवसर



डॉ. विपिन शर्मा
ज्योतिषाचार्य

होली का त्योहार हिंदू धर्म में न केवल रंगों के उल्लास, बल्कि गहरी आध्यात्मिक मान्यताओं का भी प्रतीक है। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन किया जाता है। पूर्णिमा से आठ दिन पूर्व यानी फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तक होलाष्टक कहलाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान ग्रहों का नकारात्मक प्रभाव बढ़ जाता है और वातावरण में उग्रता रहती है, जिसके कारण समस्त मांगलिक व शुभ कार्यों पर पूर्णतः विराम लग जाता है। होलाष्टक की यह अवधि हमें संयम और भक्ति का संदेश देती है, जो अंततः होलिका दहन की अग्नि के साथ समाप्त होती है।

### वर्जित कार्य

- किसी भी उद्देश्य के लिए भवन का निर्माण करना
- गृह प्रवेश करना
- सगाई अथवा विवाह करना
- वाहन क्रय करना
- कुआं, जलाशय आदि खुदवाना
- मुंडन संस्कार करना
- किसी भी व्रत का आरंभ और उद्यापन करना
- नवविवाहिता वधु का प्रवेश
- देव प्रतिमा की स्थापना करना
- यज्ञोपवीत संस्कार
- मंत्र दीक्षा लेना
- कर्ण वेध

### नैमित्तिक कर्म

जो कार्य पहले शुरू किए जा चुके हैं। उन कार्यों को जारी रखा जा सकता है। नित्य एवं नैमित्तिक कर्म किए जा सकते हैं। इनके अतिरिक्त सूतिका स्नान आदि कार्य जिनकी अवधि निश्चित होती है, वे कार्य किए जा सकते हैं। इसके साथ ही नित्य की पूजा-पाठ किए जा सकते हैं।

### होलाष्टक और ग्रहों का संबंध

होलाष्टक के आठ दिनों में सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि और राहु का प्रभाव विशेष रूप से तीव्र होता है। यह समय अधिकतर शुभ कार्यों के लिए निषेध माना गया है, लेकिन ग्रह शांति और आत्मिक उन्नति के लिए अत्यंत उपयुक्त होता है।

### होली से पहले किए जाने वाले उपाय



- हनुमान जी की विशेष पूजा करें। मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी को चमेली के तेल का दीपक जलाएं और 'ॐ हनुमते नम:' का 108 बार जाप करें। इससे मंगल और शनि के अशुभ प्रभाव कम होंगे।
- आर्थिक तंगी से छुटकारा पाने के लिए पीपल के वृक्ष पर आठ दिन तक जल चढ़ाएं और 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करें। घर के मुख्य द्वार पर गंगाजल और गौमूत्र का छिड़काव करें, इससे नकारात्मक शक्तियां दूर रहेंगी और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।
- शत्रु बाधा और बुरी नजर से बचने के लिए होलिका दहन से पहले 7 लाल मिर्च और 7 लौंग अपने ऊपर से उताराकर के जलती हुई होलिका में डालें। अपने घर के मुख्य द्वार पर सरसों के तेल का दीपक जलाएं और 'ॐ दुं दुर्गायै नम:' मंत्र का 21 बार जाप करें।
- ग्रह कलेश और कुंडली दोष निवारण के लिए होलाष्टक में प्रतिदिन सूर्य को जल अर्पित करें और 'ॐ सूर्याय नम:' का 11 बार जाप करें। कुंडली में राहु-शनि की दशा हो, तो शिवलिंग पर जल, कच्चा दूध और काले तिल अर्पित करें।
- परिवार में सुख-शांति के लिए घर में सात्विक भोजन बनाएं और ब्राह्मणों या जरूरतमंदों को भोजन कराएं। 'ॐ नम: शिवाय' का 108 बार जाप करें, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होगी। घर में समृद्धि के साथ सात्विक वातावरण बनेगा।

### क्यों माना जाता है अशुभ

होलिका दहन से पहले प्रहलाद पर अनेक अत्याचार किए गए थे, जिनकी पीड़ा के कारण इन आठ दिनों को नकारात्मक ऊर्जा से भरा माना जाता है। इस दौरान किए गए अशुभ कार्यों का प्रभाव लंबे समय तक रहता है।

**कुंडली उदाहरण :** यदि किसी जातक की कुंडली में शनि नीच का हो और राहु लग्न में हो, तो होलाष्टक के दौरान शनि, राहु और केतु से संबंधित उपाय करने चाहिए, जैसे- सरसों के तेल का दीपक जलाना और महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना।

### सिर्फ अशुभ न मानें

सामान्यत: इस अवधि को अशुभ मानकर मांगलिक कार्यों के लिए वर्जित रखा जाता है, परंतु इसे केवल 'अशुभ' कहना उचित नहीं होगा। वास्तव में, होलाष्टक आध्यात्मिक उन्नति और आत्मशुद्धि का एक विशिष्ट अवसर है। पौराणिक और ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस समय ग्रहों का स्वभाव उग्र होता है, जिससे बचने के लिए भौतिक कार्यों को रोककर ध्यान, मंत्र जाप और तप पर बल दिया जाता है। यह समय ध्यान, मंत्र जाप और ग्रहों की शांति के लिए उत्तम है। जो भी इन उपायों को करेगा, उसके जीवन में सुख-समृद्धि का वास होगा और नकारात्मक ग्रह दोष समाप्त होंगे।

# कुंडली में मंगल दोष को ऐसे करें दूर



अनिल सुधांशु
आध्यात्मिक लेखक

हमारी कुंडली में मंगल अनुकूल न हो, तो हमें मंगल के कारण कष्ट हो सकते हैं। मंगल शनि, राहु, केतु या हर्षल की दृष्टि में हो, वक्री हो या कुंडली में दूसरे, चौथे, छठे, सातवें, आठवें या बारहवें भाव में हो, तो मंगल अच्छे फल देने में असमर्थ होता है और वैवाहिक जीवन में असंतोष, सुख की कमी, अच्छी आय न होना, जीवन में सफलता न मिलना जैसे बुरे परिणाम देखने को मिलते हैं। इसलिए, इन कष्टों से मुक्ति पाने के लिए मार्कण्डेय पुराण में वर्णित मंगल कवचम् का प्रतिदिन तीन बार पाठ करना चाहिए।




**मंगल अशुभ होने के लक्षण:** ज्योतिष के अनुसार, मंगल ग्रह के खराब होने के लक्षणों में अत्यधिक गुस्सा, चिड़चिड़ापन, आत्मविश्वास की कमी, शारीरिक कमजोरी, बार-बार चोट लगना, रक्त संबंधी समस्याएं (जैसे बीपी), वैवाहिक जीवन में कलह, कानूनी विवाद और करियर में संघर्ष शामिल हैं, संतान न होना, होकर मर जाना, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, जिससे व्यक्ति आलस्य महसूस कर सकता है और महत्वपूर्ण निर्णय लेने में हिचकिचाता है। यह लक्षण व्यक्ति के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

**धार्मिक और ज्योतिषीय उपाय :** मंगलवार को हनुमान जी को सिंदूर, चमेली का तेल, गुड़-चना चढ़ाएं और 'ॐ हं हनुमते नमः' या 'ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः' मंत्र का जाप करें। 21 मंगलवार का व्रत रखें और नमक का सेवन न करें। साथ ही लाल मसूर दाल, गुड़, भुने चने, तांबा और लाल अनाज ज़रूरतमंदों को दान करें।

**मंगल मंत्र पूजा:** मंगल देव के कई मंत्र हैं, जिनमें मुख्य हैं बीज मंत्र 'ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः', जो मंगल दोष निवारण और शक्ति के लिए है।

**मुख्य मंगल देव मंत्र:** ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः , यह मंत्र साहस, शक्ति और ऊर्जा प्रदान करता है और मंगल दोष को शांत करने के लिए बहुत प्रभावशाली माना जाता है।

**जाप करने का तरीका:** मंगलवार के दिन, स्नान के बाद लाल वस्त्र पहनकर इन मंत्रों का जाप करें, लाल मूंगा या लाल सूत की माला का प्रयोग कर सकते हैं, बीज मंत्र का जाप 108 बार करने से विशेष लाभ होता है।

### पौराणिक कथा

## स्वयं मुक्त, वही मुक्तकर्ता



प्राचीन समय की बात है, एक शक्तिशाली राजा के मन में मोक्ष की तीव्र अभिलाषा जागी। उसने अपने राजपंडित को दरबार में बुलाया और एक कठिन चुनौती रखी। राजा ने कहा, "मैंने सुना है कि शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को मात्र सात दिनों में श्रीमद्भागवत सुनाकर जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त कर दिया था। मैं आपको एक माह का समय देता हूं, आप मुझे मोक्ष का मार्ग दिखाएं। यदि आप सफल हुए तो पुरस्कृत होंगे, अन्यथा आपकी संपत्ति जब्त कर आपको मृत्युदंड दिया जाएगा।"

राजपंडित शास्त्रों के ज्ञाता तो थे, परंतु उनके पास वह आत्मिक अनुभव नहीं था, जो किसी को संसार के मोह-पाश से मुक्त कर सके। राजा की आज्ञा ने उनकी रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया। मृत्यु का भय और असफलता की चिंता, उन्हें भीतर ही भीतर खाए जा रही थी। उनकी इस दशा को उनके युवा पुत्र ने भांप लिया। जब पुत्र को कारण ज्ञात हुआ, तो वह बिल्कुल विचलित नहीं हुआ। उसने शांत स्वर में कहा, "पिताजी, आप चिंता छोड़ दें। राजा से कहें कि वे मुझे अपना गुरु स्वीकार करें और मेरे निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का वचन दें।" राजपंडित को पुत्र की बातों में एक आशा की किरण दिखी।

अगले दिन दरबार में भारी भीड़ उमड़ी। राजपंडित का पुत्र शांत मुद्रा में राजा के सम्मुख खड़ा था। उसने राजा को वचन की याद दिलाई और एक मजबूत रस्सी मंगवाई। दरबार में सन्नाटा छा गया, जब बालक ने आदेश दिया, "राजा को इस खंभे से कसकर बांध दिया जाए।" राजा अपने वचन से बंधा था, इसलिए उसने विरोध नहीं किया। इसके तुरंत बाद, बालक ने अपने पिता को भी दूसरे खंभे से बंधवा दिया। पंडित जी अपने बेटे की इस 'मूर्खता' पर क्रोधित थे, पर तभी पुत्र ने कहा, 'पिताजी, अब आप राजा के बंधन खोल दीजिए।' राजपंडित झुंझलाकर चिल्लाए, "अरे मूर्ख! क्या तू देख नहीं सकता कि मैं स्वयं बंधा हुआ हूं? जो स्वयं बंधा हो, वह दूसरे के बंधन कैसे खोल सकता है?" यही वह क्षण था, जिसका बालक को इंतजार था। राजा की आंखों में चमक आ गई। वह समझ गया कि जो राजपंडित स्वयं पद, धन और मृत्यु के भय की रस्सी से बंधा है, वह उसे संसार की माया से कैसे मुक्त कर सकता है? राजा ने विनम्रता से कहा, "गुरुदेव, मैं समझ गया। केवल वही महापुरुष हमें संसार से मुक्त कर सकता है, जो स्वयं वासनाओं और मोह से ऊपर उठ चुका हो।" राजा ने राजपंडित को उनके दंड और भय से मुक्त कर दिया और उस बालक के चरणों में नतमस्तक हो गया।

### बोधकथा

## संस्कारों का प्रभाव



चौथी कक्षा में पढ़ने वाला नन्हा सुबोध केवल किताबों का ही नहीं, बल्कि जीवन दर्शन का भी विद्यार्थी था। रात्रि की धार्मिक पाठशाला ने उसके भीतर वे बीज बो दिए थे, जो बड़ों-बड़ों के पास नहीं होते। एक शाम नियति उसे घर से दूर ले गई और वह डाकुओं के चंगुल में फंस गया। दस लाख की फिरौती मांगी गई, घर में कोहराम मच गया, लेकिन उस अपहृत बालक के मन में एक अद्भुत शांति थी। कैद की उन अंधेरी दीवारों के पीछे भी सुबोध की दिनचर्या नहीं बदली। वह भोर में उठकर मधुर स्वर में 'ओंकार मंत्र' और 'मेरी भावना' का पाठ करता। जब डर उसे घेरने की कोशिश करता, तो वह 'बारह भावना' का चिंतन करता। वह खुद को समझाता कि यह उसके पिछले कर्मों का उदय है, इसमें किसी का दोष नहीं। उसकी यह समता और भक्ति देखकर वहां का वातावरण बदलने लगा।

शुद्ध आचरण का प्रभाव इतना गहरा था कि डाकू की वृद्ध मां का हृदय पसीज गया। सुबोध ने दो दिन तक वहां का अभक्ष्य भोजन नहीं छुआ। उसकी निष्ठा देख उस वृद्धा ने स्वयं बर्तन मांजे, पानी छाना और पूरी शुद्धता के साथ उसके लिए भोजन बनाया। सुबोध के मुख से पुण्य-पाप और धर्म की चर्चा सुन वह चकित रह जाती थी। अपने डाकू बेटे के घर आने पर उसने, उसको सब बातें बताई और लड़के को छोड़ने के लिए कहा। एक दिन डाकू ने सुबोध की परीक्षा लेनी चाही। उसने गरजते हुए बंदूक तानी और कहा, "तेरे बाप ने पैसे नहीं भेजे, अब तू मरने के लिए तैयार हो जा।" सुबोध ने शांति के साथ निर्भीकता से अपनी कमीज हटाई और सीना तानकर कहा- "मार दो! तुम केवल इस नश्वर शरीर को मिटा सकते हो, मेरी आत्मा तो अजर-अमर है।"

यह सुनकर वह दंग रह गया कि जिस मौत के डर से दुनिया कांपती है, उसे यह बालक खिलौना समझ रहा है। उसी क्षण डाकू का हृदय परिवर्तन हो गया। उसने सुबोध के पैर छुए और जुआ, मांस, मदिरा जैसे दुर्व्यसनों का सदा के लिए त्याग कर दिया। अंततः सुबोध अपने घर लौटा, लेकिन वह अपने पीछे एक बदला हुआ इंसान छोड़ आया था। वह डाकू बाद में इतना वैरागी हुआ कि उसने स्वयं को शिक्षा और समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। इस कथा से सीख मिलती है कि संस्कार केवल शब्दों में नहीं, आचरण में होने चाहिए। यदि हमारे भीतर 'भेद-विज्ञान' (आत्मा और शरीर का अंतर) की स्पष्ट समझ हो, तो हम बड़ी से बड़ी विपत्ति में भी अडिग रह सकते हैं।

### महत्वपूर्ण व्रत

## आमलकी एवं रंगभरी एकादशी



**दिनांक-** 27 फरवरी

**एकादशी व्रत का महत्व**

आमलकी एकादशी का व्रत मुख्य रूप से भगवान विष्णु को समर्पित होता है, लेकिन इसका एक विशेष नाम इसलिए पड़ा कि इसी दिन आमल (आंवला) वृक्ष की पूजा भी होती है। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार इस वृक्ष को भगवान विष्णु का 'आध्यात्मिक आवरण' माना गया है, इसलिए इस दिन इसका पूजन अत्यंत फलदायी और शुभ माना जाता है। इसके अलावा इसको रंगभरी एकादशी भी कहा जाता है। रंगभरी एकादशी के दिन भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी के साथ ही भोलेनाथ और माता गौरी की भी पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव माता पार्वती को पहली बार काशी लेकर आए थे। रंगभरी एकादशी के दिन व्रत करने के साथ ही विधि-विधान के साथ पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही घर में सुख-समृद्धि और संपन्नता आती है।

**रंगभरी एकादशी पूजन विधि :** इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ, विशेष रूप से पीले रंग के वस्त्र धारण करें। इसके बाद एक साफ चौकी पर भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित करें। पूजा के दौरान चंदन, बेलपत्र, भांग, धतूरा और पुष्प अर्पित करें। भगवान को मिठाई का भोग लगाएं और माता पार्वती को श्रृंगार सामग्री अर्पित करें। शिव-पार्वती को गुलाबी गुलाल अर्पित कर सुहाग और सौभाग्य की कामना करें। भगवान विष्णु की भी विधिपूर्वक पूजा करें और आंवले का फल अर्पित करें। आंवले के पेड़ की पूजा कर घी का दीपक जलाना शुभ माना जाता है। भगवान शिव को खीर का भोग और ठंडाई अर्पित करें। अंत में एकादशी व्रत कथा का पाठ करें। शिव चालीसा का पाठ करें और आरती के साथ पूजा संपन्न करें।

# मनुष्य की मानसिक परिस्थितियों पर निर्भर है हार-जीत



सुनील कुमार महला
लेखक

भारतीय संस्कृति में एक अत्यंत गूढ़ और सार्थक पंक्ति कही गई है-'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' इसका आशय यह है कि जीवन में हार व जीत का वास्तविक निर्धारक बाहरी परिस्थितियां नहीं, बल्कि मन की स्थिति होती है। परिस्थितियां तो केवल माध्यम हैं, असली निर्णायक की भूमिका तो मनुष्य मन निभाता है। यदि मन डर, शंका और निराशा से घिरकर पहले ही हार मान ले, तो साधन, संसाधन और अवसर होते हुए भी पराजय निश्चित हो जाती है। इसके विपरीत, यदि मन दृढ़, साहसी, सकारात्मक और विश्वास से भरा हो, तो विपरीत परिस्थितियों में भी जीत संभव हो जाती है।

वास्तव में, जीवन की हर हार और जीत पहले मन में घटती है, उसके बाद वास्तविक जीवन में दिखाई देती है। जो व्यक्ति मन से हार जाता है, वह कभी जीत नहीं सकता, लेकिन जिसने मन में यह ठान लिया कि वह जीतेगा और हर हाल में जीतेगा, वह अंततः विजयी होता ही है। हमारी पराजय या विजय शारीरिक शक्ति पर नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता पर निर्भर करती है। जब हम मन से यह स्वीकार कर लेते हैं कि हम नहीं जीत सकते, उसी क्षण हमारी आधी शक्ति समाप्त हो जाती है। वहीं अटूट विश्वास हमें कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी रास्ता दिखा देता है।

भय मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। भय से ही चिंताओं का जन्म होता है और ये चिंताएं अक्सर अनावश्यक कल्पनाओं से उपजती हैं। जब व्यक्ति उन बातों की कल्पना करने लगता है, जो अभी घटित ही नहीं हुई हैं, तो उसके भीतर भय पैदा होता है। यही भय उसे सकारात्मक सोचने, आगे बढ़ने और पूर्ण रूप से जीने से रोक देता है। मनुष्य विशेष रूप से उन चीजों से अधिक डरता है, जिन्हें वह देख नहीं सकता। जो संकट अभी आया ही नहीं है अर्थात भविष्य की चिंता-वह मन में एक 'भूत' की तरह होता है। उसका कोई निश्चित आकार नहीं होता, इसलिए वह और अधिक डरावना प्रतीत होता है। यह अनदेखा डर व्यक्ति को भीतर ही भीतर भयभीत करता रहता है और अंततः वह बिना लड़े ही हार मान लेता है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति इन आशंकाओं से ऊपर उठकर संकल्प करता है, मेहनत करता है और संघर्ष करता है, वह बड़ी से बड़ी



कठिनाइयों को भी पार कर लेता है। इतिहास इसके अनेक उदाहरणों से भरा पड़ा है। उदाहरण के तौर पर अरुणिमा सिन्हा ने एक दुर्घटना में अपना पैर खो देने के बावजूद मन से हार नहीं मानी और विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह किया। अब्राहम लिंकन जीवन में कई चुनाव हारने के बाद भी विचलित नहीं हुए और अंततः अमेरिका के राष्ट्रपति बने।

ये उदाहरण सिद्ध करते हैं कि परिस्थितियां नहीं, मनुष्य का मन ही उसकी नियति तय करता है। वास्तव में मनुष्य मन जानता है कि संकटों से कैसे निपटना है, लेकिन मन चंचल भी होता है। नकारात्मक ऊर्जा व्यक्ति को जल्दी आकर्षित करती है और वह उन बातों को लेकर चिंतित हो जाता है, जिनका कोई वास्तविक आधार नहीं होता। वह भविष्य की चिंता और अतीत की स्मृतियों में उलझकर अपना वर्तमान खो देता है, जबकि सच्चाई यह है कि मनुष्य के नियंत्रण में केवल वर्तमान ही होता है। कहा गया है कि साम्राज्य तलवारों से नहीं, शंकाओं से टूटे हैं। जब मन में शंका प्रवेश कर जाती है, तो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति भी कमजोर पड़ जाता है। किसी भी बाहरी युद्ध को जीतने से पहले उसे मन में जीतना आवश्यक होता है। इसलिए मन में संदेह, भय और नकारात्मकता के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। मनुष्य को यह समझना चाहिए कि भविष्य में क्या होगा या क्या नहीं होगा, इसकी चिंता करना व्यर्थ है।

इंसान वास्तविक समस्याओं से तो समझौता कर लेता है, लेकिन आने वाली संभावित परेशानियों की चिंता उसे भीतर से तोड़ देती है। डर सबसे पहले मन को हराता है और जब मन हार जाता है, तो बाहरी जीत भी असंभव हो जाती है। इतिहास गवाह है कि बड़े-बड़े पतन बाहरी शत्रुओं से नहीं, बल्कि अंदर के भय से हुए हैं। महान वही होता है, जो डर के बावजूद आगे बढ़े, जो व्यक्ति केवल सामने की वास्तविकता पर ध्यान देता है और अपने कर्म करता है, वही अपने भविष्य को सही दिशा दे पाता है। इसलिए आवश्यक है कि हम अनदेखी आशंकाओं से डरने के बजाय, उन्हें समझें और विवेक से उनका सामना करें। जब इंसान अपने मन के भय से मुक्त हो जाता है, तभी वह वास्तव में स्वतंत्र होता है और यही सच्ची जीत है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,294.66 | 25,713 |
| बढ़त | 479.9 | 141.75 |
| प्रतिशत में | 0.58 | 0.55 |

सोना 1,62,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,000 प्रति किलो


अमृत विचार

कानपुर, मंगलवार, 24 फरवरी 2026

www.amritvichar.com




## बिजनेस ब्रीफ

### भारत ने मेडागास्कर को 7,000 टन फोर्टिफाइड चावल का निर्यात किया

**नई दिल्ली।** भारत ने पूर्वी अफ्रीकी देश मेडागास्कर को 7,000 टन फोर्टिफाइड चावल का निर्यात किया है। भारतीय चावल निर्यातक संघ ने सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में इसे वैश्विक पोषण और मूल्य वर्द्धित कृषि उत्पादों में नेतृत्व के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया है। उसने बताया कि संघ के सदस्य वीआई एक्सपोर्ट्स इंडिया को यह ऑर्डर प्राप्त हुआ था। चावल की इस खेप को कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने 19 फरवरी को कांडला बंदरगाह से रवाना किया। कहा गया है कि अफ्रीकी महाद्वीप अब भी कुपोषण की समस्या से जूझ रहा है।

### ओडिशा का दुर्लभ खनिज क्षेत्र 2032 तक 20 अरब डॉलर का होगा

**नई दिल्ली।** ओडिशा का दुर्लभ खनिज क्षेत्र वर्ष 2032 तक आठ अरब डॉलर से बढ़कर 18-20 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा, जबकि प्रसंस्करण और विनिर्माण का हिस्सा चार गुना हो जाएगा। एक उद्योग निकाय के अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला गया है। हाल ही में संपन्न 'ग्लोबल क्लीनटेक एक्सपो-ओडिशा 2026' में 'नेट ज़ीरो एनर्जी ट्रांज़िशन एसोसिएशन' (एनईटीआरए) के नए अनुमानों के मुताबिक, राज्य दुर्लभ खनिज क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम उठाने के लिए तैयार है। अध्ययन से पता चलता है कि ओडिशा खनिज उत्पादन मूल्य वर्ष 2025 के आठ अरब डॉलर से बढ़कर 2032 तक 18-20 अरब डॉलर होने की उम्मीद है।

### सीबीएम, खोजे गए छोटे क्षेत्रों के लिए बोली लगाने की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** सरकार ने विशेष कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) और खोजे गए छोटे क्षेत्रों (डीएसएफ) के लिए बोली लगाने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। सरकार के इस फैसले से निवेशकों को तेल और गैस नियमों में हाल के बदलावों पर विचार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के अनुसार, विशेष सीबीएम बोली दौर में कोयले की परत के नीचे से निकलने वाली संभावित गैस के लिए प्रस्तावित 13 ब्लॉक या क्षेत्रों की बोलियां अब तीन मार्च को बंद होंगी।

# गैरकानूनी ढंग से बीमा उत्पाद बेचने के बजाय अपने कारोबार पर ध्यान दें बैंक

## वित्त मंत्री ने दी चेतावनी, कहा- बीमा उत्पादों की गलत बिक्री कानून के तहत अपराध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों को बीमा सहित वित्तीय उत्पादों की गलत तरीके से बिक्री पर कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार को कहा कि यह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल को बजट के बाद संबोधित करने के उपरांत सीतारमण ने कहा, बैंकों को अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा, मैंने हमेशा से इस बात पर आपत्ति जताई है कि आप उस बीमा को बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं जिसकी आवश्यकता ही नहीं है और यह मामला आरबीआई और इरेडा के बीच फंसा रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्राहक को भ्रामक जानकारी देकर उत्पाद की बिक्री पर दिशानिर्देशों का मसौदा 11 फरवरी को जारी किया था। इसमें कहा गया है कि यदि किसी ग्राहक को गलत तरीके से उत्पाद या सेवा दी जाती है, तो बैंक को



आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में मौजूद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

ग्राहक द्वारा चुकाई गई पूरी राशि लौटानी होगी और स्वीकृत नीति के अनुसार हुए नुकसान की भरपाई भी करनी होगी। इस पर चार मार्च तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई हैं। आरबीआई ने कहा कि गलत तरीके से बिक्री पर कड़े नियम एक जुलाई से लागू होंगे।

सीतारमण ने कहा, मुझे खुशी है कि आरबीआई यह स्पष्ट मार्गदर्शन दे रहा है कि गलत तरीके से बिक्री क्यों बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संदेश, बैंकों तक जाना चाहिए कि आप गलत बिक्री नहीं कर सकते। यह भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध है। बैंकों को गैर-बैंकिंग उत्पाद बेचने के बजाय कम लागत वाली जमा या कासा (चालू खाता बचत खाता) आधार को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए।

### पहले से होता है बीमा कवर, फिर भी पॉलिसी लेने को करते हैं बाध्य

सीतारमण ने कहा कि कई मामलों में बैंक ग्राहकों को बीमा उत्पाद खरीदने के लिए कहते हैं जबकि उनके पास पहले से आवश्यक बीमा होता है। आरबीआई यह सोचकर ऐसे मामलों की निगरानी नहीं कर रहा था कि यह बीमा नियामक के दायरे में आता है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरेडा) का मानना था कि बैंक उसके प्रत्यक्ष नियमन में नहीं आते। इस नियामकीय अंतर के कारण ग्राहकों को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति गिरवी रखकर गृह ऋण लेता है, तो उससे अतिरिक्त बीमा लेने को क्यों कहा जाता है जबकि जोखिम पहले से कवर होता है। सीतारमण ने दोहराया कि बैंकों को अपने ग्राहकों की जरूरतों, उनकी वित्तीय स्थिति एवं कारोबारी चक्र को समझने पर ध्यान देना चाहिए। बैंकों का मुख्य कार्य जमा जुटाना एवं ऋण देना है।

## एयरटेल एनबीएफसी विस्तार को 20,000 करोड़ रुपये डालेगी

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) 'एयरटेल मनी लिमिटेड' के लिए बड़े विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि अगले कुछ वर्षों में इसमें 20,000 करोड़ रुपये की पूंजी डाली जाएगी।

कंपनी ने कहा कि इस पूंजी में 70% योगदान एयरटेल और शेष 30% हिस्सा प्रवर्तक समूह भारती एंटरप्राइजेज की तरफ से आएगा। एयरटेल मनी को 13 फरवरी, 2026 को आरबीआई से एनबीएफसी के रूप में काम करने का लाइसेंस मिला है। एनबीएफसी एयरटेल मनी लिमिटेड के लिए बड़ी योजनाओं की घोषणा भारत में 'ऋण अंतर' कम करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## शेयर बाजार में आई तेजी 480 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** अमेरिका में व्यापक टैरिफ आदेश रद्द होने से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वाहन और वित्तीय शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 480 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 142 अंक की तेजी दर्ज की गई।



- अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ पर फैसले से लौटा हौसला

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.95 अंक यानी 0.58 प्रतिशत चढ़कर 83,294.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 671.44 अंक चढ़कर 83,486.15 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 141.75 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 25,713 अंक पर बंद हुआ। दिन में एक समय यह 200.2 अंक चढ़कर 25,771.45 अंक तक चला गया था।

## बरेली में शुरू हुआ स्वदेशी गौवंश आनुवंशिकी एवं जीनोमिक्स के इंटीग्रेटेड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**बरेली।** प्रदेश के पशुधन एवं डेयरी क्षेत्र को नई दिशा देने की दिशा में सोमवार को बीएल कामधेनु परिसर में वनमंत्री डॉ. अरुण सक्सेना ने स्वदेशी गौवंश आनुवंशिकी एवं जीनोमिक्स के लिए इंटीग्रेटेड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया।

करीब 25 एकड़ क्षेत्र में विकसित यह एकीकृत परिसर स्वदेशी नस्लों के संरक्षण, संवर्धन और वैज्ञानिक उन्नयन के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। केंद्र में उन्नत इन विट्रो फर्टिलाइजेशन-एम्ब्रियो ट्रांसफर (आईवीएफ-ईटी) प्रयोगशाला, आधुनिक पैथोलॉजी परीक्षण प्रयोगशाला तथा जीनोमिक



विश्लेषण सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। पैथोलॉजी प्रयोगशाला के माध्यम से पशुओं में रोगों की शीघ्र और सटीक पहचान सुनिश्चित की जाएगी, जिससे जैव-सुरक्षा मजबूत होगी और पशुधन की उत्पादकता में वृद्धि होगी। जीनोमिक प्रयोगशाला नस्ल सुधार, श्रेष्ठ पशुओं की पहचान तथा वैज्ञानिक, डेटा-आधारित प्रजनन प्रणाली को बढ़ावा

- वन मंत्री डॉ. अरुण ने उद्घाटन किया, कहा- ये बड़ी उपलब्धि

देगी। वहीं आईवीएफ-ईटी तकनीक के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली स्वदेशी नस्लों के नियंत्रित एवं तीव्र संवर्धन को गति मिलेगी। वन मंत्री डॉ. अरुण ने इस मौके पर कहा कि यह केंद्र प्रधानमंत्री के 360 डिग्री समग्र विकास दृष्टिकोण से प्रेरित है। बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज़ के अध्यक्ष घनश्याम खंडेलवाल ने कहा, आज का दिन भारतीय पशुपालन क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो भारत और ब्राज़ील के बीच गहरे और सुदृढ़ संबंधों की आधारशिला पर निर्मित हुआ है।

## भारत-फ्रांस ने दोहरा कराधान बचाव करार में किया संशोधन

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस ने दोहरा कराधान बचाव करार (डीटीएसी) में संशोधन किया है। इसके तहत अब पूंजीगत लाभ पर कर कंपनी जहां स्थित है उसके आधार पर लगाया जाएगा।

इसके साथ सबसे तरजीही देश प्रावधान को भी हटा दिया गया है जिससे कराधान व्यवस्था में अधिक स्पष्टता आएगी। इस संशोधन से पहले जहां लाभांश से आय पर कर की दर 10% यानी एक समान थी, उसमें अब बदलाव किया गया है। कम से कम 10% पूंजी रखने वालों के लिए 5% और अन्य सभी मामलों में अब 15% कर लगेगा। इसमें तकनीकी सेवाओं के शुल्क की परिभाषा को भारत-अमेरिका डीटीएए के अनुरूप किया गया है।

## मेरठ में इंडिया सोलर एंड ई-व्हीकल एक्सपो 2026 का भव्य समापन

**मेरठ।** आईए भवन में आयोजित इंडिया सोलर एंड ई व्हीकल एक्सपो 2026 का सोमवार को तीसरे व अंतिम दिन भव्य समापन हुआ। कार्यदिवस होने के बावजूद यहां अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी। उद्योग, व्यापार के साथ आम लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

एक्सपो के साथ आईआईए की केंद्रीय कार्यकारिणी बैठक भी आईए भवन में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने की। बैठक में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट आलोक अग्रवाल और जनरल सेक्रेटरी दीपक बजाज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक विषयों एवं औद्योगिक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। शाम 5 बजे आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीडीओ मेरठ नूपुर गोयल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योग विभाग के अतिरिक्त निदेशक उमेश सिंह उपस्थित रहे।

### तीसरे दिन भी उमड़ी भारी भीड़




एक्सपो में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करते मुख्य अतिथि।

### माइक्रोटेक को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार

समापन अवसर पर सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार माइक्रोटेक को प्रदान किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः ल्युमिनस, लुनो और लूम को प्रदान किए गए। विजेताओं को सम्मानित कर उनके नवाचार और प्रस्तुति की सराहना की गई। तीन दिवसीय इस एक्सपो ने उद्योग, नवाचार और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए। आयोजन ने न केवल सौर ऊर्जा एवं ई-वाहनों के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उद्योग जगत, प्रशासन एवं आमजन के बीच सार्थक संवाद का भी सशक्त मंच प्रदान किया। इससे पहले मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और सौर ऊर्जा एवं ई-वाहनों को भविष्य की आवश्यकता बताया।



# जेएनयू में दो छात्र संगठनों के बीच टकराव के बाद हिंसा, कई घायल

## वामपंथी रुझान वाले छात्र संघ और विद्यार्थी परिषद के बीच आरोप-प्रत्यारोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में रविवार देर रात एक विरोध मार्च के दौरान वामपंथी और दक्षिणपंथी रुझान वाले छात्र संगठनों के बीच हिंसक झड़प के बीच पथराव हुआ जिसमें कई छात्र घायल हो गए। दोनों समूहों ने हिंसा के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में किसी भी तरह के अराजक व्यवहार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

जेएनयू परिसर में सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन के हिंसक रूप अख्तियार करने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। वामपंथी रुझान वाले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने कुलपति शांतिश्री धुलिपुडी पंडित के इस्तीफे और एक निष्कासन आदेश को रद्द करने की मांग को लेकर रविवार रात को पूर्वी गेट की ओर समता जुलूस निकालने का आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने मार्च में शामिल छात्रों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों के हमले की अनदेखी की। वाम समर्थित छात्र संगठनों की ओर से साझा किए गए वीडियो में नकाबपोश लोगों को परिसर में पथराव करते हुए देखा जा सकता है। वहीं, एबीवीपी की ओर से पोस्ट किए गए वीडियो में परिसर में हिंसा भड़कने से पहले कुछ नकाबपोश लोग लाठियों के साथ घूमते हुए नजर आ रहे हैं।



जेएनयू में विद्यार्थी परिषद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर छात्रसंघ पर आरोप लगाए।

### विवादित टिप्पणी

कुलपति शांतिश्री धुलिपुडी पंडित ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि समुदाय लगातार पीड़ित बने रहकर या पीड़ित होने का नाटक करके प्रगति नहीं कर सकते। जेएनयूएसयू ने पंडित की इन टिप्पणियों को जातिवादी और हाशिये पर पड़े समुदायों के प्रति असंवेदनशील बताया है।

### एबीवीपी ने किया पथराव : छात्रसंघ

जेएनयूएसयू ने एक बयान में कई एबीवीपी सदस्यों का नाम लेते हुए उन पर हिंसक भीड़ का नेतृत्व करने का आरोप लगाया। दावा किया कि पंडित ने विरोध-प्रदर्शन की जानकारी होने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया। एबीवीपी के सदस्यों ने प्रदर्शन स्थल पर पत्थर और ईंटें फेंकीं। उन्होंने प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे परिसर में डर का माहौल बन गया। छात्र संगठन ने कुलपति के इस्तीफे की अपनी मांग भी दोहराई है। 26 फरवरी को शिक्षा मंत्रालय तक 'लॉन्ग मार्च' का आह्वान किया है।

### हम पर किया गया हमला: एबीवीपी

एबीवीपी ने दावा किया कि वाम समर्थित समूहों के रीडिंग रूम में पढ़ रहे छात्रों पर हमले के बाद विरोध-प्रदर्शन हिंसक हुआ। लगभग 150-200 लोगों की भीड़ ने परिसर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर हमला किया। हमले के बाद कई कार्यकर्ताओं को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जेएनयूएसयू के पूर्व महासचिव वैभव मीणा ने दावा किया कि वामपंथी छात्रों ने देर रात विरोध-प्रदर्शन के दौरान वाचनालयों को बंद करने की मांग की थी और जब छात्रों ने इस पर सहमति नहीं जताई, तो वे हिंसा पर उतारू हो गए।

### छात्रों को धमकाया गया, सख्त कार्रवाई करेंगे : विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि उसने घटना का गंभीरता से संज्ञान लिया है और परिसर में किसी भी तरह के अराजक व्यवहार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जेएनयू प्रशासन ने कहा कि विरोध-प्रदर्शन कर रहे छात्रों के एक समूह ने परिसर में कई शैक्षणिक भवनों को बंद कर दिया था। वे केंद्रीय पुस्तकालय में घुस गए और उन छात्रों को धमकाया और विरोध में शामिल होने के लिए मजबूर किया, जो इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते थे। इसी वजह से 22 फरवरी की रात को परिसर में दो छात्र संगठनों के बीच झड़प हुई।

## राजकोट : ढाई किमी दायरे में 1400 अवैध बस्तियों का ध्वस्तीकरण शुरू

**राजकोट।** राजकोट नगर निगम ने सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शहर के 2.5 किमी क्षेत्र में फैली 1,400 से अधिक अवैध बस्तियों को ध्वस्त करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक इसके लिए अजी नदी के किनारे जंगलेश्वर क्षेत्र में ट्रैक्टर, डंपर और अन्य भारी मशीनरी के साथ 65 से अधिक मिट्टी खोदने वाली मशीनें तैनात की गई हैं। लोगों में इस कार्रवाई को लेकर भारी आक्रोश फैला हुआ है।

- दशकों से रह रहे लोगों में आक्रोश, कहा- पहले कोई सूचना तक नहीं दी

गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी के आदेश के बाद राजकोट नगर निगम (आरएमसी) ने जंगलेश्वर क्षेत्र में ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया। राजकोट जोन-1 की डीसीपी हेतल पटेल ने बताया कि चूंकि अवैध संपत्तियां 2.5 किमी क्षेत्र में फैली हुई हैं, इसलिए ध्वस्तीकरण अभियान तीन दिन तक चलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने पिछले दो दिनों में स्वेच्छा से अपनी संपत्तियां खाली करने का मौका दिया है। उन्होंने बताया कि लोगों को नोटिस जारी किए गए थे और ध्वस्तीकरण शुरू होने से पहले पानी तथा बिजली के कनेक्शन काट दिए गए थे।

इस कदम से इलाके के उन लोगों में भारी आक्रोश है, जो दशकों से इस यहां रह रहे हैं। कुछ ने दावा किया कि उन्हें ध्वस्तीकरण अभियान के बारे में तीन दिन पहले ही सूचित किया गया था। उन्होंने कहा कि अब उन्हें सड़कों पर रहना पड़ेगा।

# त्योहारों के बीच हवाई किराया बढ़ाना गंभीर चिंता का विषय : सुप्रीम कोर्ट

## केंद्र ने कहा- मनमानी रोकने के लिए कर रहे हैं विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि त्योहारों और छुट्टियों के बीच हवाई किराया बढ़ाना गंभीर चिंता का विषय है। कोर्ट ने इस मुद्दे पर अपने निर्णय की प्रक्रिया को पूरी करने के लिए केंद्र को चार सप्ताह का समय दिया। केंद्र ने कहा कि नागर विमानन मंत्रालय एयरलाइन कंपनियों की इस मनमानी पर लगाम लगाने के लिए विचार कर रहा है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा, यह अत्यंत गंभीर मुद्दा है। अगर ऐसा नहीं होता तो हम अनुच्छेद 32 के तहत याचिकाएं स्वीकार नहीं करते। केंद्र की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक ने कहा कि मंत्रालय को जवाब दाखिल करने को तीन सप्ताह की जरूरत है। पीठ ने दर्ज किया कि मंत्रालय ने मामले को संज्ञान में लिया है। अगली सुनवाई 23 मार्च को होगी। इससे पहले 19 जनवरी को शीर्ष अदालत ने त्योहारों और आपात स्थितियों के दौरान हवाई किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी को शोषण करार देते हुए केंद्र और डीजीसीए से जवाब मांगा था। कोर्ट ने 17 नवंबर को केंद्र, डीजीसीए और एईआरए को नोटिस जारी किए थे।



### कोयला चालित उद्योगों को एनसीआर से बाहर भेजने के प्रस्ताव पर जवाब दे केंद्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बेहतर वायु गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली-एनसीआर से सभी कोयला आधारित उद्योगों को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार के मंत्रालयों से जवाब मांगा। एनसीआर में लगातार वायु गुणवत्ता की समस्या से निपटने के लिए सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि वह वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के सुझावों के आधार पर 12 मार्च को गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण के मुद्दे की जांच करेगी। शीर्ष कोर्ट ने निर्माण और तोड़फोड़ की वजह से होने वाली धूल से निपटने के लिए सीएक्यूएम के सुझाए गए तरीकों पर सभी हितधारकों से भी जवाब मांगा। अदालत ने सरकार से इस सुझाव पर जवाब मांगा कि दिल्ली के 300 किमी के दायरे में कोई नया कोयला आधारित तापीय ऊर्जा संयंत्र न लगाया जाए। अदालत ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को एनसीआर में कोयला-आधारित उद्योगों समेत हितधारकों से सुझाव और आपत्तियां मांगने के लिए सार्वजनिक नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

### वांगचुक मामले में सुनवाई 26 तक टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रासुका के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की याचिका पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की अनुपलब्धता की वजह से 26 फरवरी तक के लिए सुनवाई टाल दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने इससे पहले केंद्र से सवाल किया था कि क्या वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति देखते हुए उनकी हिरासत पर पुनर्विचार की कोई संभावना है। केंद्र ने जवाब में कहा था कि वांगचुक को बेहतर चिकित्सा मुहैया कराई जा रही है।

## एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में विरोध प्रदर्शन के मामले में तीन और कार्यकर्ता गिरफ्तार किए

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह यहां आयोजित एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं बिना कमीज के विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में ग्वालियर से तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसके बाद मामले में गिरफ्तारियों की संख्या सात हो गई है।

आरोपियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय अखंडता के लिए हानिकारक दावे करने सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, जितेंद्र यादव, राज गुर्जर और अजय कुमार को मध्य प्रदेश के ग्वालियर से पकड़ा गया है। चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

# आंध्र प्रदेश के राजामहेंद्रवरम में मिलावटी दूध पीने से 4 की मौत

**राजामहेंद्रवरम।** पूर्वी गोदावरी जिले में एक अनधिकृत विक्रेता की ओर से बेचे गए मिलावटी दूध के सेवन से पिछले 48 घंटों में चार लोगों की मौत हो गई। दूषित दूध पीने के बाद गुर्दे खराब हो जाना और मूत्र संबंधी अवरोध होना इन लोगों की मौत का कारण बना। कई अन्य लोग इस दूध के सेवन के बाद बीमार हुए हैं। इनमें करीब 12 लोगों को गंभीर हालत में अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जहां उनकी डायलिसिस की जा रही है।

### मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों के पूरे को सरकार वहन करेगी। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा भी देंगे। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए मिलावट के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पूर्वी गोदावरी जिले की जिलाधिकारी कीर्ति चेकुरी के मुताबिक विशेष टीमें घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रहे हैं और प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को चिकित्सा सहायता दिला रहे हैं। दूध के स्थानीय विक्रेता को हिरासत में लिया गया है। कीर्ति ने मीडिया को बताया कि जिन 106 घरों में विक्रेता ने दूध बेचा वहां रक्त परीक्षण कराया जा रहा है। अब तक 73 परिवारों से नमूने एकत्र किए गए। इसी बीच, पशुपालन विभाग ने 46 मवेशियों का परीक्षण कर नमूनों को प्रयोगशालाओं में भेजा। रक्त के नमूनों से बच्चे और बुजुर्ग लोगों के ज्यादा प्रभावित होने का पता चला है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रभावित लोगों में मतली, उल्टी और कम पेशाब होना जैसे लक्षण सामने आए हैं।

- दूध पीने के बाद गुर्दों ने बंद कर दिया काम, लोगों में मतली-उल्टी के साथ पैदा हुए मूत्र संबंधी अवरोध

### तमाम लोग बीमार, 12 गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, डायलिसिस जारी



मौत का कारण बना दूध दिखाती महिला।

# सैन्य अभियान में ड्रग माफिया एल मेंचो की मौत के बाद मेक्सिको में फैली हिंसा

● मेक्सिकन सुरक्षा बलों के साथ अमेरिकी एजेंटों ने मार गिराया

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

पश्चिमी मेक्सिको में देश के सर्वाधिक वांछित ड्रग माफिया नेमेसियो ओसेगुएरा सर्वेंटेस उर्फ 'एल मेंचो' को अमेरिकी खुफिया विभाग और स्थानीय सुरक्षा बलों के एक अभियान के दौरान मार दिए जाने के बाद सोमवार को हिंसा फैल गई। ओसेगुएरा ताकतवर जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) का सरगना था।

मेक्सिकन सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में वह घायल हो गया था। इलाज के लिए विमान से ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इस अभियान के दौरान कम से कम छह अन्य लोग मारे गए और सुरक्षा बल के कई सदस्य घायल हुए। यह झड़प रविवार को जलिस्को राज्य के एक शहर तपाल्पा में हुई।

मेक्सिको के रक्षा विभाग के मुताबिक, इस टकराव के दौरान सीजेएनजी के चार सदस्य मारे गए और सेना के तीन जवान घायल हो गए। कई राज्यों में सोमवार को स्कूल बंद कर दिए गए। मेक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में देश के सुरक्षा बलों की तारीफ की और शांति बनाए रखने की अपील की।

### भारतीय दूतावास ने जारी किया परामर्श

मेक्सिको में भड़की हिंसा के मद्देनजर भारतीय दूतावास ने देश में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए सोमवार को एक परामर्श जारी किया जिसमें उनसे सावधानी बरतने और घरों के अंदर रहने का आग्रह किया गया है। मेक्सिको स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा कि मेक्सिको में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सुरक्षा अभियान जारी हैं और इससे जुड़े सड़क अवरोध एवं आपराधिक गतिविधियां हो रही हैं।

## पर्यावरण के लिए खतरनाक संकेत

# उच्च पराबैंगनी विकिरण

केरल में हाल के दिनों में पराबैंगनी विकिरण के स्तर में असामान्य बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने राज्य के कई हिस्सों में यूवी इंडेक्स 12 तक पहुंचने की सूचना दी है, जो अत्यधिक (एक्सट्रीम) श्रेणी में आता है। यह स्थिति केवल गर्मी बढ़ने का संकेत नहीं है, बल्कि यह सीधे हमारे स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक गंभीर चुनौती है। पराबैंगनी विकिरण सूर्य से आने वाली ऊर्जा का वह हिस्सा है जिसे हम अपनी आंखों से देख नहीं सकते, लेकिन इसका प्रभाव हमारी त्वचा और शरीर पर गहराई से पड़ता है। आमतौर पर, पृथ्वी की ओजोन परत इन किरणों के सबसे हानिकारक हिस्से को सोख लेती है, लेकिन जलवायु परिवर्तन और ओजोन परत के पतले होने के कारण ये किरणें अधिक तीव्रता के साथ धरातल तक पहुंच रही हैं। केरल में यूवी की स्थिति पर्यावरण के लिए एक खतरनाक संकेत है।



### इन स्थितियों में बढ़ता है यूवी स्तर

● सूर्य की स्थिति : जब सूरज सीधे सिर के ऊपर होता है (दोपहर 10 से 3 बजे), तब विकिरण सबसे अधिक होता है।

● अक्षांश : भूमध्य रेखा (ईक्वेटर) के पास के क्षेत्रों में पराबैंगनी विकिरण का स्तर हमेशा अधिक रहता है।

● ऊंचाई : ऊंचाई बढ़ने के साथ हवा पतली होती जाती है, जिससे UV किरणें कम छन पाती हैं। मुन्नार जैसे पहाड़ी इलाकों में उच्च यूवी का यही कारण है।

● ओजोन परत : ओजोन परत में कमी आने पर अधिक हानिकारक किरणें जमीन तक पहुंचती हैं।

### उच्च पराबैंगनी (यूवी) किरणें क्या हैं

● पराबैंगनी किरणें विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम का हिस्सा हैं जिनकी तरंग दैर्ध्य (वेवलेंथ) दृश्य प्रकाश से कम होती है। इन्हें तीन श्रेणियों में बांटा गया है।

● यूवीए : इसकी तरंगदैर्ध्य सबसे लंबी होती है। ओजोन परत इसे अवशोषित नहीं कर पाती है। यह त्वचा के गहराई तक जाती है और समय से पहले बुढ़ापे के लिए जिम्मेदार है।

● यूवीबी : इसकी तरंगदैर्ध्य मध्यम होती है। यह त्वचा की ऊपरी परत को जलाती है और सनबर्न के साथ-साथ अधिकांश त्वचा कैंसर का कारण बनती है।

● यूवीसी : इसकी तरंगदैर्ध्य सबसे छोटी होती है। यह सबसे खतरनाक होती है, लेकिन शुक्र है कि ओजोन परत इसे पूरी तरह सोख लेती है और यह धरती तक नहीं पहुंच पाती है।

**समस्याएं :** विकिरण बढ़ने पर सनबर्न, त्वचा रोग, झुर्रियां, त्वचा पर काले धब्बे, त्वचा कैंसर की समस्या हो सकती है।

### यूवी इंडेक्स को समझें

● 0-2 (निम्न श्रेणी) : जोखिम काफी कम रहता है, लेकिन आंखों को नुकसान से बचाने के लिए धूप का चश्मा पहनें।

● 3-5 (मध्यम श्रेणी) : इस स्थिति में छाया में रहें, सुरक्षात्मक कपड़े पहनें।

● 6-7 (उच्च श्रेणी) : सनस्क्रीन और टोपी का उपयोग अनिवार्य है।

● 8-10 (बहुत उच्च श्रेणी) : धूप में कम से कम निकलें।

● 11+ (अत्यधिक) : केरल के कुछ हिस्सों में दर्ज किया गया है। बाहर निकलने से बचें।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ट्रंप को टैरिफ पर संसद से मंजूरी लेनी चाहिए

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिका के पूर्व कार्यवाहक सॉलिसिटर जनरल नील कात्याल ने कहा कि यदि ट्रंप के टैरिफ (शुल्क) वास्तव में इतने अच्छे विचार हैं, तो उन्हें इन्हें लागू कराने के लिए अमेरिकी कांग्रेस (संसद) को मनाने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। कात्याल ने कहा कि अमेरिकी संविधान के अनुसार इतने व्यापक शुल्क उपायों को लागू करने के लिए राष्ट्रपति को विधायी स्वीकृति (कांग्रेस की मंजूरी) अवश्य लेनी चाहिए।

### किम जोंग फिर पार्टी के शीर्ष पद पर निर्वाचित

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन को सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के शीर्ष पद पर फिर से निर्वाचित किया गया है। सरकारी मीडिया ने सोमवार को बताया कि प्रतिनिधियों ने देश के परमाणु शस्त्रागार को मजबूत करने और क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने का श्रेय किम को दिया। गत गुरुवार से शुरू हुई पार्टी कांग्रेस में किम अगले पांच वर्षों के लिए अपने प्रमुख राजनीतिक और सैन्य लक्ष्यों की रूपरेखा पेश कर सकते हैं। संकेत मिल रहे हैं कि वह परमाणु कार्यक्रम को और तेज करने पर जोर देंगे।

### नासा की चंद्र रॉकेट उड़ान अप्रैल तक टली

**केप कैनवेरल।** नासा अपने विशाल चंद्र रॉकेट को अंतरिक्ष यात्रियों के सवार होने से पहले और मरम्मत के लिए इस सप्ताह फिर से हैंगर में वापस लाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, कम से कम अप्रैल तक उड़ान स्थगित रहेगी। मौसम अनुकूल रहने पर मंगलवार को केनेडी स्पेस सेंटर के परिसर में रॉकेट को वापस ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। नासा ने गुरुवार को खतरनाक हाइड्रोजन ईंधन रिसाव को बंद करने के लिए दोबारा जांच की थी। इसी दौरान रॉकेट की हीलियम प्रणाली में खराबी आ गई, जिससे आधी सदी से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों की पहली चंद्र यात्रा और टल गई।

### अलास्का तट के पास 6.1 तीव्रता का भूकंप

**अलास्का।** अमेरिका के अलास्का तट के पास सोमवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। यह जानकारी संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप जीएमटी 05:11 पर आया। इसका केंद्र निकोल्स्कोये से लगभग 86 किलोमीटर (53 मील) दक्षिण-पश्चिम में स्थित था और इसकी गहराई 25.4 किलोमीटर मापी गई। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप से किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है।

# अमेरिका के साथ मतभेदों को वार्ता के जरिए सुलझाने को ईरान तैयार

## टकराव के जोखिम के बीच गुरुवार को तीसरी बार बातचीत के लिए साथ बैठेंगे दोनों देश

● ईरानी विदेशमंत्री ने कहा, अभी भी कूटनीतिक समाधान संभव

काहिरा, एजेंसी

अमेरिका और ईरान ने परमाणु समझौते को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण के बावजूद बातचीत जारी रखने का फैसला किया है मगर अमेरिका की ओर से सैन्य तैनाती में उल्लेखनीय वृद्धि ने इस प्रक्रिया की नाजुकता और टकराव के जोखिम को उजागर किया है। ईरान के विदेशमंत्री अब्बास अराघची ने एक बार फिर कहा कि ईरान अमेरिका के साथ मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाने को तैयार है। कहा कि वह गुरुवार को जिनेवा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात कर सकते हैं और यह अब भी संभव है कि ईरान और अमेरिका के बीच कूटनीतिक समाधान निकाला जाए।

ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला दौर गुरुवार को जिनेवा में होगा। उन्होंने एक्स पर कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता इस गुरुवार को जिनेवा में तय हुई है और समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार रविवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें रचनात्मक सहभागिता और संवाद के रास्ते को अपनाने के महत्व पर जोर दिया गया, ताकि एक टिकाऊ परमाणु समझौता हासिल किया जा सके। यह बातचीत अराघची के उस बयान के बाद हुई, जिसमें उन्होंने कहा था कि तेहरान दो से तीन दिनों में संभावित परमाणु समझौते का मसौदा तैयार कर लेगा।



### समझौते को विभिन्न पहलुओं पर हो रहा काम

ईरान के विदेशमंत्री अराघची ने कहा कि दोनों पक्ष संभावित समझौते के विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहे हैं और गुरुवार को प्रारंभिक मसौदे पर चर्चा हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समझौते में ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम को मान्यता मिलनी चाहिए और अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंध हटाए जाने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय परमाणु कार्यक्रम के तहत यूरेनियम संवर्धन के अधिकार पर ईरान के अडिग रुख को दोहराया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान और अमेरिका 2015 में हुए समझौते से बेहतर परमाणु समझौता कर सकते हैं। उनके अनुसार, इस बार अत्यधिक बारीकियों में जाने की जरूरत नहीं है।

### अस्थायी समझौते को तैयार नहीं ईरान

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिकी अधिकारियों के साथ अपनी बातचीत में किसी अंतरिम समझौते के विचार का समर्थन नहीं करता है। उसने इसके बजाय प्रतिबंधों को हटाने और परमाणु-संबंधी मुद्दों को सुलझाने पर केंद्रित एक त्वरित और परिणाम आधारित समझौते की शर्त रखी है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने तेहरान में कहा कि अस्थायी व्यवस्था के बारे में सभी अटकलों का कोई आधार नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी समझौते को बातचीत की मेज पर संयुक्त रूप से आकार देना होगा। बघाई ने कहा कि ईरान वर्तमान में अपना रुख तैयार कर रहा है।

## नीदरलैंड में नई गठबंधन सरकार ने ली शपथ

**द हेग।** नीदरलैंड के राजा विलेम एलेक्जेंडर ने रॉब जेटेन के नेतृत्व वाली नई अल्पमत गठबंधन सरकार को सोमवार को शपथ दिलाई। जेटेन (38) नीदरलैंड के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अल्पमत की वजह से उन्हें चार साल का कार्यकाल पूरा करने और विभिन्न विधेयकों को पारित कराने के लिए कई मोर्चों पर समझौता करना पड़ सकता है। जेटेन तीन दलों के गठबंधन का नेतृत्व करते हैं। इसमें उनकी मध्यमार्गी डी66 पार्टी, मध्य-दक्षिणपंथी क्रिश्चियन डेमोक्रेट पार्टी और पीपुल्स पार्टी फॉर फ्रीडम एंड डेमोक्रेसी शामिल हैं।

नीदरलैंड की संसद के 150 सदस्यीय निचले सदन में सत्तारूढ़ गठबंधन के महज 66 सदस्य हैं। ऐसे में जेटेन को अपनी सरकार की ओर से पेश किए जाने वाले प्रत्येक कानून के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते विपक्षी सांसदों को भरोसे में लेना होगा। राजा विलेम एलेक्जेंडर ने आम चुनाव के 117 दिन बाद जेटेन और उनकी सरकार के मंत्रियों को द हेग स्थित शाही महल के ऑरेंज हॉल में शपथ दिलाई। राजा ने नई सरकार को अनिश्चितता के दौर में सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# एआई समिट में दुनिया ने देश की क्षमता को सराहा

● पीएम मोदी बोले-मानवता के काम आएगी हमारे युवाओं की सोच

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि हाल में हुए एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भारत के सामर्थ्य की पूरी दुनिया ने जमकर सराहना की, जिससे यह साबित होता है कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की युवा प्रतिभाओं की सोच मानवता के लिए बहुत लाभदायक होगी। पिछले सप्ताह नई दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन का समापन एआई इम्पैक्ट पर नई दिल्ली घोषणा पत्र को अपनाने के साथ हुआ, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर वैश्विक सहयोग में मील का पत्थर है।

मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली में हुए ऐतिहासिक एआई शिखर सम्मेलन में पूरी दुनिया ने भारत के सामर्थ्य की जमकर सराहना की है। इससे पता चलता है कि प्रौद्योगिकी को लेकर हमारे युवा साथियों की सोच पूरी मानवता के बहुत काम आने वाली है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के घोषणापत्र पर 89 देशों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं जो आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई के लिए एआई का लाभ उठाने पर व्यापक वैश्विक सहमति को दर्शाता है। इस शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गी पॉहमेलॉ सहित दुनिया भर के नेता और कई प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) उपस्थित थे।



### समिट में समावेशी विकास की कल्पना

सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की विषय वस्तु पर आधारित इस शिखर सम्मेलन को भारत को एआई के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में एक ऐसे भविष्य की कल्पना की गई जिसमें एआई मानवता को आगे बढ़ाए, समावेशी विकास को बढ़ावा दे और पृथ्वी के हितों की रक्षा करने में मदद करे। कार्यक्रम में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेई प्लेनकोविक, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्लै, एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस और फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो भी शामिल हुए।

# यूनुस ने मुझे पद से हटाने के लिए रची थी साजिश

● बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने लगाया आरोप

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा है कि अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मो. यूनुस ने संवैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं किया और युनूस ने उन्हें पद से हटाने के लिए साजिश भी रची । उन्होंने आरोप लगाया कि न तो उन्हें विदेश दौरों की जानकारी दी गई और न ही राज्य के मामलों पर कोई जानकारी उपलब्ध करवाई गई थी।

कालेर कंठ पेपर ने शहाबुद्दीन के हवाले से कहा कि मुख्य सलाहकार कई बार विदेश गए, लेकिन लौटने के बाद कभी राष्ट्रपति से मुलाकात नहीं की और न ही किसी तरह की लिखित रिपोर्ट सौंपी, जबकि यह उनका संवैधानिक दायित्व था। राष्ट्रपति ने कहा, मुख्य सलाहकार ने संविधान के किसी भी प्रावधान का पालन नहीं किया। जब भी वह विदेश जाते थे, उन्हें लौटकर राष्ट्रपति से मिलना और परिणामों की जानकारी लिखित रूप में देना चाहिए था। वह 14 से 15 बार विदेश गए, लेकिन एक बार भी मुझे सूचना नहीं दी। वह कभी मुझसे मिलने नहीं आए। शहाबुद्दीन ने कहा कि उस अवधि में उन्हें पूरी तरह अंधेरे में रखा गया और कोसोवो तथा कतर की उनकी दो विदेश यात्राएं भी रोक दी गयीं। तत्कालीन राजनीतिक तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि मुझे यूनुस का एक भी फोन कॉल भी नहीं आया।

# दिल्ली पुलिस ने किया अंतर्राष्ट्रीय ड्रग की तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

● पांच तस्कर गिरफ्तार, नौ करोड़ की नशीली गोलियां बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने ब्रिटेन से कथित तौर पर जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और नौ करोड़ रुपये मूल्य की 18 लाख से अधिक मनःप्रभावी गोलियां जब्त की हैं। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और जांच में एक संगठित दवा तस्करी गिरोह का पता चला जो लॉजिस्टिक कंपनियों, कूरियर सेवाओं और निर्यात के सामान के जरिए प्रतिबंधित दवाइयों को विदेश भेजता था।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने एक बयान में कहा कि यह मामला पिछले साल सात अक्टूबर का है, जब अपराध शाखा की एक टीम ने विशेष सूचना के आधार पर सरिता विहार में जाल बिछाया था और मोहम्मद आबिद (50) को गिरफ्तार किया और उसके पास से 14.472 किलोग्राम वजन की ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की 54,000 गोलियां बरामद कीं। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू की गई तो पूछताछ के दौरान पुलिस को गिरोह की आपूर्ति श्रृंखला के बारे में पता चला। आबिद ने बताया कि वह ये गोलियां अपने रिश्तेदार के दामाद जावेद खान से लेता था। अधिकारी ने बताया कि खान को 30 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान, उसने समाल्का स्थित प्रहलाद लॉजिस्टिक्स के मालिक सुनील कुमार का नाम लिया। सुनील कुमार को पिछले साल दो नवंबर को गिरफ्तार कर लिया गया और उसने विष्णु दत्त शर्मा का नाम आपूर्तिकर्ता के रूप में बताया। निर्यातक के रूप में काम करने वाले विष्णु दत्त शर्मा को भी दो नवंबर को गिरफ्तार कर लिया और उसने विकास सिंह उर्फ ईश्वर सिंह और टीसी सेदाना से अपने संबंधों का खुलासा किया। विकास सिंह को छह नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। एक अन्य सहयोगी, नौशाद उर्फ बबलू को भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज परिवार में सदस्यों के बीच प्रेम भाव बढ़ेगा। आर्थिक तंगी दूर होगी। नियमों की अनदेखी से आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है।

**तुला** – आज मन में अज्ञात भय सताएगा। महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में धीमापन रहेगा। अच्छे मित्रों के साथ संबंध खराब न होने दें।

**वृष** – आज आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। किसी बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। आपके संतुलित विचारों की लोग प्रशंसा करेंगे।

**वृश्चिक** – आज आपकी पुराने दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। आय में वृद्धि होने के प्रबल योग हैं। नई संपत्ति खरीद सकते हैं।

**मिथुन** – आज आपके खर्चे बढ़ सकते हैं। विवादित मामलों को अधिक न बढ़ने दें। आपकी कार्यकुशलता में लोग सवाल उठाएंगे।

**धनु** – आज घरेलू कार्य आपको स्थगित करने पड़ सकते हैं। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। समस्याओं का मुकाबला साहसपूर्वक करेंगे।

**कर्क** – आज व्यावसायिक यात्रा से आपको लाभ प्राप्त होगा। आत्मविश्वास के साथ आप आगे बढ़ें। प्रेम-प्रसंग को आप अत्यधिक महत्व देंगे।

**मकर** – आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रुका हुआ काम होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंह** – आज उच्च अधिकारियों से आपको दिशानिर्देश मिलेंगे। आरोप-प्रत्यारोप से बचना चाहिए। आपकी आलोचना हो सकती है।

**कुंभ** – आज वैवाहिक प्रस्तावों को लेकर जल्दबाजी न करें। स्वच्छता का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति का शिकार हो सकते हैं।

**कन्या** – आज आपकी दिन की शुरुआत अच्छी होगी। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। नया रोजगार आप शुरू कर सकते हैं।

**मीन** – आज कमीशन संबंधी व्यवसाय से लाभ प्राप्त होगा। बच्चे पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

# एनएचआरसी ने बंधक मामले में विदेश मंत्रालय ने पूछी राय

● थाईलैंड में भारतीय श्रमिकों को बंधक रखने का मामला

भुवनेश्वर, एजेंसी

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने थाईलैंड में एक नियोक्ता द्वारा बंदी बनाए गए ओडिशा के छह श्रमिकों के संबंध में विदेश मंत्रालय की राय पूछी है। सोमवार को यहां जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। आयोग ने एक खबर पर स्वतः संज्ञान लिया कि केंद्रपाड़ा और भद्रक जिलों के छह लोगों को पिछले छह महीने से थाईलैंड में बैंकॉक के पास एक इलाके में नियोक्ता द्वारा प्रताड़ित किया गया।

यह घटना 17 फरवरी को तब सामने आई जब पीड़ितों ने अपनी दुर्दशा का वर्णन करते हुए एक वीडियो रिकॉर्ड किया। आरोप के अनुसार, उन्हें एक कारखाने के अंदर कैद कर दिया गया और उनके नियोक्ता द्वारा शारीरिक, साथ ही, मानसिक यातना दी गई। बयान में कहा गया कि आयोग ने पाया है कि समाचार की सामग्री, यदि सच है, तो यह पीड़ितों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। इसलिए, उसने विदेश मंत्रालय से टिप्पणी करने को कहा है कि क्या वे पीड़ितों के परिवारों को कोई सहायता प्रदान कर सकते हैं। प्रतिक्रिया एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित है। पीड़ित अगस्त 2025 में एक ठेकेदार के माध्यम से थाईलैंड गए थे, जिसने उन्हें अच्छे वेतन के साथ अच्छी नौकरी दिलाने का वादा किया था।

भारत की बढ़ी प्रतिष्ठा | फरहान अख्तर निर्मित फिल्म को बाल एवं पारिवारिक श्रेणी में मिला सम्मान

# मणिपुरी फिल्म बूंग ने जीता बाफ्टा पुरस्कार

● मणिपुरी पृष्ठभूमि पर निर्मित है हास्य-ड्रामा पर आधारित फिल्म

लंदन, एजेंसी

फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित एक अलग अंदाज वाली मणिपुरी पृष्ठभूमि की हास्य-ड्रामा फिल्म 'बूंग' ने रविवार को लंदन में सर्वश्रेष्ठ बाल और पारिवारिक फिल्म की श्रेणी में प्रतिष्ठित बाफ्टा पुरस्कार जीता। इस फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में पहली बार हाथ आजमा रही लक्ष्मीप्रिया देवी ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए मणिपुर में शांति के लिए भावुक अपील की।

उन्हें यह पुरस्कार पैडिंगटन द म्यूजिकल के मुख्य किरदार पैडिंगटन बियर से मिला। उनके साथ निर्माता फरहान अख्तर, रितेश सिधवानी और सहायक निर्देशक राहुल शारदा मौजूद थे। देवी ने कहा, यहां तक पहुंचना उस पहाड़ की चोटी पर पहुंचने जैसा लगा, जिसे चढ़ने के बारे में हमें पहले पता ही नहीं था। उन्होंने कामना की कि मणिपुर में शांति लौटे और विस्थापित बच्चों, जिनमें फिल्म के बाल कलाकार भी शामिल हैं, को फिर से उनकी खुशी मिलें। गुगुन किपगेन और बाला हिजाम अभिनीत इस फिल्म ने लिलो एंड स्टिच, आर्को और जूट्रोपोलिस 2 जैसी फिल्मों को पीछे छोड़कर यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल किया। बाफ्टा पुरस्कार के 2026 संस्करण का आयोजन थेम्स नदी के किनारे रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया गया।



फिल्म बूंग के लिए पुरस्कार प्राप्त करते एलन मैकएलेक्स, फरहान अख्तर, पैडिंगटन बेयर, लक्ष्मीप्रिया और रितेश सिधवानी।

### मोदी ने कलाकारों को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) के ईई बाफ्टा फिल्म पुरस्कारों की बाल और पारिवारिक श्रेणी में मणिपुरी फिल्म 'बूंग' को पुरस्कार मिलने पर इस फिल्म से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी है।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 24 फरवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी 07.01 तक तत्पश्चात अष्टमी 25 फरवरी 04.51 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- कृत्तिका 15.07 तक तत्पश्चात रोहिणी।

### सुडोकू -71

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 6 | | | 8 |
| | | 9 | 5 | | | | 1 | |
| | 2 | | | 1 | | 6 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | 9 |
| | | | | 9 | | 2 | | 7 |
| | | 3 | | 2 | | | 4 | |
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | 1 | | 9 | 5 | | 8 | | |

### सुडोकू - 70 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 |



> स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को बेअसर साबित करने के लिए बस शांत दिमाग, सीमित मूवमेंट और मजबूत इरादे की जरूरत थी। अगर वह खराब गेंद डालता है तो हम उसे दूर खेल सकें। गेंद ज्यादा स्पिन भी नहीं हो रही थी तो यह सही रणनीति थी।
>
> –डेविड मिलर


# स्टेडियम

कानपुर नगर, मंगलवार, 24 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


### सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| इंग्लैंड-पाकिस्तान | शाम 7 बजे |

### हाईलाइट

## जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे श्रीकांत-तन्वी

**मुल्हेम आन डेर रुर (जर्मनी)।** अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा मंगलवार से यहां शुरू हो रहे जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पिछले सत्र में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 में उप विजेता रहते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन खिताब जीतने में नाकाम रहे। महिला एकल विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज 16 साल की तन्वी पहले दौर में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी।

## केन्या ओपन में 48वें पर रहे शुभंकर

**नैरोबी।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने अंतिम दौर में तीन अंडर 67 का शानदार स्कोर बनाकर यहां मैजिकल कीनिया ओपन में संयुक्त 48वां स्थान हासिल किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी वीर अहलावत (69) संयुक्त 53वें स्थान पर रहे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू कट में जगह बनाने से चूक गए थे। दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता। उन्होंने अपने साथी खिलाड़ी डेविस ब्रायंट को पीछे छोड़ा। शर्मा ने 10वें होल से शुरुआत करते हुए अपने पहले नौ होल में एक बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाईं।

## पीएचएफ के अध्यक्ष ने नई समिति नियुक्त की

**लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के अंतरिम अध्यक्ष ने राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ताओं और कोचिंग स्टाफ को बर्खास्त करके एक नई समिति गठित की है। एफआईएच प्रो लीग के लिए पुरुषों की टीम के हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे से जुड़े विवाद ने पीएचएफ के कुप्रबंधन को उजागर किया था। पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम को कैनबरा पहुंचने पर होटल में प्रवेश करने से रोक दिया गया क्योंकि बकाया बिलों का भुगतान नहीं होने के कारण बुकिंग रद्द कर दी गई थी। खिलाड़ियों को सामान के साथ घंटों तक सड़कों पर भटकना पड़ा था।

# वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को 107 रनों से रौंदा




शिमरॉन हेटमायर।

### सुपर-8 मुकाबला

- हेटमायर का तूफानी अर्द्धशतक
- गुडाकेश मोती ने किए 4 शिकार

**मुंबई, एजेंसी**

शिमरॉन हेटमायर और रोवमैन पावेल के अर्धशतक के बाद गुडाकेश मोती और अकील हुसैन के फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में सोमवार को यहां जिम्बाब्वे को 107 रनों से रौंद दिया।

वेस्टइंडीज के 255 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम बाएं हाथ के स्पिनर मोती (28 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 17.4 ओवर में 147 रन पर सिमट गई। बाएं हाथ के स्पिनर हुसैन ने 28 रन देकर तीन जबकि मैथ्यू फोर्ड ने 27 रन देकर दो विकेट चटकाए। जिम्बाब्वे की ओर से ब्रेड इवांस ने 21 गेंद में पांच छक्कों और दो चौकों से सर्वाधिक 43 रन बनाए। उनके अलावा डियोन मायर्स (28) और कप्तान सिकंदर रजा (27) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

हेटमायर ने इससे पहले दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 34 गेंद में सात छक्कों और इतने ही चौकों से 85 रन की पारी खेलने के अलावा रोवमैन पावेल (59 रन, 35 गेंद, चार चौके, चार छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 गेंद में 122 रन की साझेदारी करके वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 254 रन तक पहुंचाया जो टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। शेरफेन रदरफोर्ड ने भी 13 गेंद में दो छक्कों और तीन चौकों से नाबाद 31 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जिम्बाब्वे की ओर से रिचर्ड नगारवा और ब्लेसिंग मुजरबानी ने क्रमशः 47 और 42 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। रजा ने तीन ओवर में 52 रन लुटाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिम्बाब्वे की शुरुआत खराब रही और टीम ने 20 रन के स्कोर तक तीन विकेट गंवाए। ताडिवनाशे मरुमानी (14) ने मैथ्यू फोर्ड की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप बैकवर्ड प्वाइंट पर हेटमायर को कैच थमाया जबकि अगले ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन ने सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट (05) को बोल्ड करने के बाद रेयान बर्ल को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। टूर्नामेंट में दो अर्धशतक जड़ने वाले बेनेट प्रतियोगिता में पहली बार आउट हुए। डियोन मायर्स (28) ने फोर्ड और हुसैन पर छक्के जड़े। उन्होंने गुडाकेश मोती पर चौके के साथ सातवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। टोनी मुनयोंगा और रजा ने इसके बाद पारी को संभाला। मुनयोंग ने मोती जबकि रजा ने शमार जोसेफ पर छक्का जड़ा और 10 ओवर में वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 87 रन तक पहुंचाया।

# खराब फॉर्म से जूझ रहे एक बल्लेबाज को बाहर कर सकती है भारतीय टीम

## दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद चिंता बढ़ी, अगले दोनों मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे

**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारतीय टीम प्रबंधन खराब फॉर्म में चल रहे तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज को बाहर कर सकता है, जबकि शीर्षक्रम में कई खब्बू बल्लेबाजों को उतारने की अपनी रणनीति की भी समीक्षा करेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी रियान टेन डोइशे और सितांशु कोटक ने यह संकेत दिए।

दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में भारत को 76 रन से हराया। अब भारत को अगले दोनों मैच जीतने होंगे लिहाजा टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा (चार मैचों में 15 रन) और तिलक वर्मा ( पांच मैचों में 107 रन ) के प्रदर्शन पर विचार करना होगा। रिंकू सिंह भी फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके हैं और 29 गेंदों में 82. 75 की स्ट्राइक रेट से 24 रन बनाये हैं।

बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा अगर मुख्य कोच और टीम प्रबंधन को लगता है कि हमें कुछ अलग करना होगा तो हम करेंगे। अब इस पर विचार हो रहा है कि अगर हमें बदलाव करना है तो वह क्या होगा और कैसे होगा। उन्होंने कहा अब हम ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं, कि हमें यह सोचना होगा कि कुछ अलग करना है या उसी संयोजन से काम करना है। वहीं टेन डोइशे ने स्वीकार किया कि टीम में बैकअप में विशेषज्ञ बल्लेबाजों का अभाव चिंता का विषय है। उन्होंने कहा या तो आप उन्हीं खिलाड़ियों को चुनते हैं जो आपको लगता है कि पिछले डेढ़ साल में अच्छा खेल रहे हैं, भले ही अभी रन नहीं बना पा रहे हैं। या फिर बदलाव करके संजू सैमसन को लाते हैं जो शानदार खिलाड़ी है और शीर्षक्रम में दाहिने हाथ का बल्लेबाज होने से भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा अगले दो अहम मैचों से पहले सैमसन को शामिल करने के बारे में अगले कुछ दिन में बात की जाएगी। अभिषेक और तिलक का फॉर्म टीम के लिये चिंता का विषय है। उन्होंने कहा मैं अभि या तिलक के लिये बहाना नहीं बनाऊंगा। उन्हें बहानों की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि पेट के संक्रमण से अभिषेक की तैयारियों पर काफी असर पड़ा है और वह वैसे नहीं खेल पा रहा, जैसे खेलना चाहिये था। यह पूछने पर कि उसे क्या सलाह देंगे, कोटक ने कहा बल्लेबाजी कोच होने के नाते मेरा मानना है कि उसे जरूरत से ज्यादा सलाह देने की बजाय उसके दिमाग को व्यवस्थित रहने दें। दो दिन में आप कुछ बदल नहीं सकते बल्कि जरूरत से ज्यादा सलाह देने से उसका आत्मविश्वास हिल सकता है। उसे अभी गेंद को देखकर अपनी पारी को बेहतर बनाना होगा।



भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन।

### अक्षर पटेल को बाहर रखने के फैसले को टेन डोइशे ने रणनीतिक बताया

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में उपकप्तान अक्षर पटेल को बाहर रखने के फैसले की काफी आलोचना हो रही है, लेकिन भारतीय टीम के सहायक कोच रियान टेन डोइशे और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से रणनीतिक कारणों से लिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 76 रन से हराया और वॉशिंगटन सुंदर बल्ले तथा गेंद दोनों से फ्लॉप रहे जिन्हें अक्षर की जगह उतारा गया था। टेन डोइशे ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हमने पिछले कुछ दिन में अंतिम एकादश पर काफी मंथन किया। हम मैच अप पर विचार कर रहे थे। वैसे अक्षर को उतारने का फैसला सही लग रहा था, लेकिन हमें आठवें बल्लेबाज के रूप में अक्षर की जरूरत थी। यह फैसला उसी आधार पर लिया गया। उन्होंने कहा



अक्षर की नेतृत्व क्षमता और अहमियत हम सभी जानते हैं। इस फैसले का मतलब उसे कमतर आंकना बिल्कुल नहीं है। बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा कि अक्षर को मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस फैसले के बारे में अच्छी तरह समझाया था। उन्होंने आईसीसी मिश्रित जोन में कहा सूर्या और गौतम दोनों ने इस फैसले के बारे में अक्षर से बात की थी। वॉशिंगटन को खिलाने का यही कारण था कि उनके शीर्ष पांच में तीन खब्बू बल्लेबाज थे और हमें लगा कि एक आफ स्पिनर को खेलना चाहिए।

# भारत को परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए

**अहमदाबाद, एजेंसी**



- पूर्व दिग्गज बल्लेबाज गावस्कर ने अति आत्मविश्वास और अहंकार को त्यागने की दी सलाह

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टी-20 विश्व कप के मैच से सबक लेकर अपने अहं का त्याग करना चाहिए और अति आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरकर हर गेंद को बाउंड्री के बाहर भेजने के बजाय परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए।

गावस्कर ने जिओ स्टार से कहा भारतीय बल्लेबाजों को ब्रेविस और मिलर की साझेदारी से सीख लेकर इस तरह का दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत थी। भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा नहीं किया। वे अति आत्मविश्वास के साथ उतरे, हर गेंद पर बल्ला चलाया और विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका खेल के हर विभाग में भारत से अव्वल साबित हुआ। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर 20 रन था, लेकिन इसके बाद मिलर और ब्रेविस ने 97 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका सात विकेट पर 187 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई।

गावस्कर ने कहा भारत ने दक्षिण अफ्रीका से कोई सबक नहीं लिया। भारतीय बल्लेबाज क्रीज पर उतर कर हर गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे। टी-20 क्रिकेट ऐसे नहीं खेला जाता। उन्होंने कहा आपको विपक्षी टीम से सीख लेनी चाहिए थी। अगर उन्होंने इस तरह की मुश्किल पिच पर अच्छा स्कोर किया है तो आपको अपना अहं त्यागकर उनकी पारी का विश्लेषण करना चाहिए था और परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी करनी चाहिए थी।''''

भारत ने पावर प्ले के अंदर अपने शीर्ष तीन बल्लेबाजों ईशान किशन (00), अभिषेक शर्मा (15) और तिलक वर्मा (01) के विकेट गंवा दिये थे। गावस्कर ने कहा तिलक वर्मा बेहद चतुर बल्लेबाज है लेकिन इस मैच में उनके खेलने के तरीके से मैं निराश था। तिलक को क्रीज पर कुछ समय बिताना चाहिए था। उन्हें साझेदारी निभाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए था। भारत का अगला मुकाबला जिंबॉब्वे से होगा और गावस्कर ने कहा कि वह अक्षर पटेल को अंतिम एकादश में देखना चाहते हैं।



इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकॉलम, सेलेक्टर ल्यूक राइट व कप्तान हैरी ब्रूक।

# इंग्लैंड-पाक मैच में स्पिनरों पर फोकस

- इंग्लैंड की टीम अभी तक नहीं कर सकी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
- पाकिस्तान का पहला मुकाबला धुल चुका है बारिश से

**पल्लेकल, एजेंसी**

धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच पर इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में मंगलवार को जब आमने सामने होंगी तो फोकस स्पिन गेंदबाजों पर रहेगा।

इंग्लैंड की टीम अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है, लेकिन दो बार की चैम्पियन टीम जीत की राह पर लौटी है। सुपर आठ चरण के पहले मैच में श्रीलंका को 51 रन से हराया, जिससे उसका नेट रनरेट भी बेहतर हुआ है और वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर का बचाव करते हुए इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हालात के अनुरूप खेला। उसके स्पिनरों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी उपयोगी रहे।

लेग स्पिनर आदिल रशीद और बायें हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी विकेट मिले । विल जैक्स ने अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी के अलावा जरूरत पड़ने पर उपयोगी पारियां भी खेली है और कई बार इंग्लैंड को संकट से निकाला।

दूसरी ओर पाकिस्तान का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला सुपर आठ मैच बारिश में धुल गया जिससे अब उसे दोनों मैच जीतने होंगे ।उसके पास उस्मान तारिक, सईम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे अच्छे स्पिनर हैं। बल्लेबाजी हालांकि चिंता का सबब है , खासकर अच्छे स्पिनरों के खिलाफ वे टिक नहीं पा रहे।

### जीत का जश्न



लंदन में इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच जीतने का जशन मनाते आर्सेनल के खिलाड़ी। टीम ने टॉटेन्हम हॉटस्पर को 4-1 से हराकर खिताब की दौड़ में फिर से जान फूंक दी। एजेंसी


# पहले वनडे में महिला टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया को फिर हराने पर

- सुबह 9:20 बजे से शुरू होगा मुकाबला
- विश्व कप के सेमीफाइनल में हराया था कीवी टीम को

**ब्रिस्बेन, एजेंसी**

टी-20 सीरीज जीत चुकी मौजूदा विश्व चैम्पियन भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी तो उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। भारत ने पिछले साल नवी मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

यह श्रृंखला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की महानतम खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली इसके बाद वनडे प्रारूप से विदा लेने जा रही हैं । भारत के खिलाफ छह मार्च से पर्थ में शुरू हो रहा टेस्ट उनके कैरियर का आखिरी मैच होगा। तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से बाहर रहने के बाद हीली की वापसी हुई है । भारत ने सीरीज 2-1 से जीती जो पिछले एक दशक में इस प्रारूप में आस्ट्रेलिया में सीरीज में उसकी पहली जीत थी। स्टार लेग स्पिनर अलाना किंग भी वनडे और टेस्ट टीम में लौटी हैं। भारत के लिए काशवी गौतम, हरलीन देयोल और प्रतिका रावल टीम में अरूंधति रेड्डी, भारती फुलमाली और श्रेयांका पाटिल की जगह आई हैं।



### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, उमा छेत्री, प्रतिका रावल, अमनजोत कौर, जेमिमा रौड्रिग्स, काशवी गौतम , हरलीन देयोल।

**आस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान ), सोफी मोलिनू, डार्सी ब्राउन, निकोला कारी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पैरी, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

रणजी ट्रॉफी फाइनल

आत्मविश्वास से भरी जम्मू-कश्मीर टीम आज से पेश करेगी चुनौती

# सितारों से भरे कर्नाटक का सामना जम्मू-कश्मीर से

**हुबली, एजेंसी**

पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर की कहानी लगन और जुझारूपन की मिसाल है लेकिन खिताब जीतने के लिएइस छिपी रूस्तम टीम को अगले पांच दिन में आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक के खिलाफ चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा।

कर्नाटक को उसके अतीत के प्रदर्शन के कारण ही प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा बल्कि इस सत्र में उसने समय समय पर प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझने के बावजूद अलग अलग हालात में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ पहले मुकाबले में खराब शुरूआत के बाद से कर्नाटक ने अपने मैदान पर और बाहर दमदार प्रदर्शन किया है । उसके स्टार बल्लेबाजों केएल राहुल, करूण नायर, देवदत्त पडिक्कल और रविचंद्रन स्मरण ने इस कामयाबी की कहानी लिखी है।



राहुल ने तीन मैचों में 457 रन, करूण ने आठ मैचों में 699 रन , पडिक्कल ने पांच मैचों में 532 रन और स्मरण ने आठ मैचों में 950 रन बनाये हैं। इससे कर्नाटक को कप्तानी में बदलाव से सामंजस्य बिठाने में भी मदद मिली। मयंक अग्रवाल की जगह पडिक्कल ने टीम की कमान संभाली और बल्लेबाजी तथा कप्तानी दोनों में खरे उतरे। इस मजबूत बल्लेबाजी क्रम का सामना हालांकि तेज गेंदबाज आकिब नबी की अगुवाई में जम्मू कश्मीर के बेहतरीन गेंदबाजों से होगा। जम्मू कश्मीर ने 67 साल पहले रणजी ट्रॉफी में पदार्पण के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है।

नबी ने इस सत्र में 55 विकेट लिये हैं और यहां पर भी पिच से शुरूआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। वैसे कर्नाटक के पास भी शानदार गेंदबाजी आक्रमण है जिसकी अगुवाई भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा करेंगे।

### कर्नाटक के कप्तान पडिक्कल को बल्लेबाजों पर भरोसा

कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल को भरोसा है कि जम्मू कश्मीर के खिलाफ मंगलवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी फाइनल में उनके बल्लेबाज अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखेंगे। देवदत्त के अलावा कर्नाटक की तरफ से केएल राहुल, करुण नायर और आर स्मरण ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे उनकी टीम फाइनल में पहुंचने में सफल रही। देवदत्त ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा एक टीम के रूप में हम सभी इस फाइनल मैच के लिए तैयार हैं। हमारी टीम को बड़े मैचों में खेलने का अनुभव है और उसके पास अच्छा कौशल है। इसलिए उम्मीद है कि हमारा अनुभव हमारे लिए काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा हमारी टीम में केएल राहुल, मयंक, करुण जैसे अन्य अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाज भी हैं। ये सभी अनुभवी हैं और वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्नाटक के बल्लेबाजों ने उत्तराखंड के खिलाफ लखनऊ में खेले गए सेमीफाइनल में दो पारियों में 1000 से अधिक रन बनाकर अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया था। देवदत्त ने कहा कि उनकी टीम को उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा एक मैच में 1000 से अधिक रन बनाना हर किसी के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली बात है। इस तरह के शानदार प्रदर्शन से केवल बल्लेबाजों का ही नहीं बल्कि गेंदबाजों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है।